
सुप्रभात
रांची, बुधवार
03.07.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 349



12 सूर्य की दूसरी कक्षा में पहुंचा अपना आदित्य एल-वन

# हाथरस सत्संग में भगदड़, 122 की मौत

## मृतकों में महिलाओं, बच्चों की संख्या अधिक, निकलने के क्रम में एक दूसरे को कुचलते गये लोग

- सत्संग नारायण सरकार उर्फ बोले बाबा का था,
- 20 हजार से अधिक श्रद्धालु जुट गये थे
- लोकसभा में पीएम मोदी ने जताया शोक
- हाइलेबल जांच कमेटी बनी, मुआवजे की घोषणा

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां साकार हरि बाबा का सत्संग ( भोले बाबा) में मची भगदड़ में अबतक 122 से अधिक लोगों की मौत की खबर है। सत्संग समाप्त होने के बाद जैसे भी भीड़ निकलनी शुरू हुई तो भगदड़ मच गयी। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है। एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ ने हादसे में अब तक 120 लोगों की मौत की पुष्टि की है। अधिकारियों मे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी है। पीएम मोदी ने संसद में हाथरस हादसे का जिक्र करते हुए दुःख जताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत सभी सभी नेतओं व राज्यों के मुख्यमंत्रियों हादसे पर गहरा शोक जताया है। यूपी सरकार ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए कमेटी बनायी है। साथ ही पीएम मोदी और सीएम योगी ने मृतकों के आश्रितों को मुआबजा देने की घोषणा की है। साथ ही आयोजकों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।



**सत्संग समाप्त होने के बाद मची भगदड़ :** हादसे को देखने वाली एक बच्ची के अनुसार दोपहर में सत्संग समाप्त होने के बाद भगदड़ मची. लोग जल्दी निकलने के चक्कर में एक दूसरे को धक्का दे रहे थे. इसी में बच्चे व महिलाएं गिर गए. इसके बाद भीड़ उनको कुचलते हुए निकलती रही. चीख पुकार के बावजूद कोई भी किसी को बचाने की कोशिश नहीं कर रहा था। जांच में पता चला है कि एसडीएम सिंकदरा राव से सत्संग की अनुमति थी। सत्संग नारायण सरकार उर्फ बोले बाबा का था। 20 हजार से अधिक लोग पहुंचे थे।

### लोकसभा में बोले मोदी

पीएम मोदी ने लोकसभा में कहा, "मारे गये लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करता हूं। पीड़ितों को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी यूपी सरकार से संपर्क में हैं। मैं सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हर तरह से मदद की जायेगी। मरने वालों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। (पेज 12 भी देखें)

### उच्चस्तरीय जांच के आदेश, मुआवजे की घोषणा

योगी सरकार ने इस मामले को ले कर उच्चतस्रीय जांच के आदेश दिये हैं। एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ की एक टीम जांच के लिए गठित की है। ये टीम हादसे के कारणों की जांच करेगी। भगदड़ के बाद बिगड़ी स्थिति को संभालने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार सिं भी हाथरस पहुंच गये हैं। दो मंत्री लक्ष्मी नारायण और संदीप सिंह भी हाथरस पहुंच रहे हैं। सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर होगी। शासन बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। सीएम ने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। कई हताहतों को हाथरस के अलावा एटा और अलीगढ जिले में शिफ्ट किया गया है।

## न्यूज डायरी

### धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर लोकसभा स्थगित

नयी दिल्ली। लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। मंगलवार को नेता सदन एवं पीएम मोदी ने चर्चा का जवाब दिया। पीएम के बयान के दौरान शोर शराबे के खिलाफ रक्षा मंत्री ने विपक्ष के कृत्य की भर्त्सना करते का प्रस्ताव रखा, जिसका गृह मंत्री ने अनुमोदन किया और बाद में सदन ने इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया।

### मेरे भाषण का अंश हटाना लोकतंत्र के खिलाफ : राहुल


नयी दिल्ली। राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही से उनके भाषण के अंश हटाने पर हैरानी व्यक्त की। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यह 'संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ' है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### लोकसभा में मोदी ने राहुल व कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा

# बालक बुद्धि, फेल होने का रिकॉर्ड...

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी को अंदाजा भी नहीं होगा कि पीएम मोदी की बारी आयेगी तो ऐसा जवाब सुनने को मिलेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन बहुत खरा-खोटा सुना दिया। लोकसभा चुनाव परिणाम में सिर्फ 99 सीटें मिलने के बावजूद कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के बुलंद हौसले पर उन्होंने तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहानियों के जरिये राहुल गांधी पर जोरदार निशाना साधा और राहुल को 'बालकबुद्धि' करार दिया। तब राहुल गांधी सामने विपक्ष की पहली सीट पर बैठे थे। राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए मोदी



ने कहा, लोकसभा चुनाव में पार्टी परजीवी बन कर उभरी है।

**सुनायी 99 मार्क्स और साइकिलवाली कहानी :** मोदी ने कहा, मुझे एक किस्सा याद आता है। 99 मार्क्स लेकर एक बालक घमंड में घूम रहा था। जब उनके टीचर आये तो पूछा किस बात की मिठाई बांट रहे हो ये 100 में 99 नहीं लाया 543 में 99 लाया है। अब उस बालक बुद्धि को कौन समझाए कि तुमने फेल होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। वह (राहुल) ऐसा जता रहे थे कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जीत गयी और भाजपा हार गयी है, लेकिन यह बालक बुद्धि है। मोदी ने फिर कहा, 'ऐसा क्यों हो रहा है, मैं अपने सामान्य जीवन के अनुभव से बता रहा हूं। कोई छोटा बच्चा साइकिल लेकर निकला है। अगर वह गिर जाता है तो रोने लगता है। तब कोई बड़ा व्यक्ति आकर उसके पास पहुंचता है और कहता है कि देखो चीटीं मर गयी। अरे तुम तो गिरे नहीं हो। ऐसा करके ध्यान भटकाकर उस बच्चे का मन बहला देते हैं। तो आजकल बच्चे का मन बहलाने का काम चल रहा है। मोदी ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की नसीहत भी दी है।

(शेष पेज 11 पर)

# झारखंड में भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

### बारिश से खेतों में भरा पानी, किसानों में खुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची-राजधानी रांची समेत झारखंड में मंगलवार को जोरदार बारिश हुई। कई जगहों पर सोमवार की देर रात से ही बारिश होती रही। मौसम विभाग की मानें, तो राज्य में 8 जुलाई तक बारिश की संभावना है। 4 जुलाई तक कई इलाकों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसे



लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। तीन और चार जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, गुमला एवं रामगढ़ जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही वज्रपात की आशंका है। इससे लोगों को सतर्क रहने कहा गया है।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में बताया है कि धनबाद और जामताड़ा जिले के कुछ भागों में अगले दो से तीन घंटे में गरज के साथ बारिश होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93000 रु./प्रति किलो |




# रिक्त सभी संवैधानिक पदों पर तीन सप्ताह में नियुक्ति

### राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में दिया शपथ पत्र, 6 अगस्त को फिर सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पिछले कई वर्षो से रिक्त पड़े सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग जैसे संवैधानिक संस्थाओं में प्रमुख पदों पर झारखंड सरकार तीन सप्ताह में नियुक्ति कर लेगी। झारखंड सरकार ने मंगलवार को हाईकोर्ट शपथ पत्र दायर कर कहा इन पदों पर तीन सप्ताह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी। इस मसले पर दायर जनहित याचिका पर 2 जुलाई को जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की



ओर से पेश टाइम फ्रेम के बाद अदालत ने 6 अगस्त को सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित कर दी है। यह जानकारी झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी। दरअसल, राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों के पद वर्षों से से खाली पड़े हैं। (शेष पेज 11 पर)

### राज्यपाल ने ममता पर ठोका मानहानि का केस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को कलकत्ता हाइकोर्ट में सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। बुधवार को मामले की सुनवाई हो सकती है। राज्यपाल ने कहा, अगर कोई मेरे सम्मान को नष्ट करने की कोशिश करेगा, चाहे वह कोई भी हो, उसे भुगतना पड़ेगा। ममता ने हाल ही में नबान्न में दो भावी विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन और विधानसभा भवन के बीच चल रहे तनाव पर कहा, था, हमें राजभवन क्यों जाना चाहिए। वह विधानसभा में क्यों नहीं आयेंगे। उन्होंने मुझसे शिकायत की कि राजभवन में जो गतिविधियां चल रही हैं, उसके कारण लड़कियां वहां जाने से डरती हैं।

# नेतृत्व परिवर्तन की आहट के बीच आज सत्ताधारी दलों की बैठक

### हेमंत भी लेंगे भाग, गुलाम अहमद मीर आ रहे हैं रांची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में अपेक्षाकृत सफलता मिलने के बाद पहली बार बुधवार को सत्ताधारी दलों के नेता, विधायक, सांसद और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एक साथ कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर बैठक करेंगे। हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने के बाद नेतृत्व परिवर्तन के आहट के बीच बैठक को कई मायनों में खास माना जा रहा है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लंबे दिनों के बाद पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भी बैठक में भाग लेंगे। बैठक में सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायक, प्पदाधिकारी के साथ साथ भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह के भी शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी भाग ले सकते हैं।

**चुनावी तैयारी पर होगी चर्चा :** पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पांच महीने बाद जेल से बाहर आये है। वह बैठक में विधायकों से सीधी बात करेंगे। झामुमो के प्रवक्ता ने कहा कि बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होगी।

(शेष पेज 11 पर)

## भाजपा ने भी तेज की तैयारी 20 को आ सकते हैं अमित शाह

रांची। झारखंड विधानसभा का चुनाव समय से पहले होने के संकेत मिलने लगे है। इसके मद्देनजर भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है। इसे लेकर भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक 20 जुलाई को आहूत की गयी है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी भाग लेने की चर्चा है। भाजपा ने बूथ से लेकर राज्य स्तर पर सांगठनिक मजबूती के लिये बैठकों का दौर शुरू किया है। वहीं, चुनाव को लेकर सत्तारूढ दलों ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

**आयोग की भी तैयारी शुरू :** विधानसभा को ले कर चुनाव आयोग ने भी तैयारी तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार सितंबर के तीसरे सप्ताह में आयोग विस चुनाव को घोषणा कर सकती है। राज्य निर्वाचन कार्यालय को भारत निर्वाचन आयोग ने संकेत दे दिये है। मतदाता सूची को अपडेट करने का काम 25 जून 2024 को आरंभ हो गया है। वोटर लिस्ट का प्रकाशन अगस्त में पूरा हो जायेगा। वोटर लिस्ट के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव के बचे हुये अन्य काम भी पूरे कर लिये जायेंगे। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा हो रहा है। इससे पहले चुनाव संपन्न करा लेना है। सूत्रों का दावा है कि झारखंड में चुनाव हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर के साथ कराया जा सकता है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 27 नवंबर को तो हरियाणा में विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर को समाप्त हो जायेगा। नियमों के अनुसार वोटिंग से 45 दिन पहले इलेक्शन की घोषणा करना जरुरी है।



## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-13, दिनांक: 28.06.2024। कार्य का नाम:** आरओयू: राउरकेला में स्टाफ क्वार्टरों के लिए ए.सी. शीट और सड़ चुके लकड़ी के दरवाजे/खिड़की तथा पीछे/सामने की तरफ मुख्य ड्रेन, चैंबर सहित सेप्टिक टैंक की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,87,89,264.26। **बयाना राशि:** ₹ 2,44,000। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-14, दिनांक: 28.06.2024। कार्य का नाम:** एडीईएन/जेएसजी के अधिकार क्षेत्र के अधीन पीएसीएल-बीईएच के बीच किमी. 495/9-11 से 498/11-13 तक समपार संख्या 250 एवं समपार संख्या 251 के डायवर्सन रोड का सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,02,59,060। **बयाना राशि:** ₹ 2,01,300। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-15, दिनांक: 28.06.2024। कार्य का नाम:** एडीईएन/जेएसजी के अधिकार क्षेत्र के अधीन बीएनडीएम-जेएसजी स्टेशनों के बीच आरसीसी बॉक्स द्वारा लैटेराइट स्टोन स्लैब ब्रिज (10 अदद) की पुनर्बहाली के लिए शेष कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,57,37,528.11। **बयाना राशि:** ₹ 7,78,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 25.07.2024 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बन्धित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/उई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-333)


## सचिवालय में सालों से जमे अधिकारी बदले जायेंगे, चल रही तैयारी

**रांची।** सालों से एक ही विभाग में जमे झारखंड सचिवालय सेवा के अधिकारियों के ट्रांसफर की तैयारी चल रही है। कार्मिक विभाग की ओर से ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है। प्राथमिकता में 10 साल से जमे अधिकारियों की है, जिन्हें बदला जायेगा। इस बार प्रशाखा पदाधिकारी और अवर सचिव से लेकर उप सचिव स्तर के पदाधिकारी भी बदले जायेंगे। कार्मिक विभाग ने तीन साल से जमे अधिकारियों की लिस्ट बना लिया है। सूत्रों के अनुसार जलसंसाधन विभाग में हाल में हुई एसीबी की कार्रवाई के बाद सरकार ने कड़ा निर्देश कार्मिक विभाग को दिया है कि 10 साल से जमे सारे अधिकारियों को चिंहित किया जाये। विगत साल भी इस तरह की कार्रवाई हुई थी, लेकिन महज 168 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया था। अब भी ऐसे 170 अधिकारी एक स्थान पर सालों से जमे हैं। इस बार इनकी सूची बन रही है, जिन्हें स्थानांतरित कर सचिवालय के दूसरे विभागों में पदस्थापित किया जायेगा। ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में भेजे जायेंगे।

### भाजपा के नेताओं ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर की टिप्पणी

# नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का स्थगित होना छात्रों की जीत: डॉ हिमंता विश्व सरमा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को स्थगित किये जाने के बाद असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व सरमा ने अपने एक्स हैडल के माध्यम से कहा कि झारखंड में पीजीटी का स्थगित होना लाखों युवाओं की जीत है। अंततः सरकार को युवाओं की मांग को स्वीकार करते हुए इसे स्थगित करना पड़ा। नियुक्तियां फ्री और फेयर की जाएं और मामले की जांच सीबीआई करे। वहीं, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने अपने एक्स हैडल के माध्यम से कहा कि सिर्फ स्थगन नहीं सीबीआइ जांच व कड़ी कार्रवाई जरूरी है। युवाओं के भविष्य से झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को खेलने नहीं दिया जायेगा। राज्य के लाखों युवाओं के हक व अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। बात सिर्फ पीजीटी परीक्षा तक सीमित नहीं है। राज्य में बड़ी साजिश के तहत नियुक्ति घोटाला झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के संरक्षण में अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे और सेटिंग करने और करवाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित होना झारखण्ड के लाखों छात्रों की जीत है।

**नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा घोटाला की जांच सीबीआई से करानी ही होगी**



इस मामले की जांच राज्य सरकार को सीबीआई से करवानी ही होगी। मालूम हो कि झारखंड सरकार ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम 3 जुलाई 2024 को तय किया था। इसमें 1500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना था। लेकिन, इस परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर एक तरफ छात्र धरना पर बैठे हैं।

## पेयजल स्वच्छता विभाग में संविदा पर नियुक्ति के विज्ञापन पर लगी रोक



**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने यह रोक फिलहाल रामगढ़ जिले में होने वाली नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन पर लगाई है। इससे पहले हाईकोर्ट देवघर जिले में निकले विज्ञापन पर रोक लगा चुका है। जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने बहस की। इस संबंध में जगन्नाथ महतो और अन्य आठ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अदालत अब इस मामले में 19 जुलाई को सुनवाई करेगा।

### राज्य परियोजना निदेशक ने डीइओ-डीएसई को दिया निर्देश

# पाठ्य पुस्तक स्कूलों तक पहुंचायें शिक्षक नहीं देंगे पैसा : एसपीडी

**रांची-जामताड़ा डीइओ को शो-कॉज, तीन दिनों में मांगा जबाव**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य परियोजना कार्यालय (जेईपीसी) की ओर से स्कूलों तक पाठ्य पुस्तक पहुंचाने के लिए प्रखंड स्तरीय कार्यालय (बीआरसी) को 500 रुपये दिये जाते हैं लेकिन प्रखंड स्तर पर तैनात अधिकारी (बीपीओ) स्कूल के शिक्षकों के दबाव बनाकर कितान-कॉपी ले जाने को विवश करते हैं। किताब-कॉपी ले जाने के क्रम में टीचर न सिर्फ परिवहन का खर्च वहन करते हैं, बल्कि माथे पर मोटिया की तरह पाठ्य पुस्तक को उठाकर वाहन पर लोड भी करते हैं। इसकी शिकायत कई स्तरों पर एसपीडी जेईपीसी आदित्य रंजन को मिली है। यही कारण है कि उन्होंने डीईओ रांची और जामताड़ा को पत्र प्राप्ति के तीन दिनों भीतर शो-कॉज का जबाव देने को कहा है। अन्यथा उन्होंने अनुशासनात्कन कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

**क्या है मामला :** राज्य के विभिन्न जिलों में प्रखंड स्तरीय कार्यालयों से स्कूलों तक किताब-कॉपी की आपूर्ति की जा रही है। किताब-कॉपी की अपूर्ति प्रखंड स्तरीय कार्यालयों से स्कूलों तक भेजने के बजाये शिक्षकों से ले जाने का दबाव दिया जा रहा है। इसके लिए शिक्षकों को पैसे भी नहीं दिये जाते हैं। शिक्षक स्कूलों में पढ़ाई छोड़कर घंटों किताब-कॉपी के लिए बीआरसी में खड़े रहते हैं। इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर एसपीडी को की गयी थी। एसपीडी ने इस मामले को गंभीरता से लेते संबंधित जिलों के डीईओ-डीएसई से पाठ्य पुस्तक की आपूर्ति हर हाल में स्कूलों तक करने को कहा है। सभी जिलों के अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर दर का निर्धारण कर सूची देने को कहा है।

### पथ निर्माण विभाग के मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कई योजनाओं को लेकर दिया निर्देश

# झारखंड के सड़क घनत्व को विकसित राज्यों के समकक्ष बनायें : बसंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को पूरे राज्य में सड़क का घनत्व बढ़ाने पर कार्य करने का निर्देश दिया है। बसंत सोरेन ने स्पष्ट किया है कि सड़क घनत्व विकसित राज्यों के समकक्ष होना चाहिए। यह बातें उन्होंने दुमका में पथ निर्माण सचिव सहित विभाग के अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता व वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में कही। बैठक के दौरान मंत्री ने योजनाओं की गुणवत्ता को उच्च स्तर पर बनाये रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि कि योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए विस्तृत टाइम लाइन बनायें। विभागीय मंत्री ने जल्द ही सड़क-पुल और फ्लाईओवर निर्माण की नई परियोजनाओं को धरातल पर लाने का काम करने को कहा। साथ ही लंबित योजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश भी दिया है।

योजनाओं की स्वीकृति से कार्य प्रारंभ होने की अवधि को न्यूनतम करें। बजट को त्रैमासिक आधार पर 100 प्रतिशत खर्च करना सुनिश्चित करें। आवंटित बजट को वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के एक माह पहले ही 100 प्रतिशत खर्च करें। कार्य प्रणाली में समय और गति पर फोकस करें। सिस्टम को मजबूत, ट्रांसपैरेंट और टाइम एंड रिजल्ट वाला बनायें और कार्य होने पर समय पर भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि एजेंसिया उत्साहित होकर कार्य करें।

## दुमका को मिलेगी बड़ी सौगात, हर खेत को पानी देने की सरकार कर रही तैयारी



**रांची।** पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने दुमका में संथाल परगना के सभी जिलों में चल रहे विकास योजानाओं की समीक्षा पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग में चल रही योजनाओं को लेकर कई निर्देश दिये। मंगलवार को दुमका में अयोजित समीक्षा बैठक के बाद पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि तीनों विभाग अपने कार्यों को लेकर संजीदा हैं। चीजों को विभाग बहुत बारीकी से देख रहा है। आने वाले दिनों में इसका असर बहुत अच्छा होगा। यहां की सड़कें और बेहतर होंगी। जल संसाधन विभाग हर खेत को पानी देने का स्कीम तैयार किया हुआ है। खेतों तक जल पहुंचाने की जो योजना है, उसे लेकर विभाग लगातार उसपर काम कर रहा है। बहुत जल्द खेतों में पानी का संचार होगा।

## दुमका में सचिवालय के लिए जमीन चिन्हित करने का दिया निर्देश

**रांची।** राज्य के जल संसाधन पथ निर्माण और भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने मंगलवार को दुमका में भवन निर्माण विभाग में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विकास की योजनाओं में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिये। भवन निर्माण विभाग के सचिव को उपराजधानी दुमका में स्थित सचिवालय के लिए उपायुक्त से समन्वय स्थापित कर जमीन देखने एवं उसे योजना को धरातल पर उतारने को निर्देश दिया। भवन निर्माण विभाग का दुमका जिला के ऑफिसर के लिए आवास स्वीकृति करने का निर्देश दिया। वहीं भवन मंत्री ने अपने आवास पर क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को भी कई दिशा निर्देश दिए। मंत्री ने पथ निर्माण और जल संसाधन विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की। संथाल परगना की सभी 6 जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक की।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम–महावीर पातर मुण्डा उम्र–21 वर्ष, रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट, 01 ईंच, पहनावा–पिला टि सर्ट एवं काला ट्राउजर।**

उपरोक्त लापता लड़का महावीर पातर मुण्डा उम्र–21 वर्ष पे0–बजरंग पातर मुण्डा, सा0–डमारी, थाना–बुण्डू, जिला–राँची, जो घर से दिनांक–28.05..24 को घर से आम जोड़ा के लिए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में बुण्डू थाना सनहा संख्या–15/24, दिनांक–02.06.24 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।


अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बुण्डू राँची। –9431706144
थाना प्रभारी बुण्डू, राँची। –9431706191

PR.NO.328399 Police(24-25):D — वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



**नाम– सोनू कुमार महतो उम्र–24 वर्ष 8 माह, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–नेवी ब्लू रंग का सर्ट ब्लू रंग का जिन्स पहने हुए**

उपरोक्त लापता लड़का सोनू कुमार महतो उम्र 24 वर्ष 8 माह पे0–स्व0 गोपाल महतो, सा0–कदमा, थाना–कॉंके, जिला–राँची, जो दिनांक–07.05.24 को घर से बीना बताए कहीं चले गये जो आजतक अपने घर नहीं लौटे है। जिसके संबंध में कॉंके थाना सनहा संख्या–15/24, दिनांक–08.06.24 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0–1 राँची। – 9431706141
थाना प्रभारी कॉंके, राँची। – 9431706185

PR 328396 Police (24-25)_D — वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

## Govt. of Jharkhand
**Department of Labour, Employment, Training & Skill Development, IMC, ITI (General), Ranchi.**

e-NIT no.:-320 **TENDER DOCUMENT**

e-Tender Reference No.: ITI(GENERAL)/01/2024-25

Date:- 01/07/2024

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

e-Tenders (online open tenders)are invited from eligible suppliers (manufacturers / authorized dealers) for supply, installation & commissioning of Machines Tools & Equipment into ITI, Ranchi, as per the schedule of requirements and technical specifications mentioned in the RFP, within a period of 30 days from the date of issue of Supply order/Work order /Award of contract with the terms and conditions in this tender.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | ITI(GENERAL)/01/2024-25 |
| 2 | Name of the Work | Selection of Agency for Supply, Delivery, Installation and Commissioning of Machine & Equipment in different ITI, Ranchi. |
| 3 | Name of the issuer of this tender | IMC ITI (GENERAL) RANCHI |
| 4 | Completion Period for Work | Within 30 days from the date of issuing of supply order |
| 5 | Date of issue of tender document and Bid submission start Date. | 02/07/2024 at 11:30 A.M |
| 6 | Last date of receiving of pre-bid queries through mail | 04/07/2024 at 04:00 P.M |
| 7 | Pre-Bid Meeting | 05/07/2024 at 03:00 P.M |
| 8 | Start and Last Date for Submission of Bids | 06/07/2024 to 15/07/2024 at 03:00 P.M |
| 9 | Technical Qualification Bidsopening Date/Time | 16/07/2024 at 03:00 P.M |
| 10 | Address of Communication | Senior Scale principal- cum- Secretary IMC ITI (GENERAL) INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE (GENERAL), ITKI ROAD ,HEHAL RANCHI -834005 |
| 11 | Tender Fee | Cost of Tender Document- Rs 5,000/- (Rs. five thousand only) (Non-Refundable) |
| 12 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 80,000/- (Eighty thousand only) (Refundable) |
| 13 | Validity of Proposal | Proposals must remain valid 180 days after the submission date. |
| 14 | Method of Selection | The method of selection is L1 (lowest bid). |
| 15 | Currency | The currency in which the Bidders may quote the price and will receive payment is INR only. |
| 16 | Bid Submission | Online through e-procurement portal https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |

Note: All bid documents must be submitted through the e-Procurement https://jharkhandtenders.gov.inportal only

Sd/-
Principal- cum- Secretary
ITI (GENERAL) INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, (GENERAL)

PR 328377 Labour Employment and Traning(24-25)#D


### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- विश्व बंधुत्व हिंदुओं के डीएनए में शामिल

# हिंदुओं ने कभी किसी धर्म-संस्कृति पर आक्रमण नहीं किया : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। वे गिरिडीह स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुओं के संबंध में असंवैधानिक, घोर निंदनीय बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सड़क और सदन में अंतर की समझ ही नही है। वे 2004 से सदन के सदस्य हैं इसलिये ये उनकी नादानी नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिश है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से असंसदीय आचरण की अपेक्षा जनता नहीं करती है। बहुत कुछ देख सुनकर भी सीखा जाता है लेकिन, कांग्रेस पार्टी अपनी आदत से लाचार है। लोकतंत्र की हत्या की साजिश करना, संसदीय मर्यादाओं को चोट करना इनके चाल चरित्र का हिस्सा है। राहुल गांधी ने पहले भी अपनी ही सरकार के कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़कर अपनी बुद्धि का परिचय दे दिया है। कांग्रेस के पी चिदंबरम, सुशील कुमार शिंदे जैसे नेता भी हिंदू को आतंकवादी बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू कभी हिंसक नही हो सकता है। हिंदू तो धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो, की बात करता है। यह हमारा सांस्कृतिक मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि ऐसे हिंदू को हिंसक, झूठा कहना देश और दुनिया के करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। इसलिये, राहुल गांधी को इसके लिये माफी मांगनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हिंदू एक ऐसी जाति है, जिसने कभी किसी धर्म संस्कृति पर हमला नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व हिंदुत्व की ओर आकर्षित हो रहा है। दुनिया के लोग खोज कर रहे हैं। भारत की प्राचीन विरासत को जानने और समझने की कोशिश कर रहे हैं। आखिर क्या था जब विश्व अज्ञान के अंधकार में था तब भारत में तक्षशिला, नालंदा जैसे उच्च कोटि के विश्विद्यालय थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर महिमा मंडित कर रहे हैं। जी 20 सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री ने दुनिया को भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि भारत नूतन भी है और पुरातन भी। कांग्रेस पार्टी तानशाही, लोकतंत्र विरोधी मानसिकता से उबर नहीं पाई है। इसीलिए राहुल गांधी सदन में आसन की ओर पीठ दिखाकर बोल रहे थे। इस अवसर पर महादेव दुबे, सुरेश साव थे।

# सदन में राहुल गांधी ने पीएम मोदी को हिन्दू धर्म का आइना दिखाया : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता हिंदू धर्म के ठेकेदार बनते हैं। हिंदू और हिंदुत्व एक विचार है इसकी कोई शुरूआत और कोई अंत नहीं। उस विचार का ठेकेदार बनने की कोशिश भाजपा की छोटी सोच वाले नेता कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस बात से स्तब्ध है कि बरसों बाद सदन में किसी ने उनके आका को आइना दिखाया है। हिंदू धर्म पर अपना स्वामित्व समझकर भाजपा इसका दुरुपयोग करते आ रही है। हिंदू धर्म नफरत और हिंसा नहीं सिखाता जबकि भाजपा के नेता इसका उपयोग हमेशा से हिंसा और नफरत को बढ़ावा देने के लिए करते रहे हैं। हिंदुत्व की विचारधारा सर्वधर्म समभाव के रूप को संसद में राहुल गांधी ने जब तस्वीरों के माध्यम से व्याख्या की तब भाजपा नेताओं को यह रास नहीं आया और पहली बार तानाशाह को सदन में खड़ा होना पड़ा।

राजेश ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी अपनी छोटी सोच से इस बड़े विचार पर कब्जा करना चाहते हैं। वह हिंदुत्व की परिभाषा की गलत व्याख्या कर अपना विचार लोगों पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस अभी तक देश की संवैधानिक संस्थाओं, जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने की लड़ाई लड़ रही थी। इस दौरान कांग्रेस ने महसूस किया कि एकता, अखंडता, भाईचारा को बचाए रखने की जिम्मेदारी तो निभानी ही है साथ ही साथ हिंदुत्व के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने वाले भाजपा से भी इस विचार को बचाना आवश्यक है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा आम जनता के जीवन से जुड़ी हुई सवालों के जवाब देने के बजाय छद्म राष्ट्रवाद और धर्म के नाम पर लोगों की भावनाओं से खेलते रही। लोकसभा चुनाव में जनता का जवाब नरेंद्र मोदी और भाजपा को मिल चुका है, बावजूद अपनी गलतियों को स्वीकारने की जगह अपने सांप्रदायिक एजेंडे पर लगातार काम कर रहे हैं। देश की जागरूक जनता भाजपा के कर्मों से वाकिफ हो चुकी है और वह अब इनके झांसे में नहीं आने वाली है।

### मनरेगाकर्मियों में अपनी लंबित मांगों को लेकर निकाली वादा निभाओ रैली

# राज्य सरकार मनरेगा कर्मियों को स्थायी नहीं करेगी तो काम करेंगे ठप : जॉन पीटर बागे

**तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संविदा संवाद एवं रात्रि चौपाल के माध्यम से मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने और वेतनमान देने का किया था वादा**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यभर के मनरेगा कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राजभवन के समक्ष मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से वादा निभाओ रैली भी निकाली और झारखंड सरकार को उनके दिये गये वादों को याद दिलाया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संविदा संवाद एवं रात्रि चौपाल के माध्यम से मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने और वेतनमान देने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद कई बार उन्हें अपनी मांग से अवगत कराया गया। वर्तमान मुख्यमंत्री को भी तीन बार भेंट वार्ता कर मनरेगा कर्मियों की समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन 4 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मनरेगा कर्मियों की मांगें पूरी नहीं हुईं। केवल निराशा हाथ लगी है। विभागीय अधिकारी एवं सियासत दोनों ने मिल कर मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम किया है। हमारा वोट पाकर सरकार में आ गये बाद में भूल गये। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सेवा का स्थायीकरण नहीं होता तो आनेवाले चुनाव में मनरेगा कर्मी इसका पूरा हिसाब करेंगे। अधिकारी संविदा कर्मियों का हित नहीं चाहते लेकिन मुख्यमंत्री तो विशुद्ध झारखंडी हैं, उनको झारखंड के नौजवानों की पीड़ा समझनी होगी, तभी झारखंड में शासन कर सकेंगे।

जॉन पीटर बागे ने कहा कि उनकी मांगे नहीं पूरी होती है तो मनरेगा का काम पूरे राज्य भर में ठप कर दिया जायेगा। आगामी विधानसभा चुनाव में वोट का भी बहिष्कार किया जायेगा। उन्होंने राज्य सरकार से स्थायीकरण, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य मांग को भी पूरा करने का आग्रह किया।

# जिसका मकान तोड़ा उसे 5 लाख मुआवजा दें: हाईकोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निजी स्वामित्व वाले भवन को ध्वस्त करने पर सख्ती दिखाते हुए पीड़ित को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। जिस भवन को ध्वस्त किया गया था उसमें पांच दुकानें भी थीं। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार की इस कार्रवाई को मनमानी मानते हुए दुकान मालिकों को 25,000 रूपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। दरअसल चतरा जिला के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद साहू की एक बिल्डिंग को जिला प्रशासन ने बिना नियमों का पालन किये तोड़ दिया। जिसके बाद राजेंद्र साहू ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई।

2011 में जिला प्रशासन ने उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किए बिना और नोटिस जारी किए बिना राजेंद्र साहू की पांच दुकानों को ध्वस्त कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि संरचना अवैध थीं और याचिकाकर्ता का भूमि पर कोई वैध दावा नहीं था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया और राज्य को आदेश दिया कि वह उसकी ध्वस्त संपत्ति के पुनर्निर्माण और उसे हुई मानसिक परेशानी के लिए मुआवजा दे। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि संपत्ति का अधिकार अब मौलिक अधिकार नहीं रह गया, लेकिन संवैधानिक और मानवीय अधिकार बना हुआ है। इसलिए कानून के अनुसार ही किसी को संपत्ति से वंचित किया जाएगा।

# सभी छह विधानसभाओं में भाजपा करेगी विजय संकल्प सभा

- आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी जमशेदपुर भाजपा
- लोकसभा स्तरीय बैठक हुई संपन्न, कार्यक्रम की रुपरेखा बनी

खबर मन्त्र ब्यूरो




कार्यक्रम को संबोधित करते कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार और बैठक में उपस्थित वरिष्ठ भाजपाई।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव कज तैयारियों में जुट गई है। इसके लिए भाजपा आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन करेगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत जमशेदपुर महानगर एवं पूर्वी सिंहभूम जिला की संयुक्त बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के मानस सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम मतदाता पुनरीक्षण, अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा एवं 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' एवं 6 जुलाई को पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को बूथ स्तर पर मनाने समेत 20 जुलाई को राजधानी रांची में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आयोजित होने वाले वृहद कार्यसमिति बैठक की व्यापक सफलता को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रदेश टोली के सदस्य नंदजी प्रसाद, अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू एवं जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य नेतागण शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सह मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रदेश टोली के सदस्य नंदजी प्रसाद ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 24 जुलाई तक मतदाताओं के पुनरीक्षण का अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत वैसे सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा जिनका नाम लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची से बाहर हो गया था। नंदजी प्रसाद ने कहा कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भागीदारी का निर्वहन करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अधिक से अधिक नये मतदाताओं को मताधिकार का अवसर प्रदान करने के लिए उनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी से पूरा करें।

वहीं, अभिनंदन विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि विजय संकल्प सभा आगामी 6 से 15 जुलाई तक जमशेदपुर लोकसभा के प्रत्येक विधानसभा में आयोजित होगी। इसके लिए भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक वोट प्राप्त किये गए बूथ अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक मंडल से 6 बूथ एवं विधानसभा से 10 बूथों को शामिल किया जायेगा। दिनेश कुमार ने कहा कि भाजपा राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन के हर कारनामों का खुलासा जनता के बीच करेगी। गठबंधन सरकार के सभी काले कारनामों और भ्रष्टाचार को एक-एक करके उजागर किया जाएगा। संकल्प सभा के जरिये राज्य की गठबंधन सरकार के कुकृत्यों, वादाखिलाफी और जमीनी हकीकत से जनता को जागरूक किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज



### अनाज नहीं मिला तो हाथी ने वाहन की खिड़की तोड़ी

**चाकुलिया।** चाकुलिया में चांडिल मुख्य बांयी नहर के सर्विस रोड पर वाहन को खड़ा कर चालक जंगल में हाथी देख रहा था। तभी अचानक से रामलाल नामक हाथी वाहन के पास आ पहुंचा। हाथी ने वाहन पर अनाज की तलाश की। अनाज नहीं मिला तो हाथी ने वाहन की। खिड़की तोड़ दी। इसी बीच हाथी देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गयी। कुछ देर बाद हाथी जंगल में चला गया।

### विमेंस सेल ने किया अनाथ आश्रम का भ्रमण



**जमशेदपुर।** रविवार को करीम सिटी कॉलेज की विमेंस सेल ने बारीडीह स्थित अनाथ आश्रम का भ्रमण किया। सेल की सदस्यों ने अनाथालय में बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ बहुमुल्य समय बिताया। इस दौरान विमेंस सेल के सदस्यों ने बच्चों के बीच स्टेशनरी और खाद्य सामग्री वितरित की। यह कार्यक्रम डॉ कौसर तस्नीम (समन्वयक, महिला सेल) के मार्गदर्शन में किया गया।

### विधायक ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मंगलवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी हल्द्बनी पंचायत में विधायक निधि से अग्रवाल कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं दूसरी और जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत परसुडीह क्षेत्र के विद्यासागर पली का विधायक मंगल कालिंदी ने विद्युत विभाग के एसडीओ के साथ दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और मौके पर ही एसडीओ से सरस्वती रोड में सडक पर लगे खंभे हटाने और 2 स्थान पर 100-100 केवि का नया ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर जगह भी चिन्हित किया गया।

### बाल ज्ञान विद्यापीठ में किया गया वृक्षारोपण

**जमशेदपर।** पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को लायंस क्लब इंटरनेशनल रीजन वन द्वारा भुईयाडीह स्थित बाल ज्ञान विद्यापीठ में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व रीजन वन के चेयरपर्सन एमजेएफ लायन नवनीत चौधरी ने किया। जिनके अंतर्गत 15 क्लब हैं और वे सभी क्लब इस महत्वपूर्ण कार्य में जुटे हुए हैं।

### इनर व्हील क्लब ने किये फलदार पौधे वितरित

**जमशेदपुर।** पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आजीविका सम्पोषन की दिशा में एक ठोस कदम उठाते हुए इनर व्हील क्लब-जमशेदपुर वेस्ट द्वारा 2 जुलाई 2024 को इस्पात नगरी से सटे हुरलुंग बस्ती में ग्रामीणों के बीच फलदार वृक्षारोपण सह पौधा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 के मंडल अध्यक्ष अलोकानंदा बक्शी के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा ग्रामीणों को 60 फलदार पौधे भेंट किये, जिसे वे सामुदायिक फल बगीचा (ऑर्चर्ड) में रोपण की।

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सड़क निर्माण रोका

**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत रापचा, बुरूडीह व कालिकापुर पंचायत के कई गांवों को जोड़ने के लिए लगभग 29 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को पिंड्राबेड़ा में ग्रामीणों द्वारा रोक लगा दी गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण में रैयतों की जमीन किस आधार पर ली जा रही है।

# दलमा इको सेंसटिव जोन और स्वर्णरिखा नदी तट के किनारे बने अवैध मकान टूटेंगे

- जांच में 206 भवन स्वर्णरिखा नदी तट के 10-15 मीटर के अंदर बनाये पाये गये
- डीसी ने अवैध निर्माण में एनजीटी गाइडलाइन के अनुपालन को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक में आवश्यक निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** दलमा वन्य आश्रयणी क्षेत्र के इको सेंसेटिव जोन तथा स्वर्णरेखा नदी के तट पर एनजीटी के गाइडलाइन के मुताबिक किसी भी प्रकार का अवैध आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं होनी चाहिए, नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य कराने वालों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। ये बातें पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल ने आधारभूत संरचना निर्माण में एनजीटी गाइडलाइन के अनुपालन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में कही।

एनजीटी के गाइडलाइन के अनुरूप दलमा वन्य आश्रयणी क्षेत्र में अवैध निर्माण की जांच और स्वर्णरेखा नदी का अतिक्रमण समेत अन्य मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जांच में 206 अवैध निर्माण ऐसे पाये गए हैं जिनमें 62 भवनों का निर्माण नदी तट के 10 मीटर के अंदर और 134 भवनों का निर्माण नदी तट के 10-15 मीटर के अंदर है, जो एनजीटी गाइडलाइन का उल्लंघन है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया कि कितने अवैध निर्माण गैर मजरुआ जमीन व रैयती जमीन में हैं।

रैयती जमीन में निर्माण के दौरान बिल्डिंग बाइलॉज का अनुपालन हुआ है या नहीं? उन्होने संबंधित अंचलाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी एवं स्वर्णरेखा परियोजना की विशेष टीम गठित करते हुए एनजीटी गाइडलाइन का उल्लंघन और विशेष रूप से अवैध निर्माण के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति का पता कर तीन दिनों में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। भवनों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों को अनदेखा नहीं किया गया हो, किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पर्यावरणीय दृष्टि के अनुकूल हो तथा नियमों के मुताबिक विधि सम्मत हो इसे सभी संबंधित पदाधिकारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर अभिषेक कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, मानगो नगर निगम के अपर आयुक्त रंजीत लोहरा, सीओ जमशेदपुर सदर मनोज कुमार, सीओ चांडिल अमित श्रीवास्तव, सीओ मानगो ब्रजेश श्रीवास्तव, स्वर्णरेखा परियोजना, प्रदूषण बोर्ड व जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी तथा अन्य सभी संबंधित विभागीय पाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने आक्रोश मार्च सह मशाल जुलूस निकाला

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट टीचर परीक्षा में गड़बड़ी का खुलासा करने एवं सीबीआई जांच की मांग को लेकर आज साकची भाजपा कार्यालय से सैकड़ो युवाओ ने भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि विगत दिनों झारखंड में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर परीक्षा में 1500 सफल उम्मीदवारों में से 500 उम्मीदवार एक ही केंद्र से पास है, परीक्षा केंद्र पर खूब धांधली हुई है अधिकांश टॉपर भी इसी परीक्षा केंद्र से है निश्चित या घोटाला का मामला है एक ही केंद्र से इतना बच्चा सफल होना संभव नहीं है। और तो और दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीट पर भी घोटाला सामने आया है।

## यूथ हॉस्टल एसोसिएशन जमशेदपुर के यूनिट का चुनाव एक सितंबर को

खबर मन्त्र ब्यूरो




बैठक में चुनाव की घोषणा करते पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जमशेदपुर यूनिट के सचिव प्रदीप कुमार साहु की अध्यक्षता में आज संध्या 06 बजे से जमशेदपुर यूनिट के कार्यकारिणी की अहम बैठक का आयोजन जमशेदपुर के टेल्को स्थित बिरसानगर गणेश मंदिर प्रांगण कक्षा में स्थित सभा भवन में हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव प्रदीप कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड राज्य शाखा के अध्यक्ष के निर्देशानुसार झारखंड के समस्त संबंध इकाइयों को आगामी सत्र 2024 से 2027 (तीन वर्षों) तक के लिए संगठन के नियमानुसार चुनाव करना आवश्यक है। इस बाबत बैठक में 01 सितंबर 2024 को यूथ हॉस्टल एसोसिएशन का जमशेदपुर के यूनिट की विधिवत चुनाव की घोषणा की गयी। नॉमिनेशन की अंतिम तारीख 2 अगस्त 2024 और स्कूटी की अंतिम तिथि 12 अगस्त 2024 निर्धारित की गयी है। चुनाव के दौरान यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड राज्य द्वारा नामित आब्जर्वर की उपस्थिति में संपन्न किये जायेंगे।

## रक्तदान और बुजुर्गों को भोजन कराकर रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट ने की नये वर्ष की शुरुआत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट द्वारा नये सत्र 2024-25 रोटरी वर्ष की शुरूआत के अवसर पर एमजीएम अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। साथ ही साकची बाराद्धारी स्थित आशीर्वाद भवन वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों के साथ क्लब के सदस्यों ने दोपहर का भोजन किया। जिससे उन्होंने अपनी देखभाल और समर्थन प्रदर्शित किया। यह परियोजना वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल को समर्पित है। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्राचार्य, डॉ (प्रो) केएन सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. रवींद्र कुमार उपस्थित थे। एमजीएम अस्पताल के अन्य प्रमुख अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## मजदूरों के अधिवक्ता ने वेदांता के अधिवक्ता के पसीने छुड़ाये

- एनसीएलटी कोलकाता में इंकैब मामले पर डबल बेंच ने की सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को एनसीएलटी कोलकाता में माननीय सदस्यों अरविंद देवनाथन और बिदीसा बनर्जी के बेंच में इंकैब मामले की सुनवाई हुई। पिछले 2-3 महीनों से माननीय बेंच तथाकथित वित्तीय लेनदारों को सुन रही थी। तथाकथित वित्तीय लेनदारों कमला मिल्स लिमिटेड और फस्क्वा इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड के तरफ से कोलकाता उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता जय साहा, पेगाशस एसेट रिकंस्ट्रक्शन की तरफ से कोलकाता उच्च न्यायालय के दूसरे वरीय अधिवक्ता अभ्रजीत मित्रा, ट्रॉपिकल वेंचर्स की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता केविक सीतलवाड, रिजोल्यूशन प्रोफेशनल की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अभिनव वशिष्ठ और रिजोल्यूशन एपलीकैंट वेदांता की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता जेपी सिंह की पुस्तक शहादतनामा का विमोचन

खबर मन्त्र ब्यूरो




पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण और लेखक जेपी सिंह का अभिनंदन करती उनकी बहू बबीता सिंह।

**जमशेदपुर।** वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता जेपी सिंह की पुस्तक शहादतनामा का विमोचन ज्ञानपीठ अवार्ड विजेता जयनन्दन ने किया। पुस्तक का विमोचन शहीद हजारा सिंह के शहादत के 85 साल पूरे होने के अवसर पर हुआ। यह अवसर लेखक जेपी सिंह-सुनीता सिंह के दांपत्य जीवन की 60वीं वर्षगांठ के कारण भी महत्वपूर्ण हो गया।

वरिष्ठ साहित्यकार जयनन्दन ने शहादतनामा को जमशेदपुर में मजदूरों के संघर्ष, कुर्बानियां, शहादतें और इसके इर्द-गिर्द सांप्रदायिक सौहार्द को मिलती रही चुनौतियों का आईना बताया। उन्होंने कहा कि महज 72 पृष्ठों में संपूर्ण इतिहास कुछ इस कदर तथ्यों को समेटा गया है कि यह ऐतिहासिक दस्तावेज की कुंजिका बन गई है। लेखक का निजी संघर्षमय जीवन भी इन पन्नों में साफ-साफ दिखाई देता है। इसमें संदेह नहीं कि मजूदरों की बेहिसाब कुर्बानियों की बदलौत ही औद्योगिक शांति बनी है। और, यह भी सच है कि इस शांति को बनाए और बचाए रखने के लिए भी मजदूरों से ही आगे भी कुबार्नी की अपेक्षा रहने वाली है।

समारोह में मुख्य वक्ता संजय मिश्र ने शहादतनामा को पूरे समाज की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जेपी सिंह जैसे लोग समाज का आईना है।

उनका संघर्ष और इस संघर्षमय जीवन से अतीत की ओर झांकते हुए अनुभवों के जरिए घटनाओं को आंकते हुए लिखा गया शहादतनामा लोगों मे अतीत के प्रति जिज्ञासा पैदा करेगी।

लेखक जेपी सिंह के अभिन्न मित्र व साहित्यकार अरविन्द विद्रोही ने कहा कि मेल्टिंग-ब्वायलिंग मिल में काम करने वाले मजदूरों के हाथों में जब कलम आती है तो शहादतनामा का जन्म होता है। लेखक के संघर्षमय जीवन की चर्चा करते हुए अरविन्द विद्रोही ने कहा कि मजदूरों के लिए नौकरी गंवा देना कोई मामूली बात

## एक नजर में

### पत्रकार के आवेदन पर नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन ने लिया संज्ञान, मिलेगा मुआवजा

**जमशेदपुर।** आज 2 जुलाई को राष्ट्रीय मानवाधिकार की स्पेशल रिपोर्टियर श्रीमती सुचित्रा सिन्हा (रिटायर्ड आईएएस) को 'आजाद मजदूर' समाचार पत्र के संपादक कवि कुमार ने सूचित किया कि एक नाबालिग लड़का मलय भकत, पिता संजय कुमार भकत, निवासी आसानबनी, थाना घाटशिला को घाघीडीह जेल में 20 मई 2024 से रखा गया है। जबकि नाबालिक होने के कारण उस लड़के को रिमांड होम में रखा जाना चाहिए था। तब श्रीमती सुचित्रा सिंहा ने इस पर तुरंत संज्ञान लिया। श्रीमती सुचित्रा सिंहा ने पूरे मामले से संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया। तब उन्हें पता चला कि यह घटना सच्ची है पर कोर्ट से निकले वारंट में इस लड़के की उम्र 19 वर्ष लिखी है। श्रीमती सिन्हा ने तुरंत मलय भकत के सारे सरकारी कागजों का सत्यापन करने को जेल अधीक्षक से कहा। तब पता चला कि उस लड़के की उम्र 17 वर्ष है। श्रीमती सुचित्रा सिंहा की पहल पर तत्काल घाघीडीह जेल अधीक्षक ने बंदी आवेदन पत्र में मलय भकत से लिखवाकर कोर्ट में अर्जी भिजवाई और उनके जन्मतिथि को प्रमाणित करने वाले सभी प्रमाण पत्र भेजे। नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन की स्पेशल रिपोर्टियर श्रीमती सुचित्रा सिंह ने अवैध रूप से जेल में बंदी रखने के लिए मलय को मुआवजा देने की अनुशंसा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से की है। तथा दोषी पर उचित कार्रवाई करने की मांग नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन के अध्यक्ष की है। इस तरह पूरे मामले को 24 घंटे के अंदर ही नेशनल ह्यूमन राइट कमीशन की रिपोर्टियर सुचित्रा सी ने सुलझा लिया।

### सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी : हर रोज एक लक्की कस्टमर को मिल रही फ्री लक्जरी राइड



**जमशेदपुर।** सुग्गा द ऑनेस्ट टैक्सी की ओर से 1 मई 2024 से हर रोज किसी एक लक्की कस्टमर को फ्री लग्जरी राइड दी जा रही है। सुग्गा अपने कस्टमर को बीएमडब्लु 6 जीटी, टोयटा लैंड क्रूजर जैसी लग्जरी गाड़ियों में सफर करने का अवसर दे रही है। पिछले दो महीनों से, सुग्गा ने शहर के हर कोने में रोज एक लक्की कस्टमर को फ्री लग्जरी राइड का मौका दिया है। फ्री लग्जरी राइड पाने का मौका किसी भी सुग्गा रायडर को मिल सकता है। इसके लिए उन्हें सिर्फ सुग्गा ऐप से राइड बुक करनी है। रायडरों ने सुग्गा के साथ अपने अनुभव भी शेयर किये हैं। सभी रायडरों के लिए यह एक अनोखा और रोमांचक अनुभव प्रदान करने वाली यात्रा बन गयी है। सुग्गा के इस पहल का उद्देश्य न केवल अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा देना है, बल्कि उन्हें एक विशेष अनुभव प्रदान करना भी है। सुग्गा एक कैब एग्रीगेटर कंपनी है। जो अपनी सेवाएं जमशेदपुर और रांची में दे रही है। सुग्गा, भविष्य में भारत के विभिन्न शहरों में अपनी सेवाओं का विस्तार करने जा रही है।

### समाज के लिए प्रेरणादायक... दिलीप आचार्य ने 50वां और अरुण ने 17 वीं बार किया रक्तदान




**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत नियमित रूप से रक्तदान करने वालों को प्रेरित कर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें रक्त के अवयव (कम्पोनेन्ट) को उपलब्ध कराना भी इसमें एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है, क्योंकि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में इससे मरीजों के चिकित्सा का एक महत्वपूर्ण घटक बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए वर्तमान में ब्लड कम्पोनेन्ट प्लेटलेट्स की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए लगातार एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) डोनर लगातार अपना एसडीपी दान कर रहे हैं। इस माध्यम से टाटा स्टील कर्मी दिलीप कुमार आचार्य ने अपना 50वां रक्तदान सोमवार को जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में पूरा किया। उन्होंने 12 एसडीपी दान के साथ 38 बार नियमित रक्तदान किया है। उन्होने एसडीपी दान के सम्मान के साथ 50वां रक्तदान करने का सम्मान जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में प्राप्त हुआ। वहीं टाटा स्टील के एक अन्य कर्मी अरुण कुमार सिंह ने आज अपना 20वां एसडीपी दान किया, उन्होने इसके साथ 7 बार प्लाज्मा डोनेशन व 17 बार नियमित रक्तदान किया है। रक्तदाताओं के प्रोत्साहन के लिए रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह एवं जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के चिकित्सक एवं तकनिशियनों ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

### आदित्यपुर : श्रीश्री 1008 श्री देबराहा बाबा की 34वीं पुण्य तिथि मनायी गयी



**जमशेदपुर।** श्री श्री 1008 देबराहा बाबा जी ट्रस्ट आदित्यपुर जिला- सरायकेला खरसावां बाबा विंदेश्वर झा के अगुवाई में प्रात: स्मरणीय दिव्य संत,सिद्ध पुरुष एवं कर्मयोगी परम पूज्य देवराहा बाबा जी की 34 वीं पुण्यतिथि आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष योगिनी एकादशी दिन मंगलवार दिनांक 2 जुलाई 2024 को पानदुकान मेन रोड आदित्यपुर में मनाया गया। सर्वप्रथम मां दुर्गा एवं देबराहा बाबा का पूजन पाठ हवण एव आरती किया गया। परोहित में प्रो डॉ संजय कुमार ने अभूतपूर्व मां दुर्गा और देवराहा बाबा का पूजा करवाये। तत्पश्चात शरबत एवं चना का वितरण किया गया। सड़क पर आने जाने बाले बाहण रुक रुक कर चना का प्रसाद खाये और शरबत पी कर परम पूज्य देबराहा बाबा का आर्शिवाद प्राप्त किये। लगभग पांच हजार से ज्यादा भक्त प्रसाद ग्रहण किये। इस कार्यक्रम मे सक्रिय रूप से बाबा परिवार के निम्नलिखित भक्त उपस्थित रहे: प्रेम कुमार, सरयु राय पूर्वी विधान सभा विधायक, पूर्व स्वास्थ सचिव अरुण कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह समाजसेवी, डॉ सुशांत कुमार, के एन ओक्षा, दीपक अग्रबाल, धीरा क्षा, चंदन कुमार, सतनाम सिंह भी थे।

# शैक्षणिक विकास से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा डीपीएस बोकारो : डीजीपी अजय सिंह







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने हर विधा में देश विदेश में अपना परचम लहराया है। यह विद्यालय प्रतिवर्ष टॉपर्स के रूप में प्रतिभावान सक्षम और होनहार नागरिक प्रदान कर सशक्त समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। उक्त बातें झारखंड के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहीं। वह मंगलवार को डीपीएस बोकारो के 38वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।सम्मानित अतिथि के रूप में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी माइकल राज एस एवं कोयला क्षेत्र के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा तथा बतौर विशिष्ट अतिथि बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश उपस्थित थे। डीजीपी सिंह ने समस्त विद्यालय परिवार को एक मील के पत्थर स्वरूप इस स्थापना दिवस की बधाई दी। साथ ही उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं देते हुए तथा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास एवं सामुदायिक उत्थान की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने स्कूल के स्थापना काल से लेकर अब तक की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने माता पिता का सदैव आदर करने की प्रेरणा दी। मौके पर विद्यार्थियों ने मनभावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बहुरंगी छटा बिखेरी। प्राचार्य डॉ गंगवार ने डीजीपी आईजी डीआईजी व एसपी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह में डीपीएस बोकारो परिवार के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे। स्वागत भाषण वाइस हेड गर्ल हिमानी सिंह मंच संचालन छात्र मोहित कुमार छात्रा आव्या सिंह अवण्या पाहवा एवं शिप्रा हेम्ब्रम तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक सचिव ऋद्धिमा कौशल ने किया। अतिथियों ने विद्यालय की टीम द्वारा तैयार करियर मार्गदर्शिका डीपीएस बोकारो करियर एवेन्यू का विमोचन भी किया।

# बरहरवा में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों में मची है लूट की खुली छूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरहरवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मनरेगा हो या मुखिया फंड के तहत जो भी योजनाओं पर कार्य चल रही है उस पर सिर्फ भ्रष्टाचार ही दिखाई दे रही है। आलम यह है कि योजना स्थल पर किसी प्रकार का योजना पट्ट नहीं है ताकि योजना पट देखकर पता लगाया जा सके की किस विभाग द्वारा किसके जमीन पर कौन सा कार्य हो रहा है और कितने लागत का कार्य हो रहा है जबकि इस मामले पर उच्च अधिकारियों का आदेश था की प्रखंड में कोई भी योजना धरातल पर चले उसे स्थल पर योजना संबंधित बोर्ड होना आवश्यक है ताकि आमलोगों को पता चल सके कि कौन सी योजना के तहत यह काम कराया जा रहा है लेकिन यहां तो कुछ और ही मामला बयां कर रही है ताजा मामला बरहरवा प्रखंड के पथरिया पंचायत का है जहां इस पंचायत में दर्जनों योजना सिंचाई कुआं समतलीकरण का निर्माण सिर्फ खानापूर्ती के लिए किया गया है और तो और इन कागजीपुर्ती के बाद पैसा के निकासी भी हो चुकी है वही किसी भी कार्य स्थल पर कोई योजना पट्ट का सूचना पट नही होना भ्रष्टाचार की निशानी है जो कहीं ना कहीं इन सभी मामलों में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, मुखिया, अभियंता एवं प्रखंड कार्यालय के कुछ कर्मि भी सम्मिलित है। वही बिना मिलीभगत के दर्जनों उपयोगी सिंचाई कुआं, समतलीकारण निर्माण पर सरकारी पैसा का दुरुपयोग करना कहीं ना कहीं निजी पॉकेट गर्म करने के मामला को दशार्ती है। इस मामले को उच्च अधिकारी जल्द संज्ञान में ले।

# साहिबगंज : बच्ची से छेड़-छाड़ करने वाला गिरफ्तार



साहिबगंज। राजमहल थाना क्षेत्र के मंडई में सोमवार को एक बच्ची को छेड़ने वाला व्यक्ति अहमद रजा (20 वर्ष) ताहिर टोला, थाना राजमहल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मानवता को शर्मसार करने वाली घटना को कुछ लोगो के द्वारा पैसों की लेन देन कर दबाने की पुरजोर कोशिश की गई पर राजमहल के पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए किसी का चलने नही दिया। घंटना के चंद घंटो के बाद अपराधी के उपर एफ आई आर दर्ज किया एवं अपराधी अहमद रजा पर नए कानून बी एन एस की धारा 76 व 12 पोक्सो एक्ट के तहत कांड दर्ज किया है। राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बड़ी कुशलता के साथ अहमद रजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आगे की छानबीन पुलिस द्वारा की जा रही है। राजमहल थाना क्षेत्र वासियों ने कहा कि राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी एवं राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर बधाई के पात्र है। अगर ऐसे अधिकारी हमारे राजमहल में है हमारे बच्ची सुरक्षित रहेगी।


**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**OFFICE OF THE PROJECT MANAGER**
**SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT**
**AT & P.O. –SIKIDIRI-835219,DIST. RANCHI (JHARKHAND)**

**EMERGENT SHORT TENDER NOTICE**

Sealed Tenders are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd. under Single Stage Single Bid System from reputed, experienced and financially sound firms/agencies/contractor for the following works on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03/PR/JUUNL/ 2024-25 | Adjusting of guide bearing clearance of TGB, LGB & UGB at PH-II , SRHP, Sikidiri. | Rs. 2,900 /- | Rs.500 /- |
| 2. | 04/PR/JUUNL/ 2024-25 | Manpower assistance in mechanical maintenance during annual shutdown 2024 in PH-I. | Rs.2,600 /- | Rs.500 /- |
| 3. | 05/PR/JUUNL/ 2024-25 | Manpower assistance in mechanical maintenance during annual shutdown 2024 in PH-II. | Rs. 2,600 /- | Rs. 500 /- |
| End Date and Time of sale of BOQ | | | 11.07.2024 Up to 04.00 PM | |
| End Date and time of Submission of BID | | | 12.07.2024 Up to 03.00 PM | |
| Date and time of Opening of Techno-commercial bid | | | 12.07.2024 Up to 04.00 PM | |
| Date and time of Opening of financial BID | | | Will be communicated later | |
| Work Officer address for communication | | | Project Manager, SRHP, Sikidiri - 835219 | |
| Contact No. | | | 9431707312 | |

- Tender documents with detailed terms and conditions may be obtained from office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri in working hours after depositing cost of BOQ on any working day.
- Cost of tender Document (Cash or DD) and EMD shall be in shape of Demand Draft issued by any Nationalized / Scheduled Bank in favour of Account Officer, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Payable at Ranchi.
- Tender must be accompanied with earnest Money, Tender technical & Price Part. Tender without Earnest Money shall not be considered.
- No postal transaction for the purchase / submission of tender documents shall be entertained.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of sale / submission / opening tender/distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- For any clarification please contact phone no. **9431707312** during office hours.
- The tender will be submitted in the office of the Project Manager, SRHP, Sikidiri.
- **Other terms and conditions of Tender is available on this office Notice Board.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतें को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 328431 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25).D




**ओएनजीसी के विरुद्ध ग्रामीणों ने की बैठक**



बेरमो। बेरमो अनुमंडल के होसिर हाई स्कूल के कैम्पस मे स्थित यूथ सेंटर के सभागार में ओएनजीसी से संबंधित ज्वलंत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी के समक्ष ओएनजीसी के विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा, और उसके निदान की गुहार लगाई। वहीं जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए कहा कि ओएनजीसी विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करें, वरना बाध्य होकर ओएनजीसी के विरुद्ध चक्का जाम किया जायेगा। हर हालत में ओएनजीसी के विस्थापितों को उनका हक और अधिकार मिलकर रहेगा।

**करगली: एसबीआइ ने स्थापना दिवस मना**



बेरमो/फुसरो। एसबीआई की करगली बाजार शाखा में भारतीय स्टेट बैंक का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान बैंक के चीफ मैनेजर सुनीता राय सहित अधिकारीयो ने उपभोक्ताओं के साथ केक काटकर भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस की खुशी को सांझा किया। चीफ मैनेजर सुनीता राय ने बैंकिंग क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक का योगदान एवं भारतीय स्टेट बैंक के इतिहास के बारे में जानकारी दी एवं उत्कृष्ट सेवाओं का आश्वासन दिया। उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वे भारतीय स्टेट बैंक के साथ जुड़े और अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए अपनी निकटतम एसबीआई शाखा से संपर्क करें। साथ ही ग्राहकों को इंश्योरेंस एवं म्युचुअल फंड के उत्पादकों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 50 लाख या उससे अधिक की फिक्स डिपोजित करने पर उन्हे न्यूनतम ब्याज दर में लोन दिया जायगा। सेवानिवृत कर्मियो को विशेष छूट के साथ लोन की व्यवस्था है। कार्यक्रम में शामिल लोगो ने शाखा की बेहतर सेवाओं के लिए बैंक का आभार व्यक्त किया। मौके पर बैंक के पंकज कुमार, अमितेश, श्याम सुंदर राम, सिंधु जेस, प्रशंजित चक्रवर्ती, वार्ड पार्षद रंजीत कुमार, उतम सिंह आदि मौजूद थे।

**दुमका जिला अभाविप के संगठन मंत्री बने धन्नजय**

दुमका। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग जमशेदपुर में होना है। नए घोषणा के अनुसार दुमका विभाग संगठन मंत्री हिमांशु अब से साहेबगंज विभाग संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वहन करेंगे। साथ ही नूतन जिला प्रमुख प्रो नम्रता गौरव, जिला संगठन मंत्री धनंजय कुमार एवं नए जिला संयोजक संजय मड़ैया होंगे। संगठन मंत्री धनंजय ने संगठन मंत्री का दायित्व देने से संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय और मजबूती देना लक्ष्य बताया। अभाविप छात्रों के समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने और अधिक से अधिक संगठन से जुड़कर एक नया आयाम देने की बात कही। संजय मड़ैया ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा की परिषद का विस्तार हर परिसर में हो।

**संताल परगना प्रमंडल में 18 करोड़ से अधिक योजनाओं का शिलान्यास व 35 लाख का हुआ उद्घाटन**

# युवाओं को रोजगार की दिशा में सरकार जल्द उठायेगी कदम: मंत्री बसंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का उदघाटन शिलान्यास एवं परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन मैदान में हुआ। पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं जल संसाधन विभाग मंत्री बसंत सोरेन ने कार्यक्रम में कुल 2225.12 करोड़ रुपए की कुल 187 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने 1868.75 करोड़ रुपए की 138 योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने 35637.11 लाख रुपए की कुल 49 योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कुल 102 युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। साथ ही जेएसएलपीएस अंतर्गत क्रेडिट लिंकेज, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि के तहत परिसम्पत्ति का वितरण गया। मुख्य अतिथि मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि बेहतर आवगमन सुविधा के लिए सड़कें, खेतों की सिंचाई, स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। सरकार जनआकांक्षाओं को ध्यान में रख कर फैसले लेकर कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार अबुआ आवास योजना लेकर आयी है, ताकि बेघरों को घर मिले। हर खेत को पानी मिल सके। इसके लिए सिंचाई योजनाओं के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। आवागमन के लिए बेहतर सड़क हो इसके लिए भी सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने से दुमका जिला में ही कई गंभीर बीमारी का ईलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस गति से सरकार विकास का कार्य कर रही है, उसका परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहा है। यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए परदेश नहीं जाना पड़े। इसके लिए भी सरकार गंभीर है। बहुत जल्द यहां के नौजवानों के लिए सरकार रोजगार की व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम उठायेगी। इस अवसर पर मंत्री ने फूलो झानो चौक में दुमका बायपास रोड का उदघाटन किया। कार्यक्रम में प्रमंडलीय कमीश्नर लालचंद डाडेल, डीआईजी संजीव कुमार, डीसी आंजनेयुलु दोड्डे, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, जिप अध्यक्ष, पाकुड़ जुली हेम्ब्रम उपस्थित थे।

# खुलासा : बेटा ने ही गला दबा कर की थी अपनी मां की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** कौशल्या देवी पति रामजीत शाह ग्राम पेलघड़ी, थाना मुफ्फासिल गोड्डा, जिला गोड्डा की फांसी लगने की वजह से मौत हो गई। मृतका कौशल्या देवी के पुत्र जागेशर कुमार शाह के लिखित आवेदन पर मुफ्फासिल थाना गोड्डा मे 16/5/24 को यू डी कांड संख्या 10/24 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे कौशल्या देवी की मृत्यु गला घोंटने के कारण हुई थी। इस घटना के सबंध मे थाने मे 120/2024 30/6/2024 को धारा 302/201 भादवि अंकित कर लिया गया। पुलिस की जांच मे पता चला कि कौशल्या देवी को उसके पुत्र जागेश्वर कुमार शाह ने ही गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। 2/7/2024 को जब बुलाकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए हत्या की बात स्वीकार कर ली और बताया कि नशे की हालत मे उसने अपनी मां से रुपए की मांग की और रुपए नहीं मिलने पर गुस्से मे उसने गला दबा कर अपनी मां की हत्या कर दी।

मुफ्फासिल थाना प्रभारी गोड्डा पु अ नि कृष्णा कुमार साहा ने उसे न्यायिक हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। उनके साथ अनुसंधान मे रोशन कुमार और अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

# बेरमो : सीसीएल सीकेएस ढोरी की कार्यसमिति की बैठक संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** मंगलवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र की कार्यसमिति बैठक क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में प्रारंभ हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यसमिति बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें रवींद्र कुमार मिश्रा द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनके द्वारा मुख्य रूप से बताया गया कि 15 जुलाई को भुरकुंडा ऑफिसर क्लब में 28 वां द्विवार्षिक अधिवेशन जो की सीसीएल सीकेएस का संपन्न होना तय है। उपरोक्त अधिवेशन के अवसर पर ढोरी क्षेत्र से लगभग 25 सदस्य भाग लेंगे। 23 जुलाई को स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी ढोरी क्षेत्र में बड़े धूमधाम से ढोरी के क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में मनाया जाएगा। मौके पर जिला मंत्री ललन मल्लह, नुनुचंद महतो, शाहनवाज खान, हीरालाल रविदास, बुधन प्रसाद नोनिया, बीरेन्द्र गुप्ता, राजेश पासवान, भुनेश्वर, भोला राम, अरबिंद ठाकुर, प्रमोद, प्रकाश चंद्र मंडल उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के समग्र विकास में प्रबंधन अपने दायित्व का निर्वाह करेगा : महाप्रबंधक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार के योगदान देने के उपरांत समाजसेवी, श्रमिक संगठन, पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दल से जुड़े साथियों के द्वारा अभिनंदन और स्वागत के दौर में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष विजय यादव पंचायत सचिव राजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार की ओर से महाप्रबंधक का स्वागत करते हुए। क्षेत्र के जलवत समस्याओं के ऊपर ध्यान आकर्षण कराया। चर्चा में सबसे पहले पार्टी की ओर से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए प्रबंधन के कोलियरी के विस्तार में अल्प समय में हो रहे कार्य को देखते हुए शुभकामना एवं बधाई दिया। महाप्रबंधक से कोलियरी क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण इलाकों में सी एस आर मद से सफाई की व्यवस्था किए जाने, डी.ए.वी. विद्यालय जूनियर विंग के कंपाउंड में जर्जर पड़े भवन को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अति शीघ्र हटाए जाने। क्षेत्र में बच्चों को शारीरिक विकास में खेलकूद को बढ़ावा देने, आउटसोर्सिंग में स्थानीय को प्राथमिकता देने सहित अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने नियम संगत कार्य की प्राथमिकता को पूरा करने का प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाया। साथ ही सीसीएल प्रबंधन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों का दायित्व क्षेत्र के समग्र विकास में भूमिका का निर्वाह सकारात्मक सोच के साथ मिले तो निश्चित रूप से हर कार्य को हम लोग सफल ढंग से पूरा करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय यादव सचिव राजेंद्र वर्मा, मनोज यादव, हेमंत कुमार, सोनू पांडे, मुकेश गिरी, लकी सिंह, जितेंद्र पांडे और शशी आदि शामिल थे।

## बीजीएच ने एसबीआई के प्रांगण में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**बोकारो।** एसबीआइ क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय सेक्टर 4 के प्रांगण में बोकारो जनरल अस्पताल के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने 20 यूनिट रक्त का रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना तथा खून की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है। 18 साल से 60 साल के तक कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है।


**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना**
**संख्या –03 / 2024–2025**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 10.07.2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 11.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 11.07.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र०सं० | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम राय मे सुरेन्द्र सिंह के घर से राय बाजार तक लगभग 01 कि०मी० पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 24,62,100.00 | 49,500.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 02 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत बड़का टोली रोड से रानीदह तक 01 कि०मी० पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 14,61,100.00 | 30,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 03 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत यु०एम०एस० महावीर नगर में 3 अतिरिक्त वर्ग कक्षाओं का निर्माण कार्य। | 26,25,900.00 | 53,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 04 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत हरहू ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन मे बोरिंग का निर्माण कार्य। | 5,65,000.00 | 23,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| | | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत मायापुर ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन मे डीप बोरिंग टंकी और खिड़की का मरम्मति कार्य। | 5,65,000.00 | | | |
| | | कुल | **11,30,000.00** | | | |
| 05 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत चिनातांड ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन मे बोरिंग और शौचालय का निर्माण कार्य। | 10,97,000.00 | 22,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 06 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत मोहन नगर खेलारी दुर्गा मंडप मे समीप जलमीनार निर्माण कार्य। | 8,69,700.00 | 35,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत मोहन नगर खेलारी शुक्रवार बाजार रणविजय सिंह के घर के पास जलमीनार निर्माण कार्य। | 8,69,700.00 | | | |
| | | कुल | **17,39,400.00** | | | |
| 07 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत सीता कुंड मोड़ से जोड़ाकाठ कालीकरण पथ तक 1200 फीट पथ 1 अदद (1x5.0x3.0M) पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 49,90,000.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | छः माह |
| 08 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत राजकीय यूपीजी प्राथमिक विद्यालय भुईया टोली में 2 अतिरिक्त क्लास रूम और चाहरदिवारी निर्माण। | 19,87,700.00 | 40,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 09 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–चुरी यूपीजी प्राथमिक विद्यालय चुरी कोलियरी मे अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | 40,42,000.00 | 85,000.00 | 5000.00 | छः माह |
| 10 | खलारी | खलारी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–चुरी उत्तरी के ग्राम–चुरी मे सुभाष नगर प्राथमिक विद्यालय मे दो कक्षा एवं चाहरदिवारी निर्माण कार्य। | 36,43,600.00 | 73,000.00 | 5000.00 | छः माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पटट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

PR 328424 Panchayati Raj(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–10 / 2024–.25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 10.07.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 11.07.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent work for False Ceiling and Aluminum Paneling with Door in Corridor Waiting area in Ground Floor at DLSA Building in Civil Court, Hazaribag | 247950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Emergent work for Repair of Ground Floor Toilet in Ground Floor at DLSA Building in Civil Court, Hazaribag | 248550/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Emergent work for Repair of first Floor Toilet in first Floor at DLSA Building in Civil Court , Hazaribag | 248800/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Emergent work for Repair of Deep bore well in Civil Court , Hazaribag | 196700/- | 4000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Emergent work for Repair of Deep bore well in Sub Judge Building at Civil Court Hazaribag | 203020/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | Campus development of New Collectorate Building Hazaribag | 208650/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | Emergent work of campus development cleaning and demolish, Disposal of old Toilet in civil court Hazaribagh District:- Hazaribagh . | 202200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Renovation of Office of Executive Engineer (BCD) campus at Hazaribag | 249000/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | Varnishing of different out side Campus of Administrative officer' s office Building at Hazaribag( Part-01) | 241950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 10 | Repair of Old I.B. in the campus of Executive Engineer, BCD Office, Hazaribag | 247850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 11 | Emergent work of deep boring with Submersible pump of DLSA building in Civil Court Hazaribag | 235950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 12 | Emergent work of deep boring with Submersible pump of PDJ Building and park in Civil Court Hazaribag | 237850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 13 | Emergent work of P.C.C. levelling road work due to unflow of rainy water discharge in Judiciary quarter near Carmel School, Hazaribag | 237850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 328429 (Building) 24-25 (D)

# अग्निवीर पर बहस

चुनाव खत्म हो चुके हैं और अब संसद में बहस और चर्चा जोरों पर है। इसमें कुछ असहमतियां भी होंगी। लोकसभा में ऐसी ही एक जोरदार बहस राहुल गांधी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच अग्निवीरों को लेकर हुई। राहुल गांधी ने लोकसभा में बोलते हुए अग्निपथ योजना पर सरकार को निशाना बनाया और इसे सरकार के लिए इस्तेमाल करो और फेंक दो वाली मजदूरी बताया। 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना का उद्देश्य सशस्त्र बलों में कम समय के लिए लोगों की भर्ती करना और तीनों सेनाओं की उम्र को कम करना है। इस योजना के तहत भर्ती किए गए लोगों को अग्निवीर कहा जाता है। उसके परिवार को पेंशन नहीं मिलेगी। उन्हें मुआवजा नहीं मिलेगा। उसे शहीद नहीं कहा जाएगा। उसके लोगों को पेंशन नहीं मिलेगी। उन्हें मुआवजा नहीं मिलेगा। अग्निवीर एक मजदूर की तरह इस्तेमाल करो और फेंक दो है। इस योजना के तहत, 17.5 से 21 साल के युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है। इनमें से 25 प्रतिशत को 15 साल और रखने का प्रावधान है। बाकी को उनकी सेवा समाप्त होने पर आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। सशस्त्र बलों में इस अल्पकालिक सेवा योजना के कारण देश के कई हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए या युद्ध के दौरान जान देने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।रक्षा मंत्री ने कहा कि 158 संगठनों से सीधा संवाद स्थापित किया गया, उनके सुझाव लिए गए, फिर यह अग्निवीर योजना लाई गई है। यह योजना बहुत सोच-विचार के बाद लाई गई है। कांग्रेस का तर्क है कि यह योजना अग्निवीरों को 25 साल की उम्र में बेरोजगार छोड़ देगी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे सेना में एकजुटता प्रभावित होगी।

# कम होता विदेशी निवेश

दु बीते 10 वर्षों से केंद्र सरकार एक वांछित निवेश केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को लेकर काफी आशान्वित रही है। मजबूत वृहद आर्थिक प्रदर्शन और वैश्विक निवेशकों के सकारात्मक वक्तव्यों की वजह से सरकारी अधिकारी आश्वस्त रहे और उन्हें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं महसूस हुई। इसके बावजूद हाल के आंकड़े निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं। हाल में संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) के आंकड़ों ने दिखाया कि वर्ष 2022 और 2023 के बीच देश में एफडीआई में 43 फीसदी की कमी आई। यह कोई अपवाद आंकड़ा नहीं है। देश के आधिकारिक स्रोतों के आंकड़े भी संकेत देते हैं कि देश में एफडीआई 2007 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। संभव है कि पश्चिमी देशों की कंपनियां अमेरिका के मुद्रास्फीति न्यूनीकरण कानून जैसे लाखों करोड़ डॉलर के कानून से लाभान्वित होने के लिए ऑनशोरिंग का रुख कर रही हों लेकिन आंकड़े ऐसे कथानक को सही नहीं ठहराते। निश्चित रूप से यह भारत से जुड़े आंकड़ों का किसी प्रकार का बचाव नहीं है। अंकटाड के आंकड़े यह भी बताते हैं कि दक्षिण एशिया के अन्य देशों के आंकड़े मोटे तौर पर स्थिर बने रहे। चीन को एफडीआई की आवक में कुछ हद तक कमी आई जिससे पूर्वी एशिया में नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। परंतु दक्षिण पूर्व एशिया के एफडीआई में स्थिरता देखने को मिली। वैश्विक स्तर पर एफडीआई की आवक में केवल दो फीसदी की गिरावट आई। इससे संकेत मिलता है कि समग्र रूप से कोई जोखिम का माहौल नहीं है। जहां तक देश के पड़ोसियों और दक्षिण पूर्व तथा पूर्वी एशियाई समकक्ष देशों की बात है, एफडीआई को यह झटका केवल भारत में ही दिख रहा है।

# राजकोषीय फिजूलखर्ची से बचेगी सरकार?



इलारा कैपिटल के चेयरमैन एवं मुख्य कार्याधिकारी राज भट्ट ने सुंदर सेतुरामन के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ह्ययदि आप भारत को मध्यावधि-दीर्घावधि नजरिये से देखेंगे तो आपको नुकसान नहीं होगा। लेकिन अल्पावधि के संदर्भ में, में हालात सहज नहीं मानता, क्योंकि मौजूदा तेजी पूरी तरह से तरलता-केंद्रित है।

भट्ट का कहना है कि भारत अपने वित्तीय अनुशासन की वजह से वैश्विक रूप से दूसरों से अलग है। -भारत ने 10 साल बाद गठबंधन सरकार की वापसी देखी है। क्या इससे आर्थिक नीति में बदलाव आएगा और बाजार पर असर पड़ेगा?


यह सकारात्मक घटनाक्रम है। अब, सरकार पर अच्छा प्रदर्शन करने का ज्यादा दबाव रहेगा। सरकार को कुछ कम सीटों के साथ ज्यादा प्रभावी प्रदर्शन करना चाहिए। हां, यदि सत्तारूढ़ पाटीको 200 से कम सीटें मिलतीं तो हालात अलग होते। हमें एक कमजोर गठबंधन के लिए तैयार रहना पड़ता, जो देश के लिए अच्छा नहीं होता। जब गठबंधन में ज्यादा पार्टियां शामिल हों तो आम सहमति बनाना अ??धिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दो या तीन प्रमुख सहयोगियों के साथ यह अपेक्षाकृत आसान होता है।

मौजूदा व्यवस्था ज्यादा मजबूत गठबंधन वाली है और उसकी सहयोगी पार्टियों ने पहले भी उसके साथ काम किया है और अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टी के साथ सहयोग कर चुकी हैं। प्रमुख मंत्रियों को नहीं बदला गया है, जो नीतिगत निरंतरता का संकेत देता है और बाजार में तेजी भी इसी बात को दशार्ती है।

-बजट से आपको क्या उम्मीदें हैं?

विधानसभा चुनाव आ रहे हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि सरकार इसे ध्यान में रखेंगी। इस बार, उसे जीतना ही होगा क्योंकि इस सरकार की गठबंधन प्रकृति है। हालांकि, सरकार द्वारा अनावश्यक राजकोषीय खर्च किए जाने की संभावना नहीं है।

-अभी, विकसित देशों में भी राजकोषीय घाटा बहुत ज्यादा है, चाहे वो अमेरिका हो या यूरोप। ऐसे में क्या हम अपने वित्तीय अनुशासन के कारण अलग बने हुए हैं?



- कमलेश पाण्डे

> विधानसभा चुनाव आ रहे हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि सरकार इसे ध्यान में रखेंगी। इस बार, उसे जीतना ही होगा क्योंकि इस सरकार की गठबंधन प्रकृति है। हालांकि, सरकार द्वारा अनावश्यक राजकोषीय खर्च किए जाने की संभावना नहीं है।-अभी, विकसित देशों में भी राजकोषीय घाटा बहुत ज्यादा है, चाहे वो अमेरिका हो या यूरोप। ऐसे में क्या हम अपने वित्तीय अनुशासन के कारण अलग बने हुए हैं?

अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि और प्रत्यक्ष करों में कमी की जा सकती हैं। ईंधन को छोड़कर, अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि से लोगों पर बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ता।

हमने देखा कि चुनाव के तुरंत बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बिकवाली शुरू कर दी। अब वे फिर से शुद्ध खरीदार बन रहे हैं। क्या आप एफपीआईसे भविष्य में निवेश बरकरार रहने की उम्मीद कर रहे हैं?

एफपीआई प्रवाह अब बहुत महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि घरेलू प्रवाह उससे बेहतर है। जब एफपीआई बिकवाली करते हैं तो बाजार में अब कोई बड़ी गिरावट नहीं आती। एफपीआई प्रवाह की संभावना बहुत अधिक है, लेकिन हमारे पास अभी भी बहुत सारे पूंजीगत नियंत्रण हैं। ज्यादातर नियामकीय शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता है।

बहुत से लोग भारत में निवेश करने की बात कर रहे हैं, और अगर वे किसी अन्य बाजार की तरह सीधे खरीद सकते हैं तो वे उत्साहित होंगे। लेकिन इसके लिए बहुत सारे विनियामक परिवर्तनों की आवश्यकता है। भारत में अब 100 अरब डॉलर की कंपनियां हैं, जबकि अमेरिका में 3 लाख करोड़ डॉलर की कंपनियां हैं। प्रमोटरों के पास अभी भी बड़ी हिस्सेदारी है।

ज्यादातर अमेरिका में, प्रमोटर की कोई अवधारणा नहीं है। प्रमोटर वहां हैं, लेकिन उनकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

-मौजूदा समय में भारत के बारे में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की चिंताएं क्या हैं? आप अपने ग्राहकों से किस तरह की प्रतिक्रिया प्राप्त कर रहे हैं?

एकमात्र चिंता बाजार तक आसान पहुंच से जुड़ी हुई है। वे अमेरिका में भारत-केंद्रित ईटीएफ खरीद रहे हैं। कई निवेशक विदेश में इंडेक्स फंडों के जरिये निवेश कर रहे हैं।

-क्या हाल में ऐसे नियामकीय बदलाव हुए हैं जिनसे भारत में निवेश करने में एफपीआई को आसानी होगी?

खुलासा मानकों में ढील दी जा सकती है। कई निवेशक अपने स्वामित्व का खुलासा करना नहीं चाहते हैं। दूसरा है एक्सेस पॉइंट। अब एफपीआई रजिस्ट्रेशन तेज हो गया है। हालांकि, कुछ लोग मॉरिशस में फंड स्थापित करने में सहज नहीं हैं। अगर उनके पास अमेरिका में फंड है, तो वे सीधे खरीदना पसंद करेंगे।

-क्या आपको लगता है कि बाजार में और तेजी आएगी? मौजूदा बाजार हालात में आप निवेशकों को क्या सलाह देंगे?

मूल्यांकन महंगा है, लेकिन वैश्विक स्तर पर महंगे हैं। पश्चिम में, खास तौर पर अमेरिका में यह ज्यादा महंगा है। अगर गिरावट आती है, तो यह पश्चिम में होने वाली किसी घटना से आएगी, और भारतीय बाजार प्रभावित होंगे। यदि आप भारत पर मध्याव?धि-दीर्घाव?धि नजरिये अपनाएंगे तो नुकसान नहीं होगा। लेकिन अल्पाव??धि में, मुझे हालात उपयुक्त नहीं लग रहे हैं।

-क्या एफपीआई प्रवाह चीन और सस्ते उभरते समकक्ष बाजारों की ओर स्थानांतरित होगा?

भारत और चीन में हालात अगल अलग हैं। चीन में कीमतें नीचे हैं और मूल्यांकन काफी कम है। चीन के बाजार में दिलचस्पी बनी हुई है। चीन से जुड़ा एकमात्र जो?खिम भूराजनीतिक है। लोग भारत में वृद्धि की संभावना देख रहे हैं और वे ऊंचे पीई मल्टीपल की परवाह नहीं कर रहे हैं। यदि पश्चिमी बाजारों में गिरावट नहीं आती है तो भारतीय बाजार भी समान राह पर बढ़ते रहेंगे।

## खास बात

# राबोट स्त्री-पुरुष

**जेन्नी शबनम**

दरवाजे की घंटी बजी। बहुत करीने से साड़ी पहनी हुई एक स्त्री ने मुस्कुराते हुए दरवाजा खोल आने का कारण पूछा। फिर बड़े तहजीब से बैठक में बिठा पानी लेकर आई। पानी का ग्लास देने के बाद घर के भीतर गई और उस सदस्य को सूचना दे दी जिससे मिलना था। लेकिन जब पता चले कि वह स्त्री जीवित इंसान नहीं, बल्कि रोबोट है तो निःसन्देह हम चौंक जाएंगे या डर जाएंगे, मानो भूत देख लिया हो। सुना है कि ऐसे-ऐसे रोबोट बन गए हैं जो हर काम चुटकियों में कर देते हैं।

विज्ञान और तकनीक ने मनुष्य का विकल्प रोबोट बनाया है। अब ऐसे रोबोट बन गए हैं जो स्त्री का विकल्प ही नहीं बल्कि स्त्री ही है। वह हर वह काम करेगी जो एक स्त्री करती है। स्त्री-रोबोट देखने में खूबसूरत और सुडौल होगी, आपके पसन्द का परिधान पहनेगी, आपके पसन्द का भोजन पकाएगी, जो गीत आप सुनना चाहें वह गाएगी, ऑनलाइन आपके बैंक के कार्य करेगी। आपके मनोभाव के अनुरूप वह हर काम करेगी।

अभी एक फिल्म आई थी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया। इसमें स्त्री पात्र का चरित्र एक खूबसूरत स्त्री-रोबोट का है। खैर, यह तो फिल्म है जो हमें हमारे समाज के भविष्य का रूप दिखा रहा है। ऐसा सचमुच कब होगा मालूम नहीं, जब हम एक आम स्त्री और रोबोट में फर्क न कर पाएं। हालांकि फिल्म में इसके दुष्परिणाम भी दिखाए गए हैं; लेकिन यह तो सत्य है कि हर पुरुष ऐसी ही रोबोट स्त्री चाहता है, जो बिना थके बिना किसी शिकायत चौबीस घंटा उसके लिए मुस्कुराती हुई उपलब्ध रहे। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फिल्म देखकर यह खयाल आया कि सचमुच ऐसे रोबोट बनाए जाएं, जो पूर्णतः शारीरिक और मानसिक रूप से स्त्री हो ताकि पुरुष अपने मनमाफिक उसका संचालन और उपयोग करे। स्त्री-रोबोट 24 घंटे हर काम के लिए उपलब्ध रहेगी। घर का काम, बैंक का काम या कोई गुप्त कार्य वह आसानी से करेगी। उसे न भूख लगेगी न प्यास, न आंसू बहाएगी न कोई शिकायत करेगी। अधिकतर पति को अपनी पत्नी से शिकायत रहती है। ढेरों चुटकुले बने हैं पत्नी-पीड़ित पुरुष द्वारा स्त्री के लिए।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

**नचिकेता** वहां तीन दिन तक बगैर खाए-पिए उनका इंतजार करता रहा। यम आए। जब जाना कि अतिथि एक बालक है और तीन दिन से उनकी राह देख रहा था, तो प्रसन्न होकर कहा, ह्यहमसे तीन वरदान मांग लो। कम उम्र के नचिकेता ने परिपक्व समझ दिखाते हुए यम से पहले वर के रूप में यह मांगा कि वह जब यहां से लौटे, तो उसके पिता उसे देख खुश हो जाएं।

यानी उसने जीवन मांग लिया। फिर उसने जिज्ञासा प्रकट की कि मुझे उस आग के बारे में बताएं, जिससे गुजरकर इंसान स्वर्ग पहुंचता है। तीसरे मुझे उस अमरता के बारे में बताएं, जिसकी चाह हर इंसान को मृत्यु के बाद रहती है। नचिकेता के सवालों से यमराज असमंजस में पड़ गए। जीवन का वर तो दे दिया लेकिन बाकी बातें उन्हें झमेले वाली लगीं। उन्होंने बालक का मन बदलने के लिए कहा कि ऐसी जिज्ञासाओं की बजाय तुम धन-दौलत, ऐशो-आराम की तमाम चीजें मांग लो। मजे से रहो।

भला यह कैसी अटपटी जिज्ञासा लेकर बैठ गए। लेकिन नचिकेता टस-से-मस नहीं हुआ। तब यम ने उसकी सारी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

सवाल है कि यम यानी मृत्यु के सामने नचिकेता जीवन और उसकी तमाम सुख-सुविधाएं न मांगकर अपनी जिज्ञासा पर क्यों अटल रहा? इसका जवाब नचिकेता पर यादगार कविता-पुस्तक आत्मजयी लिखनेवाले कुंवर नारायण यूं देते हैं, नचिकेता का हठ एक दृढ़ जिज्ञासु का हठ है।

मनुष्य की समृद्धि में पारस्परिक सहयोग एवं सहकार का महत्वपूर्ण स्थान है।अपने समुदाय व राष्ट्र के आर्थिक-सामाजिक व सांस्कृतिक उन्नयन में विशिष्ट योगदान देने वाली सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाए जाने वाले #विश्वसहकारितादिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**–स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

हिंदुस्तान डर का देश नहीं है। हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसा की बात की, डर मिटाने की बात की।नरेंद्र मोदी, भाजपा और आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं हैं- जो हिंसा और नफरत फैलाता है, वो हिंदू हो ही नहीं सकता।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**





अभ्यर्थियों के माध्यम से झारखंड में बड़े पैमाने पर नियुक्ति घोटाले की सूचना मिल रही है !भाजपा द्वारा तथ्य के साथ पीजीटी परीक्षा में गड़बड़ी का खुलासा करने के पश्चात युवाओं के आक्रोश के आगे झुकी झामुमो-कांग्रेस राज्य सरकार।

**– नरेन्द्र मोदी**

# अमरनाथ बर्फ लिंगम की खोज बूटा मलिक ने की थी

**नागेन्द्र सिंह**

पहलगाम से 2750 श्रद्धालुओं का पहला जत्था बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। कोरोना महामारी की वजह से ये यात्रा पिछले दो साल से बंद थी। जम्मू कश्मीर के उप राज्य पाल मनोज सिन्हा ने जम्मू से यात्रियों के जत्थे को रवाना किया था। यात्रा के लिए इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए यात्रियों को ले जाने वाली गाड़ियों पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग लगाया गया है। इस साल अमरनाथ यात्रा 11 अगस्त यानी कि रक्षा बंधन तक चलेगी। इस साल आतंकवादियों से अधिक संभावित खतरे के आलोक में यात्रा के आसपास सुरक्षा कर्मियों की सामान्य संख्या से लगभग 3-4 गुना अधिक तैनात किया गया है। इस साल की अमरनाथ यात्रा ऐतिहासिक होगी। केंद्रीय सूचना और प्रसारण सचिव अपूर्व चंद ने अप्रैल में कहा था - कुछ 6-8 लाख तीर्थयात्री मंदिर का दौरा करेंगे। 2019 में पिछली बार यात्रा आयोजित की गई थी। सरकार ने जम्मू और कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य में संवैधानिक परिवर्तनों से पहले तीर्थयात्रा को बीच में ही रद्द कर दिया था।

हिमालय की ऊंचाई पर स्थित भगवान शिव की गुफा की अमरनाथ यात्रा को देश के सबसे प्रतिष्ठित तीर्थों में से एक माना जाता है। हर साल, सैकड़ों हजारों तीर्थयात्री तीर्थ यात्रा करते हैं। गुफा की खोज 1850 में बूटा मलिक नाम के एक मुस्लिम चरवाहे ने की थी। मलिक अपने जानवरों के झुंड के साथ पहाड़ों में थे,

## धर्म

जब एक सूफी संत ने उन्हें कोयले का एक थैला दिया। घर लौटने के बाद, मलिक ने बैग खोला, और उसे सोने से भरा हुआ पाया। हर्षित चरवाहा संत को धन्यवाद देने के लिए पहाड़ों की ओर दौड़ा, लेकिन वह उसे नहीं मिले। इसके बजाय, उन्होंने गुफा और उसके प्रसिद्ध बर्फ लिंगम को पाया। जब उसने उस गुफा में प्रवेश किया, तो वह हैरान रह गया उस गुफा में बर्फ का शिवलिंग था। गडरिये ने सभी को इसके बारे में बताया। इसी गुफा को अमरनाथ की गुफा कहा जाता है। धीरे- धीरे जब लोगों को इस गुफा और बाबा बफार्नी के बारे में पता चला, तो दूर- दराज से वे इसके दर्शन के लिए आने लगे। अब हर साल अमरनाथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। अमरावती नदी के पथ पर आगे बढ़ते हुए कई छोटी-छोटी गुफाएं हैं, जो सभी बर्फ से ढकी हैं।

अमरनाथ गुफा समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यहां केवल पैदल या टट्टू द्वारा ही पहुंचा जा सकता है। हिमालय के अंदर गुफा मंदिर तक काजीगुंड-अनंतनाग-पहलगाम अक्ष और काजीगुंड-अनंतनाग-पुलवामा-श्रीनगर-बांदीपुर-गांदरबल-सोनमर्ग-बालटाल अक्ष के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। दो मार्ग हैं जिनसे तीर्थयात्री पवित्र स्थल की यात्रा कर सकते हैं। अधिकांश लोग बालटाल मार्ग का उपयोग करते हैं, जो कि बालटाल से 16 किमी की छोटी ट्रेक है जो एक खड़ी, घुमावदार पहाड़ी रास्ते के साथ मंदिर तक जाती है। इस मार्ग में तीर्थयात्रियों को 1-2 दिन लगते हैं। दूसरा पहलगाम मार्ग है, जो गुफा से लगभग 36-48 किमी दूर है और इसे तय करने में 3-5 दिन लगते हैं। जबकि यह एक लंबी यात्रा है, यह थोड़ी आसान और कम खड़ी है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस पूरे केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को अपने वाहनों और सामान की जांच करने की सलाह दे रही है। मई की शुरूआत में, पुलिस को जम्मू शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कनाचक के कांटीवाला-दयारन गांव में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास प्लास्टिक के लंच बॉक्स में 3 चिपचिपे बमों का एक पैकेट मिला। इस तरह के छोटे चुंबकीय आईईडी फरवरी 2021 से नियमित अंतराल पर पाए गए हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

महिलाओं पर अत्याचार...



साभार: कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### जीवन के पथ प्रदर्शक

जिंदगी में विपरीत स्थितियों में सकारात्मकता को बखूबी उजागर कर गया है। जब मन को निराशा घेर लेती है, सफलता नहीं मिलती, हार का सामना करना पड़ता है, तब आशा की ज्योति ही अंधेरे में उजाले की किरण बन राह दिखाती है। आशा, दृढ़ निश्चय और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफल जीवन के पथ प्रदर्शक हैं। जीवन की यही सच्चाई है।

**–अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### जहर का कहर

देश में नकली शराब बनाने का धंधा थम नहीं रहा है। गत माह तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 53 लोगों के मरने की खबर है। वहीं सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हैं। कुछ लोग रातोंरात पैसा कमाने के लिए इसमें जहरीले रासायनिक पदार्थ मिला देते हैं। शराब पीने वाले भी सस्ती के चक्कर में अपनी जान गवां बैठते हैं।

**– लक्ष्य शर्मा, हजारीबाग**

# संस्कृत को नासा ने स्वीकारा, इसे सभी अपनाए

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

संस्कृत को किसी धर्म-विशेष से जोड़ना भी गलत है। संस्कृत जब प्रचलित हुई, तब पृथ्वी पर न तो हिंदू, न ईसाई और न ही इस्लाम धर्म का उदय हुआ था। संस्कृत भाषा किसी जाति-विशेष की जागीर नहीं है। क्या उपनिषदों का गाड़ीवान रैक्व ब्राह्मण था?

दुनिया में संस्कृत जैसी वैज्ञानिक, व्याकरणसम्मत और समृद्ध भाषा कोई और नहीं है। यह दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तो है ही, शब्द भंडार इतना बड़ा है कि उसके मुकाबले दुनिया की समस्त भाषाओं का संपूर्ण शब्द-भंडार भी छोटा है।

अमेरिकी संस्था नासा के एक अनुमान के अनुसार संस्कृत चाहे तो 102 अरब से भी ज्यादा शब्दों का शब्दकोश जारी कर सकती है, क्योंकि उसकी धातुओं, लकार, कृदंत और पर्यायवाची शब्दों से लाखों नए शब्दों का निर्माण हो सकता है।

संस्कृत की बड़ी खूबी यह भी है कि उसकी लिपि अत्यंत वैज्ञानिक और गणित के सूत्रों की तरह है। जैसा बोलना, वैसा लिखना और जैसा लिखना, वैसा बोलना। अंग्रेजी और फ्रेंच की तरह संस्कृत हवा में लट्ठ नहीं घुमाती है। ह्यनासाह्ण ने अपने वैज्ञानिक अनुसंधानों और कंप्यूटर के लिए संस्कृत को सर्वश्रेष्ठ भाषा बताया है। संस्कृत सचमुच में विश्व भाषा है। इसने दर्जनों एशियाई और यूरोपीय भाषाओं को समृद्ध किया है।

संस्कृत को किसी धर्म-विशेष से जोड़ना भी गलत है। संस्कृत जब प्रचलित हुई, तब पृथ्वी पर न तो हिंदू, न ईसाई और न ही इस्लाम धर्म का उदय हुआ था। संस्कृत भाषा किसी जाति-

> संस्कृत की बड़ी खूबी यह भी है कि उसकी लिपि अत्यंत वैज्ञानिक और गणित के सूत्रों की तरह है। जैसा बोलना, वैसा लिखना और जैसा लिखना, वैसा बोलना। अंग्रेजी और फ्रेंच की तरह संस्कृत हवा में लट्ठ नहीं घुमाती है। नासा ने अपने वैज्ञानिक अनुसंधानों और कंप्यूटर के लिए संस्कृत को सर्वश्रेष्ठ भाषा बताया है।

विशेष की जागीर नहीं है।

क्या उपनिषदों का गाड़ीवान रैक्व ब्राह्मण था? संस्कृत को पढ़ने का अधिकार हर मनुष्य को है। औरंगजेब के भाई दाराशिकोह क्या हिंदू और ब्राह्मण थे? उन्होंने 50 उपनिषदों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद सिर्रे अकबर के नाम से किया था। अब्दुल रहीम खानखाना ने खटकौतुकम नामक ग्रंथ संस्कृत में लिखा था। तेहरान विश्वविद्यालय में मेरे एक साथी प्रोफेसर कुरान-शरीफ का अनुवाद संस्कृत में करने लगे थे। कुछ ईसाई विद्वानों ने संस्कृत ख्रीस्त गीता और ख्रीस्त भागवत भी लिखी है।

कुछ अंग्रेज विद्वानों ने अब से लगभग पौने 200 साल पहले बाइबिल का संस्कृत अनुवाद ह्यनूतनधर्म्मनियमस्य ग्रंथसंग्रहः के नाम से प्रकाशित कर दिया था। लगभग 40 साल पहले पाकिस्तान में मुझे एक पुणे के मुसलमान विद्वान मिले। मैं उनके घर गया। वे मुझसे लगातार संस्कृत में ही बात करते रहे। भारत में पंडित गुलाम दस्तगीर और डॉ. हनीफ खान जैसे संस्कृत के विद्वानों से मेरी पत्नी डॉ. वेदवती का सतत संपर्क बना रहा। अलीगढ़ मुस्लिम वि.वि. की संस्कृत पंडिता डॉ. सलमा महफूज ने ही दाराशिकोह के 'सिर्रे अकबर' का हिंदी अनुवाद किया है। अभी भी मेरे कई परिचित मुसलमान मित्र विभिन्न विश्वविद्यालयों में संस्कृत के आचार्य हैं। इसीलिए मेरा निवेदन है कि संस्कृत को किसी मजहब या जाति की बपौती न बनाएं।

जरूरी यह है कि भारत के बच्चों को संस्कृत, उनकी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा हिंदी 11वीं कक्षा तक अवश्य पढ़ाई जाए और फिर अगले तीन साल बी.ए. में उन्हें छूट हो कि वे अंग्रेजी या अन्य कोई विदेशी भाषा पढ़ें। कोई भी विदेशी भाषा सीखने के लिए तीन साल बहुत होते हैं। उसके कारण हमारे बच्चों को संस्कृत के महान वरदान से वंचित क्यों किया जाए?

# रंगदारी के लिए ठेकेदार को अपराधियों ने मारी गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## बरकाकाना में वारदात

- घायल ज्ञानेंद्र श्रीपाल कुरील पाली डॉग हॉस्पिटल में भती
- भाई को भी लाठी डंडे से पीटा

**रामगढ़** । बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत बरकाकाना रांची रेलखंड पर हेहल स्टेशन के पास हथियारबंद अपराधियों ने ठेकेदार को मारी गोली। दिनदहाड़े हुई इस गोलीबारी से पूरा इलाका दहल गया। अपराधियों की गोली से ठेकेदार ज्ञानेंद्र श्रीपाल कुरील घायल हो गए हैं।

अपराधियों ने उनके भाई राघवेंद्र कुरील को भी लाठी डंडों से पीता है। घायल ज्ञानेंद्र श्रीपाल कुरील को इलाज के लिए रांची रोड स्थित पाली डॉग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक इलाज के बाद उन्हें खतरे से बाहर बता रहे हैं। ज्ञानेंद्र को कमर में गोली लगी है, जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि बरकाकाना रांची रेलखंड पर रेलवे के द्वारा ट्रैक की सुरक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है। वहां अक्सर लैंड स्लाइडिंग होती रहती है। यह काम महाराष्ट्र राज्य के पुणे स्थित गरवारे टेक्निकल फाइबर्स लिमिटेड को दिया गया है। इस कंपनी ने काम करने के लिए आरव जिओ इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को जिम्मेदारी सौंप थी। उसके संचालक ज्ञानेंद्र श्रीपाल कुरील और उनके भाई राघवेंद्र कुरील के द्वारा काम कराया जा रहा था। मंगलवार को लगभग दस बजे चार हथियारबंद अपराधी जंगल की तरफ से हेहल



स्टेशन से लगभग 600 मीटर दूर साइट पर पहुंचे और उन लोगों ने काम बंद कर दिया। इस दौरान मजदूरों के साथ मारपीट की और उन्हें धमकी भी दी। वे लोग खुद को गिरोह का सदस्य बता रहे थे। जब उनकी बातों का विरोध राघवेंद्र कुरील ने किया तो लाठी डंडों से अपराधियों ने उन्हें पीटा। इस दौरान जब ज्ञानेंद्र श्रीपाल कुरील वहां पहुंचे तो उनके साथ भी अपराधियों ने मारपीट की। वे लोग रंगदारी की मांग कर रहे थे। साथ ही कंपनी के मालिकों का नंबर मांग रहे थे। मारपीट का विरोध जब ज्ञानेंद्र ने किया तो एक अपराधी ने उन्हें गोली मार दी और वे चारों फरार हो गए।

# झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल : रोशन लाल चौधरी

**भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी आजसू**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




केरेडारी। आजसू पार्टी ने मंगलवार को केरेडारी अंचल कार्यालय में बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम हुआ। रोशनलाल चौधरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को झारखंडमें व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ में राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा। हल्ला बोल कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो व संचालन प्रखंड सचिव मोहन महतो ने किया। चौधरी ने कहा कि वर्तमान की चंपई सरकार ने पूरे प्रदेश भर में भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी कर रखी है।हर क्षेत्र में इस सरकार के और सरकार के शासन प्रशासन में भ्रष्टाचारी कूट कूट के भरी हुई है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है, जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं, राज्य में जमीन दाखिल - खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं, अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है,नदी घाटो की नीलामी नहीं हुई है जिससे बालू उपलब्ध नहीं है लाभुक घर बनाए तो बनाए कैसे उसमे भी कालाबाजारी, मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा, छात्र - छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है, प्रखंड सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है, सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति नगण्य रहती है अथवा समय से नही रहती है जिससे दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों का काम समय पर नहीं हो पाता, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, पेंशनधारियों का पेंशन निर्बाध रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा, राशन कार्ड एक्स धारियों को समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, राशन की कटौती की जा रही है, सैंकड़ों चापानल खराब पड़े हैं। ऐसी सैंकड़ों जनहित के मुद्दे पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। जिसके आलोक में पार्टी के द्वारा राज्य स्तरीय हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। युवा रोजगार हेतू पलायन को मजबूर हैं। राज्य में बढ़ रही अव्यवस्था अगर सुधार नहीं हुई तो इसके खिलाफ आजसू पार्टी निर्णायक आंदोलन को तैयार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य पंकज साहा,भोला महतो,अंजली देवी,अशोक कुमार, विजय कुमार,अजय कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## राम जानकी मंदिर के पास डीप बोरिंग शुरू



**बड़कागांव।** राम मंदिर के पास विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार डीपी बोरिंग कार्य का किया उद्घाटन। कुशवाहा समाज ने विधायक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया व आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों से किया हर एक वादा को पूर्ण किया जा रहा है, प्रत्येक पंचायत में चापाकल बोरिंग का कार्य तेजी से जारी है। आने दिनों में मुस्लिम मोहल्ला बड़कागांव, हरली, नयाटांड़ भुईया टोली में भी डीप बोरिंग कार्य होना है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम,वरिष्ठ कांग्रेसी विशेश्वर नाथ चौबे, मालती देवी, झमन महतो, बालेश्वर महतो,सुरेंद्र कुशवाहा, हुलास प्रसाद दांगी, पंकज गुप्ता,श्याम भार्गव,रविंद्र महतो, प्रकाश महतो, प्रेमनाथ महतो, जमाल सगीर,किशोर कुमार महतो, बंधु महतो,बिगल चौधरी, मोहम्मद शमशेर,किशोर शुक्ला, सहेश सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने फूंका राहुल का पुतला



**बरही।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बरही चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा ऊंट पटांग बयान देते हैं, वह हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को कई बार आहत किया है इसलिए वे माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उनकी सदस्यता को भी रद्द किया जाए। पुतला दहन में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, अर्जुन साव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर रंजीत चन्द्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, प्रदुम्न सिंह, युवा नेता आकाश जायसवाल, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनोज साव, मुन्ना यादव, अभिषेक निषाद, शिवा निषाद, संतोष निषाद, राजकुमार केशरी, रंजीत यादव, इंद्रदेव ठाकुर अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मनाया डॉक्टर्स डे

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुण्डा ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सोमवार देर शाम आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा और गिद्दी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को सम्मानित किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजु देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने डॉक्टरों का जोरदार स्वागत किया। साथ ही लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के पदाधिकारियों ने सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के डॉ सुनील कुमार और गिद्दी अस्पताल के डॉ जेड आई खान को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर नये सत्र की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्व को बेहतरीन जिम्मेदारी के साथ निभाते हैं। डॉक्टरों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब स्वास्थ के क्षेत्र में डॉक्टरों के साथ कदम से कदम मिलाकर सेवाभाव से क्षेत्र में स्वास्थ्य के लिए काम करेगा।

## बच्चों की परफॉर्मेंस पर फोकस करता है श्रीदस स्कूल : रोहित सिंह

**बरही।** 28 जून से 30 जूनचिपलून रत्नागिरी महाराष्ट्र में आयोजित 8वें जूनियर राष्ट्रीय लगोरी चैम्पियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के उज्ज्वल यादव जो झारखंड टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक हैं उन्होंने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उज्ज्वल की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अपनी कामयाबी का राज बताते हुए उज्ज्वल ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में वह अपने स्कूल और स्कूल प्रशासन को श्रेय दूंगा, जिन्होंने हर मोड़ पर उनका साथ दिया। अपनी जीत का क्रेडिट उन्होंने अपने स्कूल को दिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल सदैव बच्चों के ओवरऑल परफॉर्मेंस पर फोकस करता है, चाहे वह पढ़ाई हो या फिर खेलकूद। हम अपने बच्चों की सभी परफॉर्मेंस का रिकॉर्ड ट्रैक करते हैं ताकि उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाया जा सके। उन्होंने उज्ज्वल यादव की सेलेक्शन पर भी खुशी जाहिर करते हुए कहा, उज्ज्वल एक अच्छे लगोरी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा से स्कूल और अपने राज्य का नाम रोशन किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वे आने वाले नेशनल चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल उज्ज्वल यादव की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है।

# पर्यावरण की सुरक्षा सभी का दायित्व : प्रवीण शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने 250 पौधों का किया वितरण
- नये सत्र 2024-25 के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व सचिव रंजीत गुप्ता ने ग्रहण किया पदभार

भुरकुंडा (रामगढ़)।रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने सोमवार की रात्रि रोटरी हॉल में सत्र 2024-25 के नये पदाधिकारियों का चेंज ओवर डे मनाया गया। कार्यक्रम में पिछले सत्र 2023-24 के अध्यक्ष व सचिव ने रोटरी क्लब के नये अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व सचिव रंजीत गुप्ता को पदभार सौंपा। कार्यक्रम में दो नये सदस्य गजानंद प्रसाद व महेश्वर साहू रोटरी परिवार में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण किये। इस अवसर पर मंगलवार को सांवरिया मॉल के समीप लोगों के बीच 250 फलदार पौधों का वितरण कर पर्यावरण को हराभरा बनाये रखने का आहवान किया गया। इस दौरान क्लब के लोगों ने कई पौधे भी लगाये। मौके पर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होते हैं, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ इसका संरक्षण भी हमारा दायित्व है। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा अपने सामाजिक दायित्वों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है। आने वाले दिनों में क्लब द्वारा अधिक से अधिक पौधे लगकर लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया जायेगा। साथ ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा व




समाजहित में बेहतर कार्य किया जायेगा। सचिव रंजीत गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण ही काफी नहीं, इसकी सुरक्षा बेहद जरूरी है। सचिव श्री गुप्ता ने कहा पेड़-पौधे धरती के गहना होते हैं। प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए हमसबों को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। कार्यक्रम में रोटेरियन परमजीत सिंह धामी, डॉ एनके सिंह, अजय गोयल, धनंजय अग्रवाल, रामकिशोर प्रसाद, अशोक शर्मा, विजय कुमार, चंद्रशेखर अग्रवाल, श्रीकांत गुप्ता सहित क्लब के कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### स्कूल में स्वच्छता सामग्री वितरित




भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना द्वारा मंगलवार को चैनगड़ा स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय और राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता सामग्री का वितरण किया गया। सीएसआर के शशि कुमार, पंकज, अमृतांशु पुरूषोत्तम आदि अतिथियों ने डस्टबिन, फिनाइल, झाड़ू-पोछा, हार्पिक, बाल्टी, जग, हैंड वॉश, ब्रश आदि सामग्री का वितरण किया। मौके पर वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, समाजसेवी बिट्टू महतो, प्रधानाध्यापक विभूति कुमार, प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, अध्यक्ष राजेश्वर बेदिया, वासुदेव प्रसाद, भीखन महतो, वाहिद अंसारी, मनोज महतो, राजेश्वरी देवी, इल्लीसभा लकड़ा, सुमित्रा मांझी आदी मौजूद थे।

### अग्रसेन डीएवी स्कूल में पौधरोपण



**कुजू।** वन महोत्सव पर अग्रेसन डीएवी भरेचनगर में कई कार्यक्रम हुआ। महोत्सव में आरएफओ बटेश्वर पासवान, वन विभाग के सदस्य रोहित कुमार, रंजीत कुशवाहा , अजीत कुमार के अलावे आजसू जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी जय किशोर महतो शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि जैसे हम अपने बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करते हैं वैसे ही हमें इन पौधों को भी पाल-पोसकर बड़ा करना चाहिए। कई पौधों को छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकों ने लगाया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय की नवम कक्षा की छात्रा राजनंदिनी एवं छात्र तृषित मुखर्जी ने अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। वही छठी कक्षा की छात्रा काव्या मिश्रा ने भी वन महोत्सव पर एक कविता कही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवम शिक्षक- शिक्षिकाओं की देखरेख में बच्चों के द्वारा नवीन पौधारोपण भी किए। सभी बच्चों ने विद्यालय की जीव विज्ञान की शिक्षिका माधवी के निर्देशन में बड़े उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### झामुमो ने जालेश्वर को दी श्रद्धांजलि



**कुजू।** मांडू प्रखंड के रतवे नावाटांड में सोमवार को शहीद जालेश्वर महतो की 31वीं शहादत दिवस मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो उपस्थित थे। सर्वप्रथम शहीद जालेश्वर की पत्नी सुशीला देवी, पुत्री ममता कुमारी, मां फुलिया देवी व बड़े भाई पूर्व मुखिया रामेश्वर महतो समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन की लड़ाई में कई वीर शहीदों ने अपनी शहादत दी है। इनमें से शहीद जालेश्वर महतो की भी भूमिका अहम रही है। मौके पर नीलकंठ महतो, खागेश्वर महतो, राजनाथ महतो, रामकिशुन गिरी, मोगल चंद पटेल, शशिकांत पटेल, रामफल महतो, सुमन कुमार, सुखदेव महतो, आनंद लाल मुंडा, घनश्याम महतो, फुलेश्वरी देवी, खागेश्वर महतो, चन्दन कुमार, ज्योतिष कुमार महतो, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### वाटर फिल्टर का जीएम ने किया उद्घाटन




**कुजू।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोचरा में सीएसआर निधि से प्यूरिफाई वाटर फिल्टर मशीन का उद्घाटन मंगलवार को एसआरयू महाप्रबंधक बीबी कांता ने किया। मौके पर एसआरयू के आर शाहा, पीके गुप्ता, एके सिंह, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार रामदास, मंजू यादव, ललिता देवी, जीरू देवी, रीना देवी, रंजीता देवी के साथ स्कूली बच्चे शामिल थे।

### व्याख्याता की चौथी पुण्यतिथि मनी



**गोला(रामगढ़)।** माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के सचिव सह पत्रकार सुजीत सिन्हा की धर्मपत्नी पूर्व व्याख्याता(इतिहास) बिनीता सिन्हा की चौथी पूण्यतिथि मनाई गई। सचिव ने बिनीता सिन्हा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बिनीता सिन्हा न सिर्फ शिक्षित प्रतिभा की हीं धनी थी अपितु वे मृदुभाषी, मिलनसार तथा एक सफल गृहिणी भी थी। मौके पर वरीय व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, भोला कुमार महथा, मनोज कुमार झा, असगर अली, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार एवं दिलीप रजवार मौजूद थे।

### पीओ मनोज पाठक हुये सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला कार्मिक संघ भुरकुंडा परियोजना कमेटी की ओर से मंगलवार को भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक को महाप्रबंधक पद पर चयनित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मानित कर बधाई दी। कार्यक्रम में यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार मिश्रा मौजूद थे। इस दौरान यूनियन के लोगों ने मनोज पाठक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए जीवन में और आगे बढ़ाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर परियोजना कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा व शाखा सचिव विकास कांत सिन्हा के नेतृत्व में पीओ एमके पाठक को कोल कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित 18 सूत्री मांग-पत्र भी सौंपा गया। मौके पर संजय मिश्रा ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधक कोल कर्मचारियों के सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें। श्री मिश्रा ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन 18 सूत्री मांगों का निपटारा जल्द से जल्द करे, अन्यथा हमारी यूनियन आंदोलन को बाध्य होगी। मांग पत्र सौंपने वालों में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, शाखा अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, शाखा सचिव विकास कांत सिन्हा, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य अजीत सिंन्हा, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गुरुदयाल ठाकुर, प्रभाष दास, रामवृक्ष, दिनकर सिन्हा, पंकज सिंह, जसवंत शर्मा, शैलेंद्र सिंह, रोबिन मुखर्जी, विवेक लाहकार, अरविंद सहाय, रमेश कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### चौपारण में दो दर्जन लोग भाजपा में शामिल



चौपारण। यवनपुर पंचायत के चक्रसार में ट्रांसफॉर्मर उद्घाटन सह मिलन समारोह हुआ।बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा शामिल हुए। इस दौरान चक्रसार गांव के दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल। सभी का पूर्व विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आपके मान सम्मान के लिए सदैव खड़ा रहूँगा। वही पूर्व विधायक के सहयोग से महज 24 घण्टे के भीतर उपलब्ध कराए गए ट्रांसफार्मर का अतिथियो ने उदघाटन किया। पूर्व विधायक ने कहा कि कार्यक्रम में 4 बजे पहुँचना था लेकिन राँची से लौटते लौटते 5 घण्टे की देरी हो गई। बावजूद आपका देर रात्रि तक रुकना और गर्मजोशी से स्वागत से अभिभूत हूँ। आपका यही उत्साह और जनसमर्थन मुझे ऊर्जा प्रदान करता है। मंच संचालन सजीव कुमार ने किया। मौके पर भाजपा नेता अरविंद सिन्हा, आशीष सिंह, बलराम दाँगी, रंजीत प्रजापत्ति, मंतोष सिंह, राहुल राणा, सूरज सिंह, मेहन्द्र साव, जितेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, शम्भू साव, सत्यम सिंह, योगेश सिंह, रोहित राणा, ध्रुपनारायन सिंह सहित अन्य मौजूद थे। सहदेव राणा, अर्जुन प्रजापति, रामसेवक सिंह, बद्री प्रजापति, किशोर सिंह, भागी प्रजापति, जीवन सिंह, दयानंद सिंह, कैलाश राम, बजरंग सिंह, अनिल सिंह, सुनील सिंह, मोहन यादव, विजय राणा, विजय भुइयाँ, रामेश्वर रविदास, प्रमोद यादव, सुरेंद्र सिंह, रामप्रीत सिंह, रामप्रवेश सिंह, अमन सिंह, बिरेन्द्र सिन्हा, चलितर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मनोज सिंह सहित व अन्य।

### उपायुक्त से मिले बीएमएस के सदस्य



**चरही।** हजारीबाग उपायुक्त के साथ बीएमएस जिला कमिटी की परिचय बैठक हुई। जिसमें हजारीबाग जिला का भिन्न भिन्न समस्याओं को रखा गया। उपायुक्त ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव रणविजय सिंह एरिया, जेपी राणा, जिला अध्यक्ष माया मेहता अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पप्पू दूबे, जिला मंत्री नीरज सिंह, सह मंत्री दीपक प्रकाश, संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार, कार्यालय मंत्री अभय मिश्रा, कोषाध्यक्ष रंजन दास, सुजीत झा, पंकज सिंह गौतम सिंह और संतोष कुमार उपस्थित थे।

### गौतम ने अब तक 80 ट्रांसफर्मर लगवाया

**इचाक।** युवा नेता गौतम कुमार के पहल से अब तक पुरे बरकट्ठा विधानसभा में अब तक 80 ट्रांसफर्मर लगा चुके है।इस सप्ताह में इचाक के आलोंजा कला में,बरकट्ठा के बुच्चई व तुईओ में जबकि चलकुशा प्रखंड के चौबे में ट्रांसफर्मर लगा चुके है। कुमार ने कहा कि पिछले दिन वज्रपात से विधानसभा क्षेत्र में कई ट्रांसफर्मर जल गए।लेकिन मेरा प्रयास रहता है क्षेत्र के लोगो को जल्द से जल्द बिजली उपलब्ध हो । इसके लिए बिजली विभाग तत्पर है। अलॉन्जा कला में ट्रांसफर्मर का किया उद्घाटन। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए पोल ,तार व ट्रांसफर्मर लगवाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। मौके पर आदर्श युवा संगठन के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार,आलोंजा पंचायत के पसस महेंद्र पंडित, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष विक्की गिरी,एसटीएससी संघ के अध्यक्ष कमल कुमार दास,प्रखंड अध्यक्ष पप्पु कुमार दास,प्रकाश कु दास,राजकुमार दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### जल्द अबुआ आवास बनायें लाभुक : बीडीओ



चौपारण। बीडीओ सीमा कुमारी और बीपीओ संतोष कुमार ने यवनपुर पंचायत में हो रहे कई कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही अबुआ आवास के कार्यों में हो रहे विलंब को यथा शीघ्र 15 दिनों के अंदर पूरा करने के निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास के वैसे लाभुक जो 15 दिनों के अंदर संतोष जनक कार्य नहीं कर पाएंगे, उनपर सख्त कार्रवाई होगी। पहली किस्त को वापस लेकर उनका आवास रद्द कर दिया जायेगा। मौके पर मुखिया जानकी यादव, पसंस प्रतिनिधि बैजनाथ साहू,पंचायत सचिव अमित मिंज,जीआरएस सुनीता कुमारी,सुधीर दांगी,राजेश चौधरी,विशुनदेव साव, जुगल साव,राजेश कुशवाहा, जसवंत साव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### चरही में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**चरही।** रविवार अहले सुबह वन विभाग के कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार पर गश्ती के दौरान अवैध कोयले से लोड ट्रक को धरदबोचा।चरही बिट के प्रभारी फोरेस्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रक नंबर डब्ल्यू 11इ / इ 7423 इंद्रा के 15 माइल एनएच 33 की ओर से हजारीबाग जा रहा था। जिसकी सूचना विभाग के वरीय पदाधिकारी को मिली थी।जिसके आधार पर टीम को तैयार कर किया गया।टीम के लोग सूचना स्थल पर पहुंचकर आ रहे ट्रक को रुकवाने का प्रयास किया गया।लेकिन ट्रक के चालक भागते रहा।अंततः विभाग के कर्मियों ने उक्त ट्रक को खदेड़ कर 14 माइल के समीप धरदबोचा गया।लेकिन चालक भागने में सफल रहा। विभाग के लोगों के द्वारा जांच पड़ताल करने पर पाया कि उस ट्रक पर 120 बोरिया पोड़ा कोयला लोड पाया गया। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पदमा : सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

पदमा। एनएच 33 स्थित सूर्यपुरा में मंगलवार को सुबह सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जानकारी के अनुसार महिला सुबह घर से टहलने के लिए निकली ही थी कि तभी एक ट्रक के सामने खड़ी थी की अचानक पोस्ट ऑफिस के पार्सल वैन सामने खड़े ट्रक को सीधी टक्कर मार दी। इस टक्कर में महिला के दो टुकड़े हो गए जिससे महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक महिला का पहचान डिलेश्वरी देवी पति स्वर्गीय महरु नारायण मेहता उम्र 50 वर्ष ग्राम तिलेडीह सूरजपुरा निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से ट्रक चालक को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पदमा थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्डम के लिए हजारीबाग भेजा दिया। वैन चालक को थाना लाया, उस पर प्राथमिक दर्ज करते हुए हजारीबाग केंद्रीय कारा भेज दिया।

### बालू स्टॉक करने वालों पर होगी कार्रवाई : सीओ

**बरही।** राज्य में एनजीटी लागू है, ऐसे में बालू का उत्खनन या बिना अनुमति के स्टॉक जमा करना गैर कानूनी माना जायेगा। उक्त बातें सीओ रामनारायण खलखो ने विशेष बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि अवैध बालू उत्खनन या ढुलाई को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रही है, जिसमे कई सफलताएं भी मिली है। कई ट्रैक्टर जब्त कर कारवाई भी किए गए है।बाबजूद बालू की ढुलाई और भंडारण की सूचना मिल रही है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि इस संबंध में जल्दी ही औचक निरीक्षण किया जायेगा। यदि बिना दस्तावेज के बालू का भंडारण पाया गया तो भंडारण करने वालो के खिलाफ नियमसंगत कारवाई की जायेगी। उन्होंने अवैध बालू ढुलाई करने वाले वाहन चालकों से भीं ऐसी गतिविधियों को बंद करने के सलाह दी।

स्पीड न्यूज

## आवासीय व नेताजी सुभाषचन्द्र बोस विद्यालय के लिए नामांकन समिति की बैठक

**चतरा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय और नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक विद्यालय के लिए नामांकन समिति की बैठक हुई। बैठक में अल्पसंख्यक श्रेणी को छोड़कर नामांकन पूरा करने का निर्देश दिया गया। अल्पसंख्यक श्रेणी के छात्रों के नामांकन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर नामांकन को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।उपायुक्त ने विद्यालयों की आवश्यकताओं की जानकारी ली और कमियों से संबंधित प्रस्ताव जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रातापपुर की वार्डन ने पेयजल की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर पाईपलाइन से पेयजल की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग स्थित लोहरा नावाडीह एक तहसील कार्यालय के समीप सोमवार रात लगभग 8 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी व दूसरा युवक घायल हो गया। हादसे के बाद दोनों युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान थैयात मुहल्ला मरकच्चो निवासी बाबुलाल यादव के पुत्र 27 वर्षीय जयदेव यादव के रूप में कई गयी। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरे व्यक्ति की पहचान घायल अजय यादव के रूप में हुई है।

## नगरखारा में दो कार की टक्कर, कार सवार सुरक्षित

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरखारा आइस फैक्ट्री के समीप मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे दो कार की आपस में टक्कर हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार कार संख्या जेएच02बीके8528 कोडरमा की ओर से डोमचांच की ओर जा रही थी। इसी दौरान आइस फैक्ट्री नगरखारा के समीप अचानक एक जानवर सड़क पर दौर गया। जिसे बचाने के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार संख्या जेएच12क्यू95 से टक्कर हो गई।

## कोट नोटिस

न्यायालय,
सिविल जज, जूनियर डिवीजन नं. - 1
व्यवहार न्यायालय, डालटनगंज, पलामू।
मूलवाद सं. - 16/2023
राम प्रसाद प्रजापति
वादी बनाम
सुमंत प्रजापति एवं अन्य
प्रतिवादी
सूचना बनाम : -
राजु चंद्रवंशी पिता स्व. लक्ष्मण चंद्रवंशी, ग्राम+पो. कुंभी खुर्द, टोला - सलैया टिकर, थाना - नावा बाजार, जिला - पलामू।
चूं - बजरिये इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में मूलवाद दायर किया है जिसकी सूचना आपको नजारत व्यवहार न्यायालय तथा रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिया जा चुका है, परंतु आप उपस्थित नहीं हुए।
अतः इस गजट प्रकाशन से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 7-8-24 को समय 10:30 बजे दिन में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी जिसके लिए आप जिम्मेवार होंगे। इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक 20-06-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से निर्गत किया जाये।
सिविल जज, जूनियर डिवीजन नं. - 1व्यवहार न्यायालय, डालटनगंज, पलामू।

पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड की फेंसिंग का कार्य तीव्रगति से जारी

# 160 किमी घंटा तक की गति से बिना किसी अवरोध के चलेंगी ट्रेनें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** मिशन रफ्तार के तहत देश में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए काम हो रहा है। प्रमुख रेलमार्गों पर ट्रेनों की रफ्तार 130 से बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक करने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में् पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रस्तावित 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति वाले रेलवे ट्रैक के दोनों किनारे सुरक्षा बाड़ लगाए जा रहे हैं। इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक को कवर किया जा रहा है। इनमें प्रधानखंटा से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया, सोननगर होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में से 231 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग का कार्य पूरा हो चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 200 किलोमीटर में से 110 किलोमीटर रेलवे ट्रैक फेंसिंग का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरी की जा चुकी है। शेष 90 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह धनबाद मंडल में आने वाले 175 किलोमीटर ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड में से 25 किलोमीटर लंबे घाट सेक्शन छोड़कर शेष 150 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग की जानी है। इनमे से अब तक 121 किलोमीटर का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा हो चुका है। बाकी बचे 29 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर अगस्त 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। विदित हो कि प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंट के ढलाई किया हुआ स्लैब को दो पिलरों के मय स्थापित कर दिया जाता है तथा क्रैस बैरियर स्टील के दो पिलों के मध्य एक सीमित ऊंचाई के अंतराल पर दो स्टील प्लेटों को लगाया जाता है। बहुप्रतीक्षित ट्रैक फेंसिंग के कई फायदे हैं। फेंसिंग कार्य पूरा हो जाने के बाद इन रेलखंडों पर गाड़ियों का आवागमन और सुगम हो जाएगा, जिससे ट्रेनों का समय पालन बनाए रखने में मदद मिलेगी एवं अतिरिक्तट्रेनों का परिचालन भी हो सकेगा। इससे एक ओर जहां ट्रेनों का निर्बाध परिचालन होगा। वहीं लोगों द्वारा रेलवे ट्रैकों का अतिक्रमण अथवा अनाकृित रूप से रेलवे ट्रैकों से गुजरने पर होने वाली अप्रिय घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

62 लाख 17 हजार की लागत की कुल सात योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

# समस्याओं का हल करना मेरा दायित्व : डॉ.नीरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कोडरमा। नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत कोडरमा नगर पंचायत में विधायक डॉ. नीरा यादव द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। वहीं प्रदीप पांडे द्वारा बुके देकर उनका स्वागत किया। सोमवार को डॉ.नीरा यादव विधि विधान से पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर लगातार कई योजनाओं का शिलान्यास किया एवं मिठाईयां बांटी। वहीं विभाग के कनीय अभियंता, संवेदक, स्थानीय एवं दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। किये गए सात योजनाओं का शिलान्यास क्रमशः दो लाख चौहत्तर हजार छह सौ अठहत्तर रूपये की प्राकक्लित राशि से सुधा स्वीट्स के सामने निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के सामने पेवर ब्लॉक बिछाने एवं गेट लगाने के कार्य का निर्माण, सोलह लाख चौवन हजार नौ सौ रुपए की प्राकक्लित राशि से जयनगर रोड़ रेलवे ब्रिज से अरघोती नदी तक नाली निर्माण, दस लाख निनानवे हजार तीन सौ रुपए की प्राक्कलित राशि से वार्ड 8 में आदर्श मुहल्ला में भावानंद सिंह के घर से (सरकारी चापाकल) नरेंद्र पाल के घर होते हुए राजेंद्र चौक तक आरसीसी नाली निर्माण, सात लाख तेतालिस हजार एक सौ रुपए की प्राक्कलित राशि से हरिसभा प्रधानमंत्री आवास भवन वर्टीकल थ्री के ब्लॉक के सामने गार्डवाल का निर्माण, लाख उनतीस हजार छः सौ रुपए की प्राक्कलित राशि से बड़की बागी चौक से राजू यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, चौदह लाख चौरासी हजार पांच सौ रुपए की प्राक्कलित राशि से वार्ड 11 में राजन साव के घर से एनएच 31 तक आरसीसी नाला निर्माण, तीन लाख इकतीस हजार रुपए की प्राक्कलित राशि से बीएड. कॉलेज के निकट तालाब के पास कलवर्ट एवं गार्डवाल का निर्माण। उक्त सारे योजना नगर पंचायत कोडरमा द्वारा कार्यान्वित होने हैं। कार्यक्रम में डॉ. नीरा यादव ने कहा कि स्थानियों की समस्याओं का हल करना मेरा परम दायित्व है और भी कई योजनाओं का शिलान्यास जल्द की जाएगी। मौके पर कनीय अभियंता यादव लाल महतो, नरेंद्र पाल, मुकेश राम, कुलदीप राम, प्रदीप पांडे, दीपनारायण सिंह, श्री सिंह, विनोद यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, मिथलेश कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विवाहिता की मौत, ससुरालवालों पर दहेज हत्या का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत कांटी में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मृतका की पहचान 29 वर्षीय सरिता देवी पति राजीव साव उर्फ राजेश के रूप में हुई है। इस मामले में मृतका के पिता बैजनाथ साव निवासी भराजी थाना टाटी झरिया हजारीबाग ने तिलैया डैम ओपी में आवेदन देकर ससुरालवालों पर गला दबाकर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि अपनी बेटी की शादी 28 अप्रैल 2012 को हिंदू रीति रिवाज से कांटी निवासी राजीव साव के साथ की थी। शादी के बाद से ससुरालवालों ने उनकी बेटी को दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित व मारपीट किया जाता था, इसको लेकर कई बार समझौता भी हुआ है, इसके बावजूद बेटी के साथ मारपीट जारी रहा। आवेदन में उन्होंने बेटी के पति राजीव साव के अलावा संतोष साव पिता स्व. कारू साव, सास मसोमात शांति, मालती देवी पति संतोष साव, अंजू कुमारी पिता संतोष साव को आरोपी बनाते हुए सरिता की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना के बाद ससुराल वाले फरार बताये जाते हैं। हालांकि मृतका के पति राजीव साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

# रोटरी क्लब का नये सत्र का आगाज रक्तदान शिविर के साथ प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के नये सत्र का आगाज रक्तदान शिविर के साथ मानवता की सेवा के नेक कार्य से प्रारंभ हुआ। इस दौरान रोटरी सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी क्लब, इनर कील क्लब, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, अहिवरण वंशज मोदी समाज ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस दौरान 45 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ इनर व्हील की सदस्यों ने राष्ट्रगान से की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन ड. अनिल कुमार को पुष्प गुच्छ देकर रोटरी अयक्ष अमित कुमार ने सम्मानित किया व स्वागत भाषण दिया। संचालन रो. आरती आर्य ने किया शिविर के परियोजना निदेशक रो. सुरेश पिलानिया में अपना योगदान दिया. पूर्व अयक्ष अजय अग्रवाल ने रक्तदान के महत्व पर अपना प्रकाश डाला। वहीं रोटरी के पदाकािरियों ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष कंचन भदानी, अहिवरन मोदी समाज के सचिव पंकज मोदी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सत्र 24-25 रोटरी जोन 8 की असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने अपने संबोधन में रोटरी कोडरमा द्वारा किये गये सेवा क्षेत्र के कार्यों को बताया और कहा कि आने वाले दिनों में रोटरी और अधिक अच्छा कार्य करेगी। वहीं मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि ब्लड डोनेशन से नेक कार्य कोई नहीं हो सकता।

## सहायक अभियंता ओम प्रकाश के विदाई व वेंकट सिंह स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** जिला मुख्यालय में कार्यरत सहायक अभियंता ओम प्रकाश गुप्ता की सेवा निवृत्ति और सहायक अभियंता वेंकट सिंह के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ओम प्रकाश गुप्ता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम्य अंचल स्थित प्राथमिक विद्यालय, हनुमानगंज से प्राप्त की और उसके बाद उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के असैनिक अभियांत्रिकी संवर्ग में शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने 1991 में बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा कनीय अभियंता के पद पर चयनित होकर अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने सिवान, लोहरदगा, शिमडेगा, गिरीडीह, गुमला, हजारीबाग, सिमडेगा में विभिन्न प्रशाखाओं में कार्य किया और सबसे अधिक 06 वर्षों तक चतरा में कार्यरत रहे। चतरा में उन्हें सहायक अभियंता के पद से विदाई दी गई और उन्हें पदस्थापन दिनांक 26.06.2023 को पदोन्नति चतरा में मिली। ओम प्रकाश गुप्ता डिप्लोमा अभियंता संघ में भी आजीवन सदस्य रहे और उन्होंने संपूर्ण संगठन के प्रति सेवा भावना की मिशाल पेश की। वे एक कुशल अभियंता, सहृदय मनुष्य तथा हंसमुख व्यक्तित्व के धनी हैं।सेवाकाल में किये गये कार्यों में उच्च गुणवत्ता ससमय कार्यों की पूर्ति तथा सरकारी मद की बचत उनकी प्रमुख विशेषताएँ रही हैं। कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, तन्मयता एवं अनुशासन सदैव प्रसंशनीय रहेगा है। इसी प्रकार सहायक अभियंता वीर बहादुर बैंकेट सिंह का गोडडा तबादला होने पर उनके कार्यकाल की भी प्रशंसा की गई।

## स्वास्थ्य कर्मी पर लगा छेड़खानी का आरोप

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झुमरीतिलैया में इलाजरत एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। महिला के परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र के ही कर्मी पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों की माने तो वे महिला को मंगलवार की सुबह बंधयाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए थे। सुबह डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन किया गया। इधर मंगलवार की शाम को स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चंदन कुमार नामक कर्मी ने मरीज का बुखार जांच करने की बात कह कर थर्मामीटर लगाने के नाम पर महिला से छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान महिला के परिजनों ने उक्त कार्य का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद महिला के परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को बुला कर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर प्रभारी चिकित्सा पदाकािरी डॉ.आरपी शर्मा व थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी चंदन को हिरासत में लेकर थाना ले गई।

## ऑटो व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक घायल

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी के समीप मंलवार की सुबह ऑटो और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा निवासी 30 वर्षीय किशोर रविदास पिता सेवा दास अपने मोटरसाइकिल से कोडरमा से डोमचांच की ओर जा रहा था। इसी दौरान नीरो पहाड़ी चौक के समीप एक ऑटो से जोरदार टक्कर से हो गई।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों से संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में दिव्यांग बच्चों को सभी सुविधाएँ प्रदान करने के निर्देश दिए गए, जिसमें शत-प्रतिशत आधार और विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करना शामिल है। इसके लिए 15 दिनों के अंदर सभी प्रखंडों में शिविर आयोजित किए जाएँगे। साथ ही, 3 से 18 आयु वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं का खाता खुलवाने और प्रबंध तथा यू-डायस प्लस पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए गए। सिमरिया और लावालौंग प्रखंड का डेटा असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को दोनों प्रखंडों के समावेशी शिक्षकों की सेवा वापस करने के लिए पत्र लिखा जाएगा। टंडवा प्रखंड के समावेशी शिक्षक को उनके असंतोषजनक कार्य के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में आधार पंजीकरण नहीं हो पाने की समस्या को दूर करने के लिए संबंधित पंचायत के पंचायत सचिवों से समन्वय स्थापित कर जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने और उसके बाद आधार तथा विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ मनोज कुमार सिंह, एपीओ अमर कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### मां कौलेश्वरी मंदिर का मास्टर प्लान से संबंधित बैठक

चतरा। जिले के अधिसूचित पर्यटक स्थल मां कौलेश्वरी मंदिर को भव्य रूप से विकसित करने के लिए उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के मास्टर प्लान से संबंधित पीपीटी की समीक्षा की गई और उस पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम ने पीपीआर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी सह जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी चतरा तुषार रॉय, जिला पर्यटक विशेषज्ञ अंकित कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे। बैठक में मास्टर प्लान को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

एक नजर में

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत वाले बूथों का किया निरीक्षण



**चतरा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चतरा जिले के मयूरहंड और प्रतापपुर प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने मयूरहंड प्रखंड के राजकीयकृत मंझगांवां बूथ नंबर 321, राजकीयकृत मध्य विद्यालय दिगही बूथ नंबर 280, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय परासी बूथ नंबर 286, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनहरी बूथ नंबर 292 का निरीक्षण किया। प्रतापपुर प्रखंड में उन्होंने कन्या मध्य विद्यालय प्रतापपुर पश्चिमी बूथ नंबर 209 और प्लस 2 एस.एस.एच.एस प्रतापपुर नॉर्थ बूथ नंबर 212 का भी निरीक्षण किया।?उन्होंने बूथ स्तर के पदाधिकारियों से मतदान प्रतिशत कम होने की जानकारी ली और मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने धुंधले और ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के अपडेशन का कार्य शत प्रतिशत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड मनीष कुमार, सभी संबंधित बूथ के सुपरवाइजर, बीएलओ समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याये सुनी



**चतरा।** अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने समाहरणालय स्थित ओएसडी कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेंशन, विधवा पेंशन, राशन, भूमि विवाद समेत अन्य मामले शामिल थे। अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों का अवलोकन किया और जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिलाया। अंसार नगर सदर चतरा से आई एक महिला ने विधवा पेंशन के लिए आवेदन किया, जिस पर अपर समाहर्ता ने संबंधित पदाधिकारी को फोन कर जल्द से जल्द नियम संगत विधवा पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया।

## कृषि पदाधिकारी ने की फसल सुरक्षा केंद्र की जांच की, निकली एक्सपायर दवाइयां



**सिमरिया।** अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निखत परवीन ने मंगलवार को सिमरिया चौक स्थित खाद बीज दुकान फसल सुरक्षा की जांच की। जांच में दुकान से एक्सपायरी दवाइयां मिलीं जिसे कृषि पदाधिकारी ने जप्त कर लिया। जांच के दौरान सीओ धर्मेंद्र दुबे और सिमरिया पुलिस के जवान उपस्थित थे। कृषि पदाधिकारी ने चौक के दूकान और गोदाम दोनों का निरीक्षण किया। कृषि पदाधिकारी ने दुकान के खाद,बीज और दवाइयों के लाइसेंस की जांच की। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि। यह जांच स्वाभाविक प्रक्रिया है। खरीफ फसल का मौसम प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में किसानों के साथ ठगी ना हो। उन्हें प्रमाणिक खाद बीज और दवाइयां मिले जिसके लिए दुकानों की जांच की जा रही है। यह जांच पड़ताल लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ ठगी करने वाले खाद बीज दुकानदारों पर कार्रवाई होगी साथ ही नियमानुसार दुकान नहीं चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के इस कार्रवाई से खाद बीज दुकानदारों में हड़कंप मच गया। चौक के कई दुकानदार दुकान बंद कर फरार हो गये।

## जहर खिलाकर विवाहिता की हत्या, सास-ससुर व पति गिरफ्तार

**इटखोरी।** इटखोरी थाना क्षेत्र के खडौनी गांव में जहर खिलाकर विवाहित महिला शाहिना परवीन की हत्या कर दी गई है। इस मामले में मृतका के पिता चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम केसठ निवासी मुमताज आलम ने शाहिना परवीन के पति महमूद आलम, सास नसीरा खातून, ससुर याकूब अंसारी, जेठ महफूज आलम, गोतनी तरन्नुम खातून तथा ननद रूबी खातून के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मृतका के पति महमूद आलम सास नसीरा खातून तथा ससुर याकूब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। दर्ज प्राथमिक की के अनुसार शाहिना परवीन का विवाह महमूद आलम के साथ वर्ष 2014 में हुआ था। मृतक के पिता का आरोप है कि निकाह के तीन महीना के बाद से ही ससुराल पक्ष के उपरोक्त लोग दो लाख रुपए के दहेज के खातिर शाहिना को प्रताड़ित किया करते थे। इसको लेकर कई बार पंचायत भी बैठाई गई। लेकिन शाहिना के प्रति ससुराल पक्ष के उपरोक्त लोगों का व्यवहार नहीं बदला। वे लोग शाहिना को लगातार प्रताड़ित करते रहे। सोमवार एक जुलाई की संध्या चार बजे शाहिना के पति महमूद आलम ने मृतका के पिता को मोबाइल पर यह सूचना दी कि उनकी पुत्री की तबीयत खराब है। रात्रि में महफूज के द्वारा पुनः यह सूचना मोबाइल पर दी गई कि शाहिना की मौत हो गई है। ऐसी सूचना मिलने के पश्चात मृतका के पिता जब बेटी के ससुराल पहुंचे तो वहां उनकी पुत्री का शव घर के आंगन में पड़ा हुआ था। मृतका के गले व शरीर के अन्य हिस्सों में खरोच के निशान थे। पूरा शरीर काला पड़ गया था। मृतका के पिता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष के उपरोक्त लोगों ने मारपीट करने के पश्चात उनकी पुत्री को जहर खिलाकर मौत के घाट उतार दिया है।

## जेएसएलपीएस से जुड़ी सक्रिय महिलाओं के साथ बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड के छः घरवा में मंगलवार को जेएसएलपीएस से जुड़ी सक्रिय महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईपीआरपी सुनीता देवी ने सक्रिय महिलाओं के साथ मासिक बैठक की समीक्षा की और महीने भर के कार्यों का ब्यौरा लिया। समूह की महिलाओं को ऋण लेने के लिए साप्ताहिक बैठक करने और जीविका उपार्जन के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में प्रतिमा देवी, लक्ष्मी कुमारी, संगीता देवी, मालो देवी, प्रियंका कुमारी, गीता कुमारी, सुमन देवी, प्रीति लिंडा, प्रेमी सोरेन, जया देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

## बिरहोर टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बारियारडीह स्थित बिरहोर टोला में मंगलवार को स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां सिकल सेल एनीमिया, कुपोषण, हीमोग्लोबिन, उच्च रक्तचाप एवं मुधुमेह का जांच किया गया। जिसमें कुल 52 लोगों का सिकल सेल एनीमिया जांच किया गया। शिविर में आए हुए लोगों को सिकल सेल एनीमिया के बारे में लक्षण, इलाज व रोकथाम, बचाव का उपाय बताया गया। वहीं 33 बच्चों का कुपोषण की जांच एवं आयरन सिरप दिया गया। वहीं 26 लोगों का उच्च रक्तचाप, 52 लोगों का हीमोग्लोबिन, 26 लोगों का मधुमेह जांच किया गया।

# उपायुक्त ने की सिंचाई विभाग के योजनाओं की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में लघु सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बेलवार नदी पर वर्ष-2020 से चल रहे चेकडैम निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यपालक अभियंता को सबंधित संवेदक को जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस देने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जमुनदह नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य पूर्ण करने में हो रहे विलम्ब की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यपालक अभियंता को जल्द कार्य पूर्ण करवाने का निर्देश देते हुए संबंधित संवेदक को नोटिस देने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में हेसला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, चेटुओंग म० सिं० योजना का जीर्णोद्धार का कार्य, पतरातु मध्यम सिंचाई योजना जीर्णोद्धार के कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले संवेदको के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कनीय अभियंता, लघु सिंचाई अनुमंडल, चन्दवा को बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप स्पष्टीकरण करने एवं आवंटित कार्य का प्रगति प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल श्री किशन मिंज, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व लघु सिंचाई प्रमंडल कार्यालय के कर्मी अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राजकुमार अग्रवाल ने किया आत्मसमर्पण

**लातेहार।** विदित हो कि सजायफ्ता अभियुक्त राजकुमार अग्रवाल चंदवा को चंदवा थाना कांड संख्या 24/2011 भा० द. वि. कि धारा 323, 341, एवं 448 में अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, लातेहार के द्वारा दोषी करार दिया गया था। जिसमें एक माह का कारावास कि सजा दी गई थी। अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा पारित सजा को उच्च न्यायालय राँची के द्वारा बरकरार रखते हुये सजा कि अवधि को एक माह से घटाकर एक सप्ताह किया गया। मंगलवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के बाद न्यायालय द्वारा एक सप्ताह के लिये जेल भेजा गया।

### दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में तीन घायल

बालूमाथ। बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में दोनो बाइक में सवार तीन लोग रोहित गंझु 26 वर्ष पिता बिश्वनाथ गंझु, किशोर करमाली 20 वर्ष पिता बिरसा करमाली दोनो ग्राम बड़कीटांड खलारी निवासी एवं रजिक मिया 62 वर्ष पिता अली मिया मारंगलोईया थाना बालूमाथ निवासी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलो को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोहित गंझु अपने दोस्त विश्वनाथ गंझु के साथ बालूमाथ अपने माँ को नानी घर छोड़कर वापस खलारी जा रहा था। इसी दौरान बाइक में सवार रजिक मिया जो अपने घर से बालूमाथ बाजार आ रहा था। तभी पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें सभी घायल हो गये।

### जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ


शुभारंभ के दौरान मौजूद अतिथि।

**लातेहार।** जिला स्टेडियम में मंगलवार को 63 वीं सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उदघाटन आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार व क्षेत्रीय शिक्षा पदा ?धिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी अनूप माइकल केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. डीएसई कविता खलखो ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। संबोधित करते हुए श्री गागराई ने कहा कि आज भी खेल प्रासंगिक है। खेलों से न सिर्फ शारीरिक वरन मानसिक विकास भी होता है। क्षेत्रीय प्रतिभाओ को आगे लाने एवं उन्हें एक मंच देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने भी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और खेल भावना से खेलने की अपील की। डीइओ प्रिंस कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर विजयी टीम राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। उद्घाटन मैच में पैनाल्टी शूट में खीस्त राजा उच्च विद्यालय चंदवा की टीम ने लातेहार की उच्च विद्यालय पोचरा को 5 -2 से हराया। दूसरे मैच में महुआडांड़ ने मनिका को हराया। तीसरे मैच में बालुमाथ ने हेरहंज को 2-0 से हराया। इससे पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल कीक कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उदघाटन सत्र में मंच का संचालन शिक्षक आशीष कुमार ने किया। मौके एपीओ रोज मिंज, पर कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, चंदन कुमार चंद्र, उदय कुमार, सुबोध कुमार चंदेल, निरंजन सिंह, आशीष कुमार सिन्हा, नरेश लाल रवि, उत्तम कुमार, छोटन उरांव समेंत कई शिक्षक व शिक्षा कर्मी मौजूद थे।

### बधाई समारोह का हुआ आयोजन



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट मे कुलदीप प्रजापति को भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाजेशन प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड के पद पर और सरिता कुमारी को राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष के पद पर बनाने को लेकर आज अधिवक्ता संघ के माहासचिव वकील प्रसाद महतो, वरिष्ठ अधिवक्ता डी एन तिवारी, पवन कुमार, सुभाष कटरियार, राकेश कुमार सिन्हा, निशा कुमारी सहित समाज सेवी मिथुन चंद्र वंशी, नारायण प्रजापति के साथ कई लोगो ने फूल-माला पहनाकर बधाई दी। वहीं अधिवक्ता संघ के माहासचिव ने कहा हमरे क्षेत्र के लिए बड़ी ही खुशी की बात है की क्षेत्र के युवा आगे की ओर बढ़ रहे है और समाज के लिए अच्छे सोच के साथ कार्य समाज के हित में करेंगे।वहीं कुलदीप प्रजापति ने बताया की जो जिम्मेदारी संगठन ने दी है उसे जिम्मेदारी के साथ निभाने का कार्य करूँगा।वही सरिता देवी ने कहा संगठन जो महिलाओ की जिम्मेदारी दी है मैं उस पर खड़ी होने का काम करुँगी और सबसे पहले महिलाओ को जागृत करने का कोशिश करूंगी।

## रुद्र महायज्ञ में प्रत्येक दिन प्रवचन का हो रहा है आयोजन


लोगों की उमड़ी भीड़।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड के बेलवाड़ीह ग्राम में सप्तदिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के तहत गांव में भक्ति की बयार बह रही है। यज्ञाचार्य बिनोद मिश्रा द्वारा प्रत्येक दिन संध्या आरती के बाद 7:00 बजे से प्रवचन किया जा रहा है। जिसमे गांव के सभी लोग इस संध्या आरती और प्रवचन में भाग ले रहे हैं। यज्ञ कमेटी के विजय प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया की सुबह हवन के बाद प्रत्येक दिन भंडारा संध्या 5:00 बजे तक चलाया जाता है। इसके यज्ञ का सफल संचालन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप यादव, सचिव संतोष यादव, कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मुख्य संरक्षक कृष्ण प्रसाद, अरघु यादव, जगरन्नाथ यादव, विजय प्रसाद, सागर कुमार, मुकेश साव, राजेश यादव, देवनारायण यादव, भुवनेश्वर यादव, महेश साव, कोमल तुरी, बिनेश्वर भुईया, जितेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, गाजू यादव, राम जतन साव, सूर्य मोहन साव, शिबू तुरी, प्रदीप उरांव, रामकिशोर उरांव, भोला यादव, रुपेश साव, मनोज साव, कुलदीप यादव समेत कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## बेतला के छात्र मो. कैफ रांची में मंत्री रामेश्वर उरांव से हुए सम्मानित

▸▸ पासवा द्वारा रांची में आयोजित किया गया था सम्मान समारोह कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता


मंत्री रामेश्वर उरांव से सम्मानित होते मो. कैप।

**बेतला।** झारखंड राज्य के सबसे बड़े छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह दो जुलाई मंगलवार को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में राज्य के करीब 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं को मेमोंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन'एस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत बेतला निवासी मोहम्मद कैफ, पिता अब्दुल हलीम अंसारी के पुत्र भी सम्मानित हुए हैं। इस संबंध में छात्र मोहम्मद कैफ ने बताया कि मेरा पढ़ाई मैट्रिक व इंटर डीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर से किए हैं एवं ग्रेजुएशन की पढ़ाई मारवाड़ी कॉलेज रांची से पूरी कर रहे हैं। मैट्रिक में 97% एवं इंटर में 94% लाकर स्कूल का भी नाम रोशन कर चुका है। इसके साथ ही रांची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार के खाद आपूर्ति मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के हाथों प्रशस्ति पत्र लेकर काफी उत्साहित दिखा। उन्होंने झारखंड सरकार व पासवा के द्वारा ऐसे आयोजन करके छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करने के लिए काफी सराहना की। ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राएं की पढ़ाई में रुचि बढ़ती है। उन्होंने आगे कहा कि छात्र अपने जीवन काल में भविष्य की नीव होते हैं, सभी छात्र-छात्राएं को मन लगाकर ध्यान से पढ़ना चाहिए, ताकि स्वयं, राज्य के साथ-साथ देश की विकसित करने में अपना योगदान दे सके।

## बस पड़ाव में बसों का ठहराव सुनिश्चित करने को लेकर सीओ व थाना को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सालाना लाखों रुपए का राजस्व देने वाली चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद बस पड़ाव में बसों के ठहराव को सुनिश्चित करने को लेकर बिससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू व प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। आवेदन की प्रतिलिपि चंदवा थाना प्रभारी को भी दी गई है। समस्या रखते हुए कहा कि जिला परिषद बस पड़ाव प्रांगण में बसों के ठहराव को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है, लेकिन विगत कई माह से एनएच-75 व एनएच-99 पर चलने वाली बसें राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही खड़ी होती है। यात्री बसों के स्टैंड में खड़ा नहीं होने के कारण महिला यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, बस पड़ाव में लाखों की लागत से शौचालय बना हुआ है लेकिन महिलाओं को खुले में ही जाने को विवश होना पड़ता है। इस कारण आसपास के लोगो व एनएच के किनारे के दुकानदारों को काफी दिक्कत होती है, पेशाब की बदबू व संक्रमण के खतरे से लोग जूझ रहे हैं। समस्या सुनने के बाद अंचलाधिकारी श्री पाठक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही बसों का ठहराव बस पड़ाव में ही सुनिश्चित करने की दिशा में पहल की जाएगी। आवेदन में विकाश दुबे, प्रकाश मेहता, रमाकांत कुमार, विना देवी, मीणा देवी, रविन्द्र कुमार, संजय सिन्हा, रामजी कुमार, कुलदीप लकड़ा, मुकेश गुप्ता, रिंकू गुप्ता, सचिन कुमार, रानी देवी, प्रवीण कुमार भोला, रवि कुमार समेत दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर शामिल है।

उपायुक्त गरिमा सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

## जल्द निदान करने का दिया आश्वासन



समस्या सुनाते ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविका चयन से संबंधित, वन पट्टा, राशन कार्ड, वेतन वृद्धि, रोड अतिक्रमण, धान मुआवजा, नियोजन, कृषि ऋण माफी, अनुकम्पा, मिट्टी मोरम पथ निर्माण आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

खतियान में त्रुटि होने के कारण वर्षो से जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर परेशान हो रहे हैं लोहरा समाज के लोग

# आदिवासी लोहरा समाज के जाति प्रमाणपत्र बनने में हो रही परेशानी को लेकर पंससो ने सीओ से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** आदिवासी लोहरा समाज के लोगो के जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी को लेकर मंगलवार को प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव की अगुवाई में पंचायत समिति सदस्यों के शिष्टमंडल ने अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से मुलाकात की। परेशानी को रखते हुए पंससो ने कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी आदिवासी लोहरा समाज के लोगो का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण आदिवासी लोहरा समाज के युवा, विद्यार्थी आज पढ़ाई, नौकरी में प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ते जा रहे हैं। कई युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। प्रावधान के तहत ग्राम सभा कर लोहरा जाति का जाति प्रमाण पत्र बनाना है, लेकिन सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर फॉर्म भरने के बाद भी प्रमाणपत्र नही बन पा रहा है। स्कूल कॉलेजों में नामांकन समेत आने वाले समय मे कई प्रतियोगी परीक्षा आयोजित होंगी ऐसे में समाज के युवा आरक्षण के लाभ से वंचित रह जायेगें। पंससो ने सीओ श्री पाठक से समस्या को गम्भीरता से लेते हुए समाधान निकालने की मांग की है। पंससो ने बताया कि समस्या सुनने के बाद सीओ ने आश्वस्त किया है कि जो प्रावधान है उसके अनुसार ही जाति प्रमाणपत्र बनेगा, आपलोग ग्रामसभा के लिए आवेदन दीजिए उसके बाद रजिस्टर-2 में जाति का मिलान जाति प्रमाणपत्र निर्गत किया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बुधन कुमार गंझू, बलकु मुंडा, रामकिशुन गंझू, करण लोहरा, अशोक भुइयां, नागेश्वर गंझू, मनोहर भगत समेत अन्य शामिल थे।

## एक नजर में

### प्रखंड स्तर के सुब्रतो फुटबॉल टूनार्मेंट में हुई खानापूर्ति

**बालूमाथ।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल टूनार्मेंट में खानापूर्ति करने का मामला प्रकाश में आया है। शिक्षा विभाग द्वारा बीआरपी निरंजन सिंह को व्यवस्थापक बनाया गया था। यह खेल कूद में उच्च विद्यालय एवं प्लस टू विद्यालय के छात्र छात्राओं को भाग लेना था। छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण दो दिनों तक यह खेल करना था लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा सिर्फ सोमवार को ही टूनार्मेंट का आयोजन करा कर खाना पूर्ति कर ली है। इस कार्यक्रम के लिए 40,000 फंड आवंटित किया गया है। जिसमें आने वाले बच्चों को भरपेट भोजन एवं टेंट लगाकर ट्राफी समेत बच्चों को सम्मानित करने का निर्देश प्राप्त था। लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा खाना पूर्ति करते हुए बच्चों को दो-दो पीस समोसा खिलाकर राशि की बंदर बाट कर लिया है। वही विजेता बच्चों को सम्मानित के लिए ना तो टेंट लगाया गया था ना ही उन लोगों के लिए उचित पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी। यहां तक की मेडिकल की व्यवस्था नहीं की गई थी। उच्च विद्यालय बालूमाथ की 11वी कक्षा की छात्र सितुल कुमारी का दौड़ने के क्रम में एक गिरने से एक हाथ भी टूट गया। बहर हाल जो भी हो शिक्षा विभाग द्वारा सरकार की महत्वपूर्ण योजना खेलकूद में भी खानापूर्ति कर पैसे का बंदर बाट किए जाने की योजना से बच्चों एवं अविभावक में रोस व्याप्त है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने कहा कि बारिश होने के कारण खाना नहीं बनाया जा सका जिस कारण दो पीस समोसा दिया गया है।

### छह जुलाई को चंदवा में जनता दरबार विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन


बैठक करते डीडीसी।

**लातेहार।** चन्दवा प्रखंड के पंचायत सचिवालय, सासंग परिसर में छह जुलाई को जनता दरबार विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में आज उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जनता दरबार, विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनता दरबार, विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर में आयोजित की जानेवाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में उप विकास आयुक्त ने आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि चन्दवा प्रखंड में आयोजित जनता दरबार, विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर में 22 विभागो के द्वारा 18 स्टॉल लगाए जाएंगे। स्टॉल के माध्यम से आम नागरिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। बैठक में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


### आंखों की गम्भीर बीमारी से ग्रसित है फुलेश्वर गंझू की 9 वर्षीय पुत्री सिलम कुमारी



सिलम कुमारी।

**चंदवा।** सूबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने एक्स के माध्यम से समस्या को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड मुख्यालय से सटे अलौदिया पंचायत अंतर्गत सरलाही गांव निवासी फुलेश्वर गंझू की 9 वर्षीय पुत्री सीलम कुमारी के आँखों का इलाज सुनिशित करने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया है। सीएम के ट्वीट के बाद इलाज के अभाव में घर मे पड़ी सिलम कुमारी की आंखों के समुचित इलाज की उम्मीद जाग गयी है। बता दें कि सिलम कुमारी बायीं आंख में गम्भीर बीमारी ग्रसित है, परिजन अथार्भाव व गरीबों के कारण बच्चों का इलाज करने में असमर्थ है। अलौदिया गांव निवासी विजय कुमार व ट्राइबल आर्मी एक्स हैंडल से मुख्यमंत्री को टैग कर समस्या को रखा गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने तत्काल संज्ञान लिया व रिट्वीट कर लातेहार जिला प्रशासन को टैग करते हुए बच्ची का इलाज सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया।

### नकली व प्रिंट रेट से अधिक में शराब बिक्री को लेकर गोमिया बैंक मोड़ वाइन शॉप में हुआ हंगामा



**बेरमो/गोमिया।** आईईएल थानांतर्गत गोमिया-आईईएल मुख्य सड़क स्थित अनुज्ञप्तिधारी शराब दुकानदार में ग्राहकों और सेल्समैन मैन के बीच जमकर हंगामा देखने को मिला। जहां एक ओर शराब उपभोक्ता जलेश्वर महतो व महावीर महतो ने बताया कि सेल्समैन द्वारा जबरन शराब के अत्यधिक पैसे लिया गया तो वहीं अधिक पैसे लेने के बावजूद नकली शराब दी गई। उनका कहना था कि सेल्स मैन के द्वारा बिल तक नही दिया जाता है। जबकि उत्पाद विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि बोतल पर दाम प्रिंट से ज्यादा लेने वाले और नकली विदेशी शराब बेचने वाले दुकानदार पर कार्रवाई होगी। बचाव मे सेल्समैन ने कहा कि उपभोक्ताओं ने जो शराब (इम्पेरियल ब्लू) खरीदी है वह दो साल पुराना है इस वजह से टेस्ट मे अंतर हो सकता है लेकिन प्रिंट रेट से अधिक लेने के सवाल पर सेल्स मैन ने चुप्पी साध ली यहां तक की नाम पूछे जाने पर सेल्समैन ने नाम तक नहीं बताया। अंततः सेल्समैन ने ग्राहक को उक्त शराब बदलकर दुसरे ब्रांड की शराब दी। बता दें कि उत्पाद विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि दुकानदार ग्राहक को कर सहित इलेक्ट्रोनिक बिल दे वहीं अगर दुकानदार शराब की बोतल पर प्रिंट रेट से अधिक पैसे लेता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राहकों ने बताया कि शराब दुकान में दुकानदार द्वारा दुकान का नाम, शिकायत नंबर व इमेल लिखे बोर्ड से भी छेड़छाड़ किया गया है ताकि कोई इसकी शिकायत न कर सके। वहीं प्राइस लिस्ट, बिलिंग जैसे कई अनियमितताएं बरती जा रही हैं। शराब उपभोक्ताओं ने इस संबंध में उत्पाद विभाग से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि यही हाल गोमिया के स्वांग, हजारी, चतरोचट्टी, होसिर, तेनुघाट सहित अन्यान्य इलाकों में संचालित शराब दुकानदारों का भी है, जहां से लगातार शिकायतें आती रहती है कि शराब का रेट तो अधिक लेते हैं और उल्टे सीधे तर्क देने से भी गुरेज भी नहीं करते और उत्पाद विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करने के कारण उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है।

### उत्पादन एवं सामाजिक सामूहिक दायित्व का निर्वाह प्रबंधन की जिम्मेवारी : विजय

बेरमो /सी.सी.एल. कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार के योगदान देने के उपरांत समाजसेवी, श्रमिक संगठन, पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दल से जुड़े साथियों के द्वारा अभिनंदन और स्वागत के दौर में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष विजय यादव पंचायत सचिव राजेंद्र वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार की ओर से महाप्रबंधक का स्वागत करते हुए। क्षेत्र के जलवत समस्याओं के ऊपर ध्यान आकर्षण कराया। चर्चा में सबसे पहले पार्टी की ओर से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए प्रबंधन के कोलियरी के विस्तार में अल्प समय में हो रहे कार्य को देखते हुए शुभकामना एवं बधाई दिया। महाप्रबंधक से कोलियरी क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण इलाकों में सी एस आर मद से सफाई की व्यवस्था किए जाने, डी.ए.वी. विद्यालय जूनियर विंग के कंपाउंड में जर्जर पड़े भवन को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अति शीघ्र हटाए जाने। क्षेत्र में बच्चों को शारीरिक विकास में खेलकूद को बढ़ावा देने, आउटसोर्सिंग में स्थानीय को प्राथमिकता देने सहित अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने नियम संगत कार्य की प्राथमिकता को पूरा करने का प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाया।

# बीजेपी को प्रधानमंत्री पर नहीं रहा भरोसा : पप्पू यादव

एजेंसी

**पटना/नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद का पहला सत्र जारी है। संसद की कार्यवाही के दौरान आज पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भी भाषण दिया। लेकिन इस बीच वो स्पीकर से अपील करते रह गए। कि उन्हों थोड़ी और बोलने का वक्त दिया जाएगा। ताकि वो अपनी पूरी बात क्रमबद्ध तरीके से रख पाएं। लेकिन करीब 6-7 मिनट बोलने के बाद स्पीकर ने उन्हें धन्यवाद कह दिया। और पप्पू यादव विनती करते रह गए। हालांकि इससे पहले संसद सत्र में दिए बयान में पप्पू यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम आपके यशस्वी हैं। दुनिया इन्हें फॉलो करती है। तो कांग्रेस चालीसा, नेहरू, इंदिरा और राहुल चालीसा बंद करिए। अपने प्रति ईमानदार बनिए। उन्होने कहा कि बीजेपी को प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं रहा। इन लोगों ने गठबंधन की राजनीति की। जब इन्हें गठबंधन की राजनीति पर भी भरोसा नहीं रहा तो पीएम ने जेवर, भैंस, बैल से लेकर मुजरा तक की बात की। पूरे चुनाव में पीएम ने हिन्दुस्तान के गरीबों का जिक्र नहीं किया। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि पीएम मोदी और बीजेपी को राम पर भरोसा नहीं रहा। बीजेपी



वालों को प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं। प्रधानमंत्री ने चुनाव के वक्त जेवर, भैंस से लेकर मुजरा तक की बात की। लेकिन एक बार भी हिंदुस्तान के संविधान की, हिंदुस्तान के गरीबों की बात नहीं की गई। पप्पू यादव ने कहा कि देश में गरीबों की थाली में 160 रुपये वाली दाल नहीं है, 120 रुपये वाली सब्जी नहीं हैं। मैं जानना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी अगर इतने ही सशक्त हैं तो देश की 84 करोड़ जनता को आज भी टैक्स के पैसे से अरवा चावल क्यों देना पड़ता है।

निर्दलीय सांसद ने कहा कि आज बिहार सहित कई राज्यों में बीजेपी की डबल इंजन सरकार है। मैं कहना चाहता हूं कि आप दलितों से दूर मत होइए, किसी से नफरत मत कीजिए। मेरी मांग है बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने एक सभा में कहा था कि 'मैं बिहार को अपना बनाऊंगा। बिहार मेरा है और बिहार को हर परिस्थिति में विशेष राज्य का दर्जा देंगे। विशेष पैकेज कोसी, मिथिला सीमांचल और मगध के लिए देंगे। अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। पप्पू यादव ने कहा कि यह देश वसुधैव कुटुंबकम का है। सर्वधर्म समभाव का है। यह देश मानवीय मूल्यों के लिए माना जाता है, किसी धर्म या मजहब के लिए नहीं माना जाता है। अगर मैं किसी संत की बात करूंगा तो रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, कबीरदास जी, वाल्मीकि, संत रविदास, हम संत इनको कहेंगे।

जातीय जनगणना पर बोलते हुए पप्पू यादव ने कहा कि जब केंद्र में हमारी सरकार थी, तब जातीय जनगणना कराई गई थी। बिहार में जब जातीय जनगणना की शुरूआत हुई, अभी ललन बाबू नहीं हैं, नहीं तो मैं उन्हें सुनाता। उस वक्त जनगणना का सर्वे सामने आया तो 98 पर्सेंट लोगों के पास लैपटॉप कंप्यूटर नहीं है। 96 प्रतिशत लोगों पास कोई व्हीकल नहीं है। अगर किसी के पास कोई गाड़ी है तो वो ईएमआई पर है। लगभग 82.6 प्रतिशत लोगों के पास एक बीघा से नीचे जमीन है। 9.2 फीसदी ऐसे लोग हैं, जिनके पास कोई जमीन नहीं है। लगभग 78.7 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिनके पास पक्का मकान नहीं है। न रोजगार है, न घर है और न खेत है। मजदूरी केवल 280 रुपये, वह भी 20 दिन से ज्यादा नहीं।

## खबर एक नजर में

### शिक्षा मंत्री से मिलकर विधायक विजय खेमका ने रखी समस्या



**पूर्णिया।** सदर विधायक विजय खेमका ने पूर्णिया विधानसभा अंतर्गत दर्जनों प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भवन, चाहरदिवारी, शौचालय, पेयजल की सुविधा नहीं रहने से छात्र छात्राओं को हो रही कठिनाई से शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से मिलकर अवगत कराया। इस वर्ष के लिए जिन विद्यालयों में आवश्यकतानुरूप आधारभुत सुविधाओं की अति आवश्यकता है उन विद्यालयों की सूचि माननीय मंत्री जी को दिया` विधायक ने नगर निगम अंतर्गत मध्य विद्यालय उफरैल को उत्क्रमित करने का मंत्री जी से आग्रह किया ताकि घनी आबादी वाला वार्ड 10, 11, 12 एवं 24 के छात्र छात्राओं और अभिभावकों की कठिनाई दूर हो सके` विद्यालय विकास के लिए गठित प्रबंध समिति के अधिकार को शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा सिमित करने की जानकारी विधायक ने माननीय मंत्री को दी। धायक ने कहा प्रबंध समिति के अधिकार सिमित करने से विद्यालय विकास हेतु लिए गए निर्णय का कार्यान्वयन प्रक्रिया जटिल हो गयी है जिसको सरल करने की आश्यकता है। विधायक खेमका ने बताया कि माननीय मंत्री जी ने इन विषयों को गंभीरता से लिया तथा इस दिशा में शीघ्र पहल करने के लिए आश्वस्त किया।

### कोसी और सीमांचल को मिले विशेष पैकेज: पप्पू यादव

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव के दौरान किया गया उनका वादा याद दिलाया और कोसी, सीमांचल व मगध को विशेष पैकेज देने की मांग कर दी। पप्पू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जब पहली बार बिहार आये थे, तब गाँधी मैदान, पटना और आरा में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद बिहार को भूल गये। इसलिए मेरा आग्रह है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले। उन्होंने कहा था कि बिहार को अपना बनायेंगे। इसलिए कोसी, सीमांचल और मगध को विशेष पैकेज दिया जाए। पप्पू यादव ने सदन में पीठासीन कृष्णा प्रसाद टेनेटी के समक्ष उक्त मांग को रखा। पप्पू यादव ने जातिगत जनगणना कराने की भी मांग की और कहा कि जब बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार थी तब जो जातिगत जनगणना हुआ। उसके अनुसार, गरीब और गरीबों की हालात अच्छी नहीं थी। इसलिए हमारी मांग है कि देश भर में जनगणना कराया जाए।

पप्पू यादव ने सदन को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी, ममता, आशा, रसोइया की भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, ममता, आशा, रसोइया की हालत बेहद खराब है। लेकिन इस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हम सरकार से आग्रह करेंगे कि उनके साथ ईमानदारी नीति बने और उन्हें सम्मानजनक दर्जा दिया जाए। सांसद ने कहा कि बिहार में जल नल योजना बर्बाद हो गया है। इस ओर भी मैं सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ। उन्होंने दलित और आदिवासी को ओडीएफ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आखिर बिहार के साथ इतनी नफरत क्यों है।

### भगवान सिंह कुशवाहा के नामांकन में शामिल हुए सीएम

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार विधान परिषद् के उप निर्वाचन के लिए एनडीए के जदयू उम्मीदवार भगवान सिंह कुशवाहा के नामांकन में मंगलवार को शामिल हुये। बिहार विधान सभा, सचिव के कार्यालय में भगवान सिंह कुशवाहा ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, लघु जल संसाधन मंत्री सह हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मनरेगा कर्मियों के अवकाश पर चले जाने से विकास कार्य बाधित

**मझिआंव।** मनरेगा कर्मियों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने के कारण प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा से संबंधित चल रहे सभी विकास कार्य बाधित हो गया है। मनरेगा से संबंधित बीपीओ, जेई, पंचायत सचिव आदि के चेंबर में ताला बंद पड़े देख दूर दराज से आए लाभुक मायूस होकर लौट गए। मनरेगा संबंधित पदाधिकारी के चले जाने से एमबी बुक, एमबी लॉगिन करना आदि सारे कार्य बाधित पड़ गए हैं। विदित हो कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वाधान में सेवा स्थाईकरण एवं वेतनमान मांग की पूर्ति के लिए दो जुलाई को वादा निभाओ कार्यक्रम के तहत पदयात्रा एवं मुख्यमंत्री का आवास घेराव के लिए सभी मनरेगा कर्मी सामूहिक अवकाश पर रांची चले गए हैं। जिसके कारण 2 जुलाई को प्रखंड कार्यालय में मनरेगा से संबंधित सभी विकास कार्य बाधित है।

### मुखिया के चचेरे भाई का निधन



अंतिम यात्रा में शामिल लोग।

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत मुखिया मुंगा साह के चचेरे भाई रामनंदन शाह उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई। वे करीब दो महीने से बीमारी से ग्रसित थे। बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मुखिया मुंगा साह ने कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले मेरे भाई रामानंद साह इस दुनिया में अब नहीं रहे। वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे और हमेशा मुझे विकास की हर पहलू के लिए मार्गदर्शन कराया करते थे। उनका अंतिम संस्कार पंडा नदी मुक्ति धाम पर किया गया।

### उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा ने राज्यसभा भेजने का लिया निर्णय

**पटना।** बिहार में राज्यसभा की दो सीटों के होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने कोटे की एक सीट से राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का उम्मीदवार बनाए जाने की घोषणा की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार से राज्यसभा उप चुनाव के लिए श्री उपेंद्र कुशवाहा राजग के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कोटे की एक सीट से श्री उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजेगी।

### नवादा में महिला की गोली मारकर हत्या

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी विवेकानंद कुमार की पत्नी ममता देवी सोमवार की रात अपने भैंसुर के साथ बाइक से नवादा लौट रही थी। इस दौरान उड़ीसा गांव के समीप अपराधियों ने ममता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी।

# गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर का डीएम एवं एसपी ने लिया जायजा



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** डीएम सौरभ जोरवाल एवं एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को डुमरिया घाट पुल के समीप गंडक नदी के बढ़ते हुए जलस्तर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान संग्रामपुर अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा पंचायत स्तरीय कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर डीएम ने नेपाल व जिले में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर गंडक नदी के जलस्तर में बढोत्तरी होने का अनुमान जताते हुए अंचल अधिकारी से संभावित बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले लोगों की अद्यतन सूची तैयार कर चिन्हित किए गए आश्रय स्थलों पर आवश्यक बुनियादी सुविधा यथा पेयजल, आवश्यक दवा शौचालय, लाइट इत्यादि की प्रॉपर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए समुदाय किचन के सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी जरूरी निर्देश भी दिए गए। उन्होने कहा कि जलस्तर और बढने के पूर्व पर्याप्त संख्या में नाव की उपलब्धता, नाविको की सूची, गोताखोरों का मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से रखे जाने की जरूरत है। उन्होने अंचलअधिकारी से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक कर उनसे भी फीडबैक प्राप्त कर सभी आवश्यक सहयोग ससमय पूरी करे।

# मां के नाम पर एक पौधा लगाने के आह्वान पर किया गया पौधरोपण



एजेंसी

**सहरसा।** ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निबटने के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम आवश्यक है। इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओर से चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा नेता संतोष गुप्ता ने भी अपने मां के नाम पर एक पेड़ लगा लोगों को एक संदेश देने का काम किया। आज की जो स्थिति है जिस तरह गर्मी विकराल रूप धारण किए हुए हैं इस स्थिति में हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना ही चाहिए। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा, जो आने वाली पीढियों को राहत व सुकून दिलायेगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे धरती को हरा भरा और बेहतर बनाने का एक अभियान है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में विगत एक दशक में प्रकृति के संरक्षण और संवर्द्धन के जरिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के जो प्रयास किए हैं। यह अभियान उसी की एक कड़ी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

एजेंसी

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में आगामी 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने थानाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए कहा कि नोटिस तामिला सही ढ़ंग से नहीं हो रहा है। जिस अनुपात में न्यायालयों द्वारा नोटिस जारी किया गया है, उस अनुपात में नोटिस तामिला रिपोर्ट नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात को गंभीरता से लें,क्योंकि अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए सभी पक्षकारों तक नोटिस पहुंचना अतिआवश्यक है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए दो सप्ताह विशेष ध्यान देकर नोटिस संबंधी कार्य को पूरा करें।

# रेलवे ट्रैक व पुल की चोरी के बाद अब अररिया में पीसीसी सड़क की गयी चोरी

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** बिहार में रेलवे ट्रैक व पुल की चोरी के बाद अब एक मामला बिहार के अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र की भंगही पंचायत के हनुमान नगर वार्ड एक से सामने आयी है। बताया जा रहा है की पांच लाख 26 हजार रुपये की लागत से पंचम वित्त आयोग योजना से बनी पीसीसी ढलाई सड़क की चोरी हो जाने से



स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। बताया जा रहा है की सरकार के फाइल में पंचम वित्त आयोग योजना से ये कागजों पर सड़क बन चुकी है। इस मामले में बताया जा रहा है की सड़क के लिए सरकार द्वारा आवंटित 5 लाख 26 हजार रुपये की राशि में से 4 लाख 57 हजार 500 रुपये की निकासी हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीण और पंचायत के वर्तमान मुखिया मनोरंजन कुमार मंडल ने बताया कि चोरों ने बड़ी ही चालाकी से पंचम वित्त आयोग योजना के तहत बनी पीसीसी सड़क को गायब कर दिया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलाया राहुल का पुतला



**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में खलीफाबाग चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व मे किया। इस दौरान राहुल गांधी होश में आओ राहुल गांधी मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि समय-समय पर कांग्रेस अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन करती आई है। कांग्रेस का चरित्र उनके बयानों में दिखाई पड़ता है। उनके दिए गए बयान से सभी हिंदू आहत है, जिसको लेकर आज भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया है। राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान निंदनीय है। इसके लिए राहुल गांधी एवं पूरी कांग्रेस को विश्व के समस्त हिंदुओं से क्षमा मांगनी चाहिए। विजयमित्रा मंडल अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी ने कहा कि राहुल अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए हिंदू धर्म और हिंदुओं को बदनाम कर रहें हैं। निवर्तमान अध्यक्ष रोहित पांडेय ने कहा कि हिंदू समाज सदैव अहिंसा परमो धर्माः के सिद्धांत पर चलने वाला समाज है। हमारे यहां चींटी मारना भी पाप है तो हिंदू हिंसक कैसे हो सकता है। इस अवसर पर निरंजन साह, रोशन सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संकट मोचन के समीप भंडारा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में लगभग 250 लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न अखबार के संवाददाता तथा डिजीटल मीडिया के लोग उपस्थित थे।

मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि जैसे हमलोग समाजसेवा का कार्य करते है, वैसे ही हमारे




प्रसाद वितरण करते संस्था के सदस्य।

पत्रकार बंधु भी धूप, गर्मी और बरसात की परवाह किये बिना हम तक खबर पहुंचाने का कार्य करते है। इस दौरान पत्रकार जीतेन्द्र जिन्हा ने संस्था के कार्य की काफी सराहना किया। उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा फूड फॉर हंगर का यह प्रोजेक्ट जरूरतमन्दो के लिए वरदान साबित हो रहा है। आशुतोष रंजन ने कहा कि इसी तरह का कार्य हर सामाजिक संस्था से होना चाहिए ताकि जरूरतमंदो सेवा अच्छी तरीके से हो सके। मौके पर शुभम गुप्ता, शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, राज कश्यप, लक्की मधेसिया, अमन कश्यप, सत्यम कश्यप, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

# बराज का फाटक खोलने से खेतों में भर गया पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भीम बराज की बायीं मुख्य नहर में पानी आते ही नहर का बांध टूटने से दो गावों का 22 एकड़ खेत डूबा था। ऊपर से फाटक खोलकर और पानी छोड़ दिया गया। जिसका नतीजा हुआ कि और अधिक खेतों में पानी भर गया। एक अनुमान के अनुसार भंडरिया गांव के 4 एकड़ एवं मोरबे गांव के और 3 एकड़ खेतों में पानी भर गया। इस प्रकार करीब 29 एकड़ खेत जलमग्न हो गया है। किसानों ने कहा कि उनके लिए यह भारी विपत्ति आ गई है। धान का बीज डालने का समय निकला जा रहा है। दो गांव के खेत में पानी भरने से बीज नहीं डाला जा सकता है। जबकि भंडरिया से नीचे दर्जन भर गांव है जहां इसी



खेत में भरा पानी।

नहर से पटवन करके खेती होती है। लेकिन शुरू में ही करीब 3 किलोमीटर में नहर साफ नहीं होने और बांध टूट जाने के कारण पानी आगे नहीं जा रहा है। जिससे उन गांवों में भी धान का बीज डालना पूरी तरह बाधित हो गया है। इन गांवों में मोखापी, कोगाई, जयनगरा, भुड़वा, खरौंधा, बबुरा, कोइरियाडीह, कसनप और सुंडीपुर आदि का नाम शामिल है। भंडरिया एवं मोरबे के किसान रामयश सिंह, प्रवेश सिंह, महेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रभू सिंह, मंगरू रजवार, नंदलाल रजवार, नंदलाल रजवार, बिरजू रजवार, मनोज रजवार, महेंद्र सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, राजेंद्र सिंह, रमेश सिंह सहित अन्य कई किसानों का भी खेत डूब गया है। इनके पास धान का बीज डालने के लिए भी जमीन नहीं बची है।

सुंडीपुर जाने वाली बराज की बायीं मुख्य नहर टूट जाने से करीब 22 एकड़ खेत जलमग्न हुआ था। बाद मे पानी छोड़ने से और 7 एकड़ डूब गया। शनिवार को कोयल नदी के भीम बराज में पानी आया। रविवार को बायीं मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया। लेकिन जीरो से लेकर 3 किलो मीटर तक निमार्णाधीन नहर में कार्य नहीं होने के कारण कहीं कहीं झाड़ियां जंगल हो चुकी हैं। साथ ही सूखे घास व झलांस लगने के कारण नहर जाम हो गया है। नतीजा हुआ कि बराज का नहर में गेट खुलने के कुछ ही घंटे के भीतर लगभग दस फीट की लंबाई में नहर का बांध टूट कर बह गया। इस कारण कांडी प्रखंड क्षेत्र का भंडरिया गांव का करीब 22 एकड़ और मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के मोरबे गांव का 7 एकड़ खेत डूब गया। नहर निर्माण कार्य चार वर्षों से जारी है। लेकिन अभी तक अधूरा पड़ा है। जिस कारण भंडरिया से सुंडीपुर तक के किसानों को इस तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सरकार, सिंचाई विभाग व संवेदक की लापरवाही के कारण अभी तक नहर निर्माण एवं साइफन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। लोगों ने कहा कि अगर साइफन और नहर बन गया होता तो आज ऐसी नौबत नहीं आती। तीन दिन बीत जाने के बाद भी टूटे हुए बांध की मरम्मति एवं जाम पड़े नहर की सफाई की दिशा में कोई कार्रवाई शुरू भी नहीं की गई है।

## पेज एक का शेष

### बालक बुद्धि, फेल...

**कांग्रेस परजीवी बनकर रही :** पीएम मोदी मोदी ने कहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव हारी ही नहीं है बल्कि वह लगातार तीसरी बार 100 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है और जनता ने उस पर भरोसा नहीं करके विपक्ष में बैठे रहने का जनादेश दिया है। कांग्रेस को लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है और वह आत्ममंथन करने की बजाए 99 सीटें पाकर बहुत खुश नजर आ रही है। उसे यह आंकड़ा सहयोगी दलों के साथ गठबंधन के कारण मिली है। यदि कांग्रेस अपने बल पर चुनाव लड़ती और सहयोगी दलों का सहयोग उसे नहीं मिलता तो उसका आंकड़ा इससे बहुत पीछे होता। मोदी ने कहा- कांग्रेस ने झूठ को राजनीतिक हथियार बना लिया है। सहानुभूति हासिल करने के लिए एक नया नाटक शुरू कर दिया है।

### झारखंड में 8 तक ...

इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। आने वाले दो दिनों में तापमान में पांच डिग्री की कमी दर्ज की जायेगी। इसके बाद तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। ऐसे में राज्य का औसत तापमान 28 डिग्री तक होने की उम्मीद है।

**बारिश से किसानों में खुशी :** बारिश से खेतों में पानी भर गया है। सूखे नदी-नालों में भी पानी भर गये हैं। वर्षा के कारण जलडेगा बाजारटांड़ परिसर, मुख्य पथ, ब्लॉक गेट सहित कई स्थानों पर जल जमाव हो गया है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। सिमडेगा जिले के जलडेगा क्षेत्र में रात से हो बारिश हो रही है। इससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बारिश नहीं थमने के कारण वे धान का बिचड़ा नहीं कर पा रहे हैं।

### रिक्त सभी संवैधानिक ...

इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सूचना आयोग में सुनवाई के लिए हजारों मामले पेंडिंग हैं। 1 जुलाई को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से किये जा रहे विलंब पर हाईकोर्ट ने सख्त मौखिक टिप्पणी की थी। राज्य सरकार की ओर से एक माह से ज्यादा का समय मांगा जा रहा था। इसपर याचिकाकर्ता की ओर से आपत्ति जताने पर हाईकोर्ट ने टाइम फ्रेम की अवधि कम करने को कहा था। इसी आधार पर राज्य सरकार की ओर से 2 जुलाई को दोबारा शपथ पत्र दायर कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरा करने का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि नियुक्ति का मामला कैबिनेट में विचाराधीन है। इस प्रक्रिया को जल्द पूरा कर लिया जायेगा। साल 2020 में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बहुत जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। इस आधार पर कोर्ट ने याचिका को निष्पादित कर दिया था, लेकिन इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से पहल नहीं होने पर प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की थी।

### नेतृत्व परिवर्तन की...

उन्होंने कहा कि सीएम के कुछ कार्यक्रमों में बदलाव का मतलब सत्ता परिवर्तन के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी तक राज्य में नेतृत्व परिवर्तन जैसी कोई बात नहीं है। ज्ञात हो कि 31 जनवरी 2024 को गिरफ्तारी से पूर्व हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बैठक हुई थी। छह माह बाद फिर बैठक होने जा रही है। सूत्रों के अनुसार इसमें कैबिनेट विस्तार पर मुहर लगने की संभावना है। आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद से कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से मंत्री का एक पद रिक्त है। उनकी जगह इरफान अंसारी के नाम पर मुहर लगने की संभावना है।

# तीन गुना गति से करेंगे काम : प्रधानमंत्री

## देश को प्रगति पथ पर बढ़ने से अब कोई रोक नहीं सकता : मोदी

एजेंसी

▸▸ मुंह पर ताला लगाकर रक्षा रिफोर्म कर रही है सरकार

▸▸ पेपर लीक के दोषियों को कतई नहीं छोड़ा जायेगा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान देश को विश्वास दिलाया कि तीसरी बार चुनकर आने पर उनकी सरकार तीन गुना गति, शक्ति से काम करते हुए तीन गुना अधिक नतीजे लाएगी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि हम विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने युवाओं को आश्वासन दिया कि पेपर लीक से जुड़ी उनकी चिंताओं पर सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इस संबंध में कड़ा कानून बनाया गया है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत में भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण के मुद्दे पर विपक्ष को घेरते हुए बताया कि विकसित भारत क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत से लोगों के सपने पूरे होंगे और भविष्य की मजबूत नींव रखी जाएगी। देश में बढ़ते आत्मविश्वास और गौरव के भाव को प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि अब भारत आतंकवादियों को घर में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्षी दलों के सदस्य सदन के बीचों बीच आकर लगातार नारेबाजी कर रहे थे। मणिपुर के दूसरे सांसद को भी बोलने का मौका नहीं मिलने पर कांग्रेस, सपा और तृणमूल के नेता सदन में हंगामा करते रहे। लोकसभा अध्यक्ष के बार बार निर्देश और आग्रह को ठुकरा कर विपक्षी दल प्रधानमंत्री ने पूरे भाषण के दौरान व्यवधान पैदा करते रहे। इसकी अनदेखी कर प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल हर विषय पर अपनी बात रही बल्कि एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों का करारा जवाब भी दिया। प्रधानमंत्री ने अग्निवीर अन्य मुद्दों पर विपक्ष के बयानों झूठ बताया और कहा



कि देश की सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर वे विपक्ष की गालियां खाकर भी मुंह पर ताला लगाकर काम कर रहे हैं। उनकी सरकार रक्षा क्षेत्र में रिफोर्म कर रही है। उनकी सरकार सेना को भविष्य के युद्धों के लिए योग्य बनाने की दिशा में काम कर रही है। सेना में युवाओं की ताकत बढ़े इस दिशा में काम कर रही है। वहीं विपक्ष चाहता है कि नौजवान सेना में ने जायें। रक्षा रिफोर्म न हों। समझना होगा कि ऐसा करके ये किसके हितों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस झूठ फैला रही है। ये डिफेंस रिफॉर्म के प्रयासों को कमजोर करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। दरअसल कांग्रेस के लोग कभी भी भारतीय सेनाओं को ताकतवर होते हुए नहीं देख सकते। पेपर लीक के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने युवाओं का आश्वासन दिया कि सरकार इस दिशा में गंभीर है और इसे रोकने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। दोषियों को कतई नहीं छोड़ा जाएगा। सरकार पहले ही कड़ा कानून लेकर आ चुकी है।

## सांसदों का प्रथम दायित्व देशसेवा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक को संसद पुस्तकालय भवन के जीएमसी बालयोगी सभागार में संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सांसदों को उनके कर्तव्य निर्वहन का महामंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सांसदों का प्रथम दायित्व देशसेवा है। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को देश की सेवा करने, संसद में नियमों के आधार पर आचरण करने के साथ कई मंत्र दिए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने मीडिया को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ने सभी सासंदों का देश की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को शुभकानाएं देते हुए कहा कि सांसद किसी भी दल के हों, उनके लिए देश की सेवा प्रथम दायित्व है। देश को ऊपर रख कर काम करना है। किरण रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सासंदों के संसद में आचरण पर भी मार्गदर्शन दिया। प्रधानमंत्री ने हर एक सासंद को अपने -अपने क्षेत्र के विषय को प्रभावी तरीके से रखने के साथ नियम के मुताबिक आचरण करने की सलाह दी। इसके साथ उन्होंने संसादों को अपनी- अपनी रुचि में महारत विकसित करने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने एनडीए के सभी सांसदों से आग्रह किया है कि वे सदन के नियमों और लोकतंत्र की परंपरा के अनुरूप आचरण करें। खासकर पहली बार चुन कर आए सांसदों को सदन के नियमों के अनुरूप आचरण करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि अच्छा सांसद बनने के लिए नियमों की जानकारी के साथ तथ्यों के साथ अपनी बातों को सदन में रखना चाहिए। किरण रिजिजू ने बताया कि बैठक में एनडीए के सभी दलों के बीच अच्छा समन्वय देखने को मिला। बैठक में एनडीए के सभी साथी सम्मलित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सासंदों से परिवार सहित प्रधानमंत्री संग्रहालय में जाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों को देश के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को जानना चाहिए और उनसे सीखना चाहिए। इसके साथ सासंदों को बेवजह बयानबाजी से बचने की सलाह भी दी।

## सूर्य की दूसरी कक्षा में पहुंचा आदित्य एल-वन

एजेंसी

▸▸ सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में 178 दिन लगे

▸▸ 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा से किया गया था लॉन्च

नयी दिल्ली। देश के पहले सूर्य मिशन, आदित्य एल-1 को लेकर अच्छी खबर है। मंगलवार को आदित्य एल-1 ने सूर्य के पहले प्रभामंडल कक्षा का पूरा एक चक्कर लगा लिया है और दूसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया है। आदित्य एल-1 को सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में 178 दिन लगे। मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि आदित्य-एल-1 ने सूर्य-पृथ्वी एल-1 बिंदु के चारों ओर अपनी पहली प्रभामंडल कक्षा का पूरा एक चक्कर लगा लिया है। इस कक्षा में आदित्य एल-1 को 6 जनवरी को स्थापित किया गया था, इस उपलब्धि को पूरा करने में उसे 178 दिन लगे। इसरो ने कहा कि मंगलवार को अंतरिक्ष यान को स्टेशन-कीपिंग पैंतरेबाजी की मदद से सूर्य के दूसरी प्रभामंडल कक्षा में आसानी से स्थापित कर दिया गया। यह कामयाबी इसरो द्वारा विकसित उड़ान गतिशीलता सॉफ्टवेयर की सफलता को सत्यापित करता है। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल-1 को 2 सितंबर-2023 को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी57 द्वारा लॉन्च





किया गया था। 6 जनवरी को इसे लैग्रेंज प्वाइंट पर पहली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। मिशन का प्राथमिक उद्देश्य सौर वायुमंडल, विशेष रूप से क्रोमोस्फीयर और कोरोना का अध्ययन करना है और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सौर फ्लेयर्स और सौर कोरोना की रहस्यमय हीटिंग जैसी घटनाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना है। बता दें कि आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान की कक्षा एक आवधिक हेलो कक्षा है जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर निरंतर गतिशील सूर्य-पृथ्वी रेखा पर स्थित है, जिसकी परिक्रमा अवधि लगभग 177.86 पृथ्वी दिन है। यह हेलो कक्षा एल1 पर एक आवधिक, त्रि-आयामी कक्षा है जिसमें सूर्य, पृथ्वी और एक अंतरिक्ष यान शामिल है। इस विशिष्ट हेलो कक्षा का चयन 5 वर्ष का मिशन जीवनकाल सुनिश्चित करने, स्टेशन-कीपिंग पैंतरेबाजी को कम करने और इस प्रकार ईंधन की खपत को कम करने और सूर्य का निरंतर, अबाधित दृश्य सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। एल1 प्वाइंट पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है।

## मेरे भाषण के अंश हटाना संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ : राहुल गांधी

एजेंसी

**कहा- जो कहना था मैंने कह दिया, वे जितना चाहें मिटा लें**

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही से उनके भाषण के अंश हटाने पर हैरानी व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है। श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी जी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है। परंतु वास्तव में सत्य को मिटाया नहीं जा सकता। मुझे जो कहना था मैंने कह दिया, वे जितना चाहें मिटा लें। सत्य तो सत्य है। उन्होंने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी इस बारे में एक पत्र लिखा और कहा कि मैं आपको एक जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मेरे भाषण से निकाली गई टिप्पणियों और अंशों के संदर्भ में यह पत्र लिख रहा हूं। मेरी टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाना संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है। मैं यह देखकर स्तब्ध हूं कि जिस तरह से निष्कासन की आड़ में मेरे भाषण



का काफी हिस्सा कार्यवाही से हटा दिया गया है। श्री गांधी ने कहा कि निकाले गए अंश नियम 380 के दायरे में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि सदन का प्रत्येक सदस्य जो लोगों की सामूहिक आवाज का प्रतिनिधित्व करता है ,वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 105 (1) में निहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और सदन के पटल पर लोगों की चिंता उठाना प्रत्येक सदस्य का अधिकार है।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों के प्रति अपने दायित्वों का पालन करते हुए मैंने इन शब्दों का सोच समझकर सदन में प्रयाग किया है।

## हाथरस हादसे के दोषी कोई भी हो, नहीं बचेगा : योगी

**सीएम ने जांच कमेटी गठित की, 24 घंटे में मांगा रिपोर्ट**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को हाथरस जाएंगे। इस पूरे घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री योगी नजर बनाए हुए हैं। वह प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों, मुख्य सचिव और डीजीपी समेत अन्य अधिकारियों को पहले ही घटना स्थल पर भेज चुके हैं। उन्होंने हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है। कमेटी को 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने को निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी अपने सरकारी आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि घटना में दोषी कोई भी हो, बचेगा नहीं। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह घटना स्थल पर भेजे गए तीनों मंत्रियों लक्ष्मीनारायण, संदीप सिंह, असीम



अरुण, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के सम्पर्क में बने हुए हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री स्वयं हाथरस जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना के संबंध में फोन पर मुख्यमंत्री योगी से बात की है। उन्होंने भी घटना पर शोक व्यक्त किया है। हाथरस में मंगलवार को सत्संग में भगदड़ से 107 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है। मौत का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है।

## मुंबई दंगों का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में 1993 में हुए दंगों में कथित रूप से शामिल 65 वर्षीय एक व्यक्ति को 31 साल तक फरार रहने के बाद यहां गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सैयद नादिर शाह अब्बास खान को रफी अहमद किदवई मार्ग थाने की टीम ने सोमवार को शिवडी इलाके से पकड़ा। शहर में दंगों के दौरान हत्या की कोशिश एवं अवैध रूप से एकत्र होने के मामले में खान आरोपी है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद को गिराए जाने के बाद शहर में दंगे भड़क गए थे। अधिकारी ने बताया कि खान को पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और वह जमानत हासिल करने के बाद कभी भी अदालत की कार्यवाही में शामिल नहीं हुआ। अधिकारी के मुताबिक, अदालत ने खान को वांछित आरोपी घोषित कर दिया था।

## केजरीवाल की याचिका पर सीबीआइ को नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सीबीआई को इस मामले में 17 जुलाई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। सीएम केजरीवाल इस समय भ्रष्टाचार मामले में फिलहाल 14 दिन (12 जुलाई तक) तक न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और उसके बाद एजेंसी की हिरासत की वैधता पर सवाल उठाया। 26 जुलाई को सीएम केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान सीबीआई ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें



पूछताछ के लिए तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। पिछले हफ्ते तिहाड़ जेल में केंद्रीय एजेंसी की ओर से सीएम केजरीवाल से पूछताछ किए जाने के बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश करने की सीबीआई को अनुमति दी गई थी। हाल ही में, दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में सीएम केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## छत्तीसगढ़ में सात नक्सली मारे गये

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके नारायणपुर के कोहकामेटा के जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गये। पुलिस ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र सीमा पर अबुझमाड़ के कोहकामेटा के जंगलों में मुठभेड़ हुई है। वहीं, मौके से एक वदीर्धारी नक्सली का शव भी बरामद किया गया है। मुठभेड़ अबूझमाड़ में कोहकामेटा थानाक्षेत्र के जंगलों में उस समय हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर था। दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है तथा इस मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की खबर है। मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मियों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि नारायणपुर में लगातार सुरक्षा बलों की तरफ से नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है।सुरक्षाबलों ने 30 अप्रैल को मुठभेड़ में यहां 10 नक्सली, 23 मई को 8 नक्सलियों और 15 जून को नक्सल एनकाउंटर में 8 नक्सलियों को मार गिराया है।

## भोले बाबा का विवादों से रहा है पुराना नाता

एजेंसी

**हथरस हादसा**

▸▸ बाबा ने 17 साल पहले पुलिस विभाग की नौकरी छोड़कर शुरू किया था सत्संग

▸▸ कोरोना के समय भी विवादों में आया था सत्संग

**हाथरस।** विश्व हरि भोले बाबा को अनुयायी भोले बाबा के नाम से पुकारते हैं। इनका विवादों से पुराना नाता रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कासगंज जिले के पटियाली स्थित बहादुर नगर के रहने वाले साकार विश्व हरि भोले बाबा ने 17 साल पहले पुलिस विभाग से नौकरी छोड़कर सत्संग शुरू किया था। भोले बाबा के अनुयायी उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान और मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में हैं। भोले बाबा और उनके अनुयायी मीडिया से दूरी बनाए रखते हैं। भोले बाबा के एक भक्त ने बताया कि उनके जीवन में कोई गुरु नहीं है। वीआरएस लेने के बाद उन्हें अचानक भगवान से साक्षात्कार हुआ और उसी समय से उनका झुकाव आध्यात्म की ओर हो गया। भगवान की प्रेरणा से उन्होंने जान लिया कि यह शरीर उसी परमात्मा का अंश है। उनका असली नाम सूरज पाल है। वो कासगंज के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि हर मंगलवार को वो सत्संग करते हैं। अभी मैनपुरी में सत्संग हुआ है। इसके बाद यहां शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि कोरोना के समय भी भोले बाबा का सत्संग कार्यक्रम विवादों में आया था। तब उन्होंने अपने सत्संग के लिए सिर्फ 50 लोगों के शामिल होने की अनुमति मांगी थी, लेकिन बाद में 50 हजार से ज्यादा लोग उनके सत्संग में आ गए। भारी भीड़ के चलते प्रशासनिक व्यवस्था



चरमरा गई थी। सत्संग में शामिल होने पहुंचे एक परिवार के लोगों ने बताया कि हाथरस जनपद में सिकंदराराऊ थाना अंतर्गत फुलरई मुगलगढ़ी के एक खेत में साकार हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। वहां पर बच्चों के साथ महिलाएं और पुरुष बाबा का प्रवचन सुन रहे थे। सत्संग खत्म हुआ, बाबा के अनुयायी बाहर सड़क की ओर जाने लगे। बताया जा रहा है कि लगभग 50 हजार की संख्या में अनुयायियों को सेवादारों ने जहां थे, वहीं रोक दिया। सेवादारों ने साकार हरि बाबा के काफिले को वहां से निकाला। उतनी देर तक वहां अनुयायी गर्मी और उमस में खड़े रहे। बाबा के काफिले के जाने के बाद जैसे ही सेवादारों ने अनुयायियों को जाने के लिए कहा, वहां भगदड़ की स्थिति बन गई और यह हादसा हो गया।

## वरूण धवन को पसंद आयी कल्कि 2898 एडी



**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन को फिल्म कल्कि 2898 एडी बेहद पसंद आयी है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टार्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच वरूण धवन ने भी 'कल्कि 2898 एडी' की तारीफ की है। धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि कल्कि वह सब कुछ है, जिसका सपना हमने भारतीय सिनेमा के लिए देखा था। हर फ्रेम अद्भुत है।

## स्पीड न्यूज

### संघ प्रमुख भागवत ने की मां विंध्यवासिनी की पूजा-अर्चना



**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां विंध्याचल में विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर पूजन किए। उनके यहां पहुंचने से पहले धार्मिक अनुष्ठान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। दर्शन पूजन का सारा कार्यक्रम स्थानीय भाजपा विधायक एवं धाम के पुरोहित रत्नाकर मिश्र एवं उनके साथियों की टीम ने सम्पन्न कराया गया।

### नेपाली पीएम प्रचंड का इस्तीफा देने से इंकार

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के अल्पमत में आने के बाद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने मंगलवार को इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है। उन्होंने बहुमत खोने के बाद सत्ता छोड़ने के बजाय संसद में विश्वास मत हासिल करने की बात कही है। दरअसल, सोमवार रात को सरकार के प्रमुख दल नेकपा एमाले और प्रमुख प्रतिपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के हाथ मिलाने के बाद अल्पमत में आ गए प्रचंड ने आज कहा कि वो अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में प्रचंड ने माओवादी पार्टी की सचिवालय बैठक बुलाई थी। इसी बैठक में प्रधानमंत्री ने पद से इस्तीफा नहीं देने का निर्णय लिया। इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पार्टी महासचिव देव गुरुंग ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक प्रचंड संसद में विश्वास का मत हासिल करेंगे। इसके लिए 30 दिन का समय है।

### पाकिस्तान में नौ आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अभियानों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर केपी के खैबर और लक्की मारवात जिलों में अभियान चलाया। अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये। लक्की मारवात जिले में एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया।

### रूसी हमले में 5 यूक्रेनी लड़ाकू विमान हुए नष्ट

**मॉस्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने सोमवार को यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र में एक हवाई क्षेत्र पर मिसाइल हमला किया, जिसमें पांच यूक्रेनी एसयू-27 लड़ाकू विमान नष्ट हो गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस्कैंडर-एम ऑपरेशनल-टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के हमले ने मायरहोरोड हवाई क्षेत्र में विमान पार्किंग क्षेत्र को निशाना बनाया तथा यूक्रेनी सशस्त्र बलों से संबंधित पांच एसयू-27 लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया।

### बारामुला में आतंकी का सहयोगी गिरफ्तार

**बारामुला।** सुरक्षाबलों ने मंगलवार को बारामुला जिले में लश्कर संगठन से जुड़े एक आतंकवादी सहयोगी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इको पार्क क्रॉसिंग क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधि के बारे में एक विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए बारामुला पुलिस और सेना की 46 आरआर द्वारा एक संयुक्त गश्त की गई। गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पैदल सुरक्षाबलों के गश्ती दल की ओर आते देखा गया। जब संदिग्ध ने सुरक्षा बलों को देखा तो भागने का प्रयास किया लेकिन गश्ती दल ने उसे तुरंत पकड़ लिया।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!